✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 103 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 8 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




सिवान में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल होते सीएम नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा नदी में डूबी दो सगी बहनें

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत काली मंदिर घाट पर रविवार की सुबह दो सगी बहनें गंगा नदी में नहाते हुए डूब गईं जबकि उनके साथ नहा रहीं दो बच्चियां बाल-बाल बच गयीं। मृतक छात्रा नवटोलिया गांव निवासी बाबुल झा की पुत्री मौसम कुमारी व परी कुमारी थीं। दोनों के शवों की तलाश की जा रही है।

### पुलिस हिरासत में युवक की मौत पर बवाल

**हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले के राजापाकर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर हमले के एक आरोपित मोहम्मद निसार खान की हिरासत में मौत हो गई। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से उसकी जान गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। मामले की जांच के लिए मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं।

### खपरैल की चाली ढहने से दो मासूमों की मौत

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गंदर पंचायत अंतर्गत काली पहाड़ी टोला में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। आधी रात करीब 12 बजे खपरेल की चाली अचानक ढह गई जिसके मलबे में दबकर दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चंदन तुरी की पुत्री तुलसी कुमारी और पुत्र किशन कुमार के रूप में हुई है। हादसे में बच्चों की मां और नानी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

### राजपा ने 105 विस सीटों पर की उम्मीदवारों की घोषणा

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी की ओर से अभियंता भवन में रविवार को राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। इसका शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र सहनी ने किया। इस दौरान सहनी ने 105 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। कहा कि हमारी पार्टी 243 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा, नंदकिशोर चौधरी, सचिन आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक दिल्ली में 9 से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन में सीट बंटवारा को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। बावजूद कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसके लिए दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक प्रस्तावित है। अभी तय नहीं है कि कांग्रेस किन-किन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ऐसे में संभावना है कि सीटिंग सीटों के अलावा संभावित मजबूत सीटों पर प्रत्याशी के नाम पर कमेटी की बैठक में विचार किया जाए।

### मुख्यमंत्री ने महिला रोजगार योजना से संबंधित जागरुकता वाहनों को दिखाई हरी झंडी

# महिलाओं के विकास के प्रति राज्य सरकार समर्पित : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' से संबंधित आवेदन प्राप्ति की प्रक्रिया तथा नगर क्षेत्र के लिए ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने योजना से संबंधित आवेदन प्रपत्र का विमोचन भी किया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों एवं चलायी जा रही योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री ने 1, अणे मार्ग परिसर से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' से संबंधित 250 जागरुकता वाहनों को हरी



झंडी दिखाकर रवाना किया। इन सभी जागरूकता वाहनों के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न इलाकों में जीविका संपोषित संकुल स्तरीय संघों द्वारा चिन्हित स्थानों पर वीडियो के माध्यम से अगले 20 दिनों तक जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार महिलाओं के विकास के प्रति समर्पित है। हमलोगों ने वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं तथा वर्ष 2007 में नगर निकाय के चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया। विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया गया। इसका परिणाम है कि अब 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों की संख्या हो गई है, जिनसे 1 करोड़ 40 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। हमलोगों ने वर्ष 2024 में शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन शुरू कराया, जिसकी संख्या अब तक 37 हजार हो चुकी है, जिनसे 3 लाख 85 हजार जीविका दीदियां जुड़ चुकी (शेष पृष्ठ 11 पर)

# मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर आज रविवार की सुबह कोबरा बटालियन के सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली अमित हांसदा मारा गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी है। मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान के दौरान एक नक्सली का शव बरामद किया गया है। साथ ही एक एसएलआर राइफल सहित कई हथियार बरामद किया गया है। कोल्हान के डीआइजी नुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि आज सुबह-सुबह नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच बुर्जुवा पहाड़ी पर मुठभेड़ हुई। मारे गये नक्सली की पहचान अमित हांसदा उर्फ अप्टन के रूप में हुई है जो भाकपा (माओवादी) का स्वयंभू जोनल कमांडर था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था। अमित हांसदा के खिलाफ



95 से अधिक मामले दर्ज थे। साथ ही वह करीब एक दर्जन पुलिस कर्मियों और आम नागरिकों की हत्या में शामिल था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि चाईबासा के पुलिस अधीक्षक को गोइलकेरा थाना क्षेत्र के रेलापारल इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों की टीम ने सुबह तलाशी अभियान चलाया। आज सुबह करीब 6 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। इसी बीच सुरक्षा बलों के भारी पड़ने पर नक्सली घने जंगलों में भाग गये।

# पटना में पहली बार मेट्रो ट्रेन का स्टेशन पर ट्रायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना मेट्रो ट्रेन का पहली बार स्टेशन पर ट्रायल किया गया। रविवार को मेट्रो रेड लाइन पर दौड़ी। डिपो से निकलकर मेट्रो न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से भूतनाथ स्टेशन तक दौड़ी। इस दौरान स्पीड, सिग्नलिंग सिस्टम और ट्रैक की सुरक्षा से जुड़ी सभी चीजों की जांच हुई। डिपो में सफल ट्रायल के बाद पहली बार रेड लाइन पर मेट्रो चली। 3 सितंबर को डिपो में ट्रैक पर मेट्रो का ट्रायल हुआ था। जब मेट्रो डिपो से निकलकर स्टेशन की पटरियों पर दौड़ी तो सड़क पर देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। इस दौराफसड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई। पटना में मेट्रो के संचालन से लोगों को जाम से बड़ी राहत मिलेगी। ट्रैफिक की समस्या से निपटने में भी कारगर साबित होगी। बता दें पटना मेट्रो रेड लाइन (प्राथमिक कॉरिडोर) के सभी स्टेशनों पर पर्याप्त और व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। वहीं स्टेशन के समीप से जल्द अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। इसके साथ ही यात्रियों की संख्या बढ़ने पर भीड़ प्रबंधन की सख्त रणनीति अपनाई जाएगी। पटना मेट्रो का शुभारंभ इस माह के अंत तक होना संभावित है। गुरुवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जीरो माइल स्टेशन सहित रेड लाइन का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा था कि जीरो माइल के समीप मेट्रो से आवागमन करने वाले यात्रियों का वाहन कैसे पार्क हो, इस संबंध में कार्य योजना बनाने की जरूरत है ताकि वाहन पार्क होने पर ट्रैफिक कि समस्या उत्पन्न नहीं हो।

# बिहारी कहलाने में गौरव महसूस करते हैं गिरमिटिया समाज के लोग : संजय मयूख

### गिरमिटिया महोत्सव 2025 में शामिल हुए मॉरीशस, फिजी, गुयाना, त्रिनिनाद, दक्षिण अफ्रीका आदि के प्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतवंशी गिरमिटिया मजदूरों के वंशज आज दुनिया के कई देशों में प्रधानमंत्री, मंत्री, राष्ट्रपति और अन्य कई महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान हैं। अंग्रेजों से गुलामी के दौर में मॉरीशस, फिजी, गुयाना, त्रिनिनाद, दक्षिण अफ्रीका, जैसे देशों में एक गुलाम के रूप में गए भारत वंशी मजदूर आज इन देशों के मालिक बने हुए हैं.हमारी भारतीय संस्कृति की सनातन जीवनी शक्ति का परिणाम है गिरमिटिया समाज की गौरव गाथा। उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने छठवें गिरमिटिया महोत्सव 2025 के अवसर पर दिल्ली स्थित महाराजा अग्रसेन कॉलेज के सभागार में कही। उन्होंने भारत और इन



देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को निरंतर बढ़ाने और मजबूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजीव तिवारी ने विभिन्न देशों से आए हुए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस संघर्ष और पराक्रम की गाथा को नई पीढ़ी में पहुंचाने की जरूरत है। दक्षिण अफ्रीका के उच्चायुक्त अनिल सुखलाल ने कहा कि साझी विरासत को बचाकर रखने की जरूरत है। मॉरीशस के पूर्व मंत्री एवं राजदूत श्री मुखेश्वर चुन्नी ने बताया कि हमारी सातवीं पीढ़ी अभी चल रही है हमारे पूर्वज बिहार के आरा जिले से थे उन्होंने अपने पूर्वजों से सुनी गई दास्तान को सुनाकर सभी के मन मस्तिष्क को मर्माहत कर दिया। बिहार विधान परिषद सदस्य एवं राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने अपनी बात भोजपुरी में रखते हुए कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक महोत्सव नहीं है बल्कि करोड़ों हिन्दुस्तानियों की भावना है और भारत के प्रति गिरमिटिया लोगों के लगाव का अद्‌भुत उदाहरण है। भविष्य में यह आयोजन बिहार में कराने की बात भी कही। उन्होंने कहा, क्योंकि अधिकतर गिरमिटिया बिहार से थे और उनके वंशज आज भी खुद को बिहारी कहलाने में गौरव महसूस करते हैं। वहीं फाउंडेशन के संरक्षक एवं भाजपा प्रवक्ता डॉ धनंजय गिरि ने गिरमिटिया इतिहास का जिक्र करते हुए (शेष पृष्ठ 11 पर)

# दुरुस्त होगी सड़क और बिजली व्यवस्था

### सीएम नीतीश कुमार ने सिवान को दी 558 करोड़ की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिवान।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को एक दिवसीय दौरे पर सीवान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 558.35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कुल 9 बड़ी योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री सीवान के पचरुखी प्रखंड के नारायणपुर और पपौर गांव के दौरे पर पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार इस दिन सीएम का काफिला सबसे पहले नारायणपुर मोड़ (पचरुखी बाईपास) पहुंचा जहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सड़क विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें प्रमुख 120.48 करोड़ से 13.8 किमी पचरुखी बाईपास मोहम्मदपुर मोड़ से छपिया-टेढ़ीघाट-गोपालपुर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण है। साथ ही इसमें 18.26 करोड़ से 4.9 किमी भंटापोखर-जीरादेई पथ (वाया जामापुर बाजार) का चौड़ीकरण भी शामिल है। वहीं 67.47 करोड़ की लागत से 16.25 किमी सीवान-आंदर पथ का चौड़ीकरण व 92.16 करोड़ से सीवान यार्ड से पचरुखी रेलवे स्टेशन के बीच रेल



ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री नारायणपुर के बाद मोहम्मदपुर मोड़ (एनएच 531) से छपिया-टेढ़ीघाट-गोपालपुर पथ का निरीक्षण करने पहुंचे। उसके बाद पपौर गांव में उन्होंने जीविका दीदियों, पेंशन लाभार्थियों, ममता और आशा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और फिर पटना के लिए रवाना हो गए। इन योजनाओं के पूरा होने से सीवान जिले की सड़क और बिजली व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### महिला रोजगार योजना ऐतिहासिक : उमेश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया के शुभारंभ पर कहा कि नीतीश सरकार की ओर से यह ऐतिहासिक पहल महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम है। साथ ही यह योजना प्रदेश की आर्थिक क्रांति का एक सशक्त वाहक बनकर बिहार के समग्र विकास को नए आयाम प्रदान करेगी। कुशवाहा ने रविवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों मेंमहिला सशक्तीकरण का अनूठा उदाहरण स्थापित किया है जिसकी गूंज आज देशभर में सुनाई देती है। उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री उक्त योजना की शुरुआत की है। यह आनेवाले समय में प्रदेश की आधी आबादी के सपनों को नई उड़ान देगी। यह योजना परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती प्रदान करेगी और गरीबी उन्मूलन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

# निजीकरण का विरोध करेंगे ग्रामीण बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार ग्रामीण बैंक के अधिकारी और कर्मचारी बैंक के निजीकरण का विरोध करेंगे। ग्रामीण बैंक गरीब ग्रामीण जनता, बीपीएल और छोटे कारोबारी की आर्थिक सामाजिक प्रगति तथा ग्रामीण रोजगार सृजन के लिए कार्य करते रहा है। इसके 22 हजार शाखाओं में से 90 फीसदी गांव में कार्यरत हैं तथा सकल ऋण में 80 फीसदी प्राथमिकता क्षेत्र में निवेश है। जनधन खाते खोलने व सरकारी आर्थिक कार्यक्रमों की सफलता में अभूतपूर्व योगदान कर रहा है। रविवार को ये बातें ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव डीएन त्रिवेदी ने कही। वे बेली रोड स्थित किसान पैलेस में बिहार ग्रामीण बैंक इम्प्लाइज फ़ेडरेशन और बिहार ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स फ़ेडरेशन के संयुक्त प्रथम त्रैवार्षिक अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। वहीं, मुख्य अतिथि ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन के महासचिव जीजी गांधी ने बताया कि ग्रामीण बैंक कर्मियों को अन्य भत्ते के लिए प्रायोजक बैंक स्तर पर पहल करनी पड़ती थी।






# सीएम नीतीश कुमार कल सासाराम आयेंगे

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** सासाराम में ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों को जल्द ही बड़ी राहत मिलने वाली है। नौ सितंबर को सीएम नीतीश कुमार एनएच-319 स्थित लकड़ी मोड़ के समीप नये बस स्टैंड का आधारशिला रखेंगे। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज कर दी गयी है। अधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि पिछले दिनों जिले में प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कोचस में अंतरराज्यीय बस पड़ाव और एनएच-319 पर बाइपास रोड निर्माण की घोषणा की थी। अंतरराज्यीय बस पड़ाव का 2.67 करोड़ की लागत से निर्माण होगा। श्री सिंह ने बताया कि इसके निर्माण से नगरवासियों को एक साथ कई समस्याओं से राहत मिलेगी। इधर, इससे नगरवासियों में भी खुशी का माहौल बना हुआ है। लोगों ने बताया कि सासाराम-चौसा पथ पर ऊपरी पुल के निर्माण के कारण बक्सर रोड में स्थित बस पड़ाव अत्यधिक संकीर्ण हो गया था। बस पड़ाव के निर्माण से लंबी दूरी की बसें आम लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध होगी। नौ सितंबर को मुख्यमंत्री इस बस पड़ाव की नींव रखने वाले हैं। इसे लेकर डीएम उदिता सिंह, एसपी रौशन कुमार समेत जिले के अन्य अधिकारी लगातार स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं।




बिहार सरकार

**अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस**
(08 सितम्बर, 2025)

मुख्यमंत्री
बिहार

## संदेश

समाज से निरक्षरता उन्मूलन के संकल्प के प्रति दृढ़निष्ठा प्रकट करने के लिए प्रत्येक वर्ष **08 सितम्बर** को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है।

निरक्षरता उन्मूलन की दिशा में बिहार सरकार द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। बिहार में शिक्षा पर व्यय का स्तर विगत कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। शिक्षा विभाग का कुल बजट वर्ष 2018–19 में 32,120 करोड़ था, जो वर्ष 2025–26 में बढ़कर 73,058 करोड़ हो गया है, जो राज्य के कुल बजट का लगभग 20 प्रतिशत है।

निरक्षरता उन्मूलन एवं उत्तम गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए बिहार सरकार द्वारा शिक्षा पर व्यय को लगातार बढ़ाया जा रहा है। इस क्रम में अक्षर आँचल योजना, मुख्यमंत्री साईकिल–पोशाक योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन–छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आदि के माध्यम से राज्य में सम्पूर्ण साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास जारी है।

निरक्षरता उन्मूलन में सरकार के साथ–साथ राज्य के सभी शिक्षित वर्गों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं के सहयोग की अपेक्षा की जाती है। वर्णित परिप्रेक्ष्य में 59 वें अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राज्य की जनता एवं सभी वर्गो, यथा–लेखकों, बुद्धिजीवियों, मीडियाकर्मियों, रंगकर्मियों एवं शिक्षित लोगों से मेरी अपील है कि बिहार को संपूर्ण साक्षर बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे।

**(नीतीश कुमार)**

PR No.- 013507 (Education) D. 2025-26

# शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें नए-नए प्रयोग ढूंढने चाहिए : राज्यपाल

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर एक दिवसीय वार्षिक फिजियोथेरेपी सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स, बिहार शाखा द्वारा विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय सीआरसी भवन में एक दिवसीय वार्षिक फिजियोथेरेपी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राज्य भर से आए विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट्स, चिकित्सा विशेषज्ञ एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अश्वनी कुमार चौबे, आइजीआइएमएस के निदेशक सह कुलपति डॉ. बिन्दे कुमार, एनआईएलडी, कोलकाता के निदेशक डॉ. ललित नारायण, सीआरसी की निदेशक प्रियदर्शनी गुप्ता, आईएपी बिहार के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पांडेय, सचिव डॉ.




उमाशंकर सिन्हा, कार्यक्रम के आयोजक सचिव डॉ. अखिलेश झा, डॉ. अविनाश भारती एवं मीडिया प्रभारी डॉ. मृत्युंजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपने संबोधन में कहा कि फिजियोथेरेपी आज स्वास्थ्य सेवाओं का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। स्वस्थ्य शरीर के बिना ब्रह्म ज्ञान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर सुधार होना चाहिए। हमें नए - नए प्रयोग ढूंढने चाहिए शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए। हमें अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। वहीं अपने संबोधन में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने कहा कि फिजियोथेरेपी न केवल रोगियों को स्वस्थ जीवन प्रदान करती है बल्कि समाज में विकलांगता की रोकथाम और पुनर्वास की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। ऐसे सम्मेलन ज्ञान-विनिमय का माध्यम बनकर आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करते हैं जबकि अन्य वक्ताओं ने भी अपने संबोधन में फिजियोथेरेपी की महत्ता को बताया। कार्यक्रम में बिहार की पहली महिला फिजियोथेरेपिस्ट्स डॉ. शांति सिन्हा को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विशेषज्ञों ने आधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीक, रोग निवारण और मरीजों के पुनर्वास पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स, बिहार के मीडिया प्रभारी डॉ. मृत्युंजय कुमार ने कहा कि विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर आयोजित यह सम्मेलन न केवल चिकित्सकों के लिए उपयोगी है, बल्कि समाज में फिजियोथेरेपी की महत्ता को भी व्यापक स्तर पर उजागर करता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम विषय था वृद्धावस्था में स्वास्थ्य देखभाल फिजियोथेरेपी के माध्यम से। वहीं मीडिया सह प्रभारी डॉ. स्नेहा सुमन ने बताया कि वृद्धावस्था में इंसान किस तरह स्वतंत्र रूप से अपनी दिनचर्या को निभा सकता है और स्वास्थ्य को ठीक रख सकता है इसमें फिजियोथेरेपिस्टों की भूमिका अहम होती है। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार सुमन, डॉ. हिमेन्दु सिंह, डॉ. निरंजन कुमार, डॉ. प्रियदर्शी कुमार, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. विधाभूषण, अनिरुद्ध कुमार, डॉ. रोशनी पाण्डेय, डॉ. दसप्रीत कौर, डॉ. रीना श्रीवास्तव, डॉ. कुमार गौरव, डॉ. अमरेश महर्षि, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. अमर कुमार, डॉ. रवि, डॉ. खुशबू, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अमरनाथ साह सहित बड़ी संख्या में फिजियोथेरेपिस्ट्स, चिकित्सा विशेषज्ञ, छात्र और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण हेतु हरित विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा माह जुलाई, 2025 में राज्य में स्थित विद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और हरित प्रथाओं को विकसित करने तथा विद्यालयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किये जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देय से एक हरित विद्यालय प्रतियोगिता-2025 आयोजित की गई थी। स्व-मूल्यांकन के आधार पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालयों के लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न क्षेत्रों यथा- ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा संरक्षण, इको-क्लब का संचालन, वृक्षारोपण, ग्रीन कवर क्षेत्र, सामाजिक दायित्व के तहत नदी, झील, पोखर, पार्क, ट्रैफिक गोलम्बर आदि का रख-रखाव, सामान्य साफ-सफाई, प्लास्टिक मुक्त परिसर, कागज का जगह ई.डायरी, ई. फाइल का उपयोग, ई.वेस्ट प्रं-बधन, सोलर लाइट का उपयोग आदि पर अंक निर्धारित किए गये थे। राज्य के 22 विद्यालयों द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग लिया। 1 अगस्त से स्वमूल्यांकन के प्राप्तांक के आधार पर शीर्ष 10 विद्यालयों का सत्यापन राज्य पर्षद् की दो सदस्यीय दल द्वारा किया गया। हरित विद्यालय प्रतियोगिता में पुरस्कार हेतु चयनित विद्यालयों में प्रथम स्थान पाने वाले पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय न-01, कंकड़बाग के अधिकांश छात्र-छात्राएं साइकिल से विद्यालय आते हैं।

# नोट्रेडेम एकेडमी ने किया शिक्षकों को सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नोट्रे डेम एकेडमी, पटना की अभिभावक-शिक्षक संघ 2025-26 ने विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मैरी नेहा एवं अन्य सिस्टर्स के मार्गदर्शन में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना था जिन्होंने नन्हें-मुन्नों के मन और भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीटीए अध्यक्ष डॉ. स्मृति पासवान ने मनोरंजक गतिविधियों और रोचक खेलों की व्यवस्था की। वहीं मेघा, डॉ. रितु, डॉ. महविश, अंतरा मित्रा, डॉ. प्रियंका, डॉ. नम्रता तथा अन्य सदस्यों ने मिलकर पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया जिससे शिक्षकों को आराम करने



और अपने विशेष दिन का उत्सव मनाने का अवसर मिला। कार्यक्रम का समापन प्राथमिक शिक्षिका प्रतिनिधि रूपा सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सहयोग को भविष्य की पीढ़ी के निर्माण में अत्यंत आवश्यक बताया। यह समारोह एन.डी.ए. परिवार में कृतज्ञता, सम्मान और एकता की अविस्मरणीय छाप छोड़ गया।

### संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# राज्य में हुआ बड़े पैमाने पर सड़कों व पुल-पुलियों का निर्माण : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/सिवान।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सिवान जिला के पचरुखी प्रखंड के पपौर ग्राम में डी0वी0एम0 ग्लोबल स्कूल के परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे प्रगति यात्रा की योजनाओं के स्थल भ्रमण एवं शिलान्यास के लिए सिवान जिला के बड़हरिया में आने तथा आपसे बातचीत करने का मौका मिला है। बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में आप सब लोग उपस्थित हैं। मैं आपका अभिनंदन करता हूं। आप सब



जानते हैं कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। पहले बहुत बुरा हाल था। कांग्रेस और राजद की सरकार ने कोई काम नहीं किया। कुछ दिनों के लिए हम उनके साथ थे, लेकिन जब वे गड़बड़ करने लगे तो हम उनसे अलग हो गए। भाजपा और जदयू का पुराना संबंध है। हमलोग साथ मिलकर राज्य और देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमलोग हमेशा साथ रहेंगे जब 24 नवंबर, 2005 को एन0डी0ए0 की सरकार बनी थी, तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुये हैं। राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। शुरू से ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। सात निश्चय के तहत हर घर तक बिजली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय तथा टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा हो गया है। वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया था। अभी तक युवाओं को 10 लाख नौकरी एवं 39 लाख रोजगार दे दिया गया है। चुनाव से पहले ही 50 लाख से अधिक नौकरी एवं रोजगार दे दिया जायेगा। अब तय किया है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी / रोजगार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार का बजट लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2005-06 में नयी सरकार बनने के समय राज्य का बजट मात्र 28 हजार करोड़ रुपये था जिसे वर्ष 2006-07 में बढ़ाकर 34 हजार करोड़ रुपये किया गया और यह लगातार बढ़ते-बढ़ते अब 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कुछ नये निर्णय लिये गये हैं। इसके तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है। इससे 1 करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा हो रहा है। वर्ष 2018 में हर घर बिजली पहुंचा दी गयी। सरकार द्वारा शुरू से ही बहुत सस्ती दर पर बिजली दी जाती थी। अब लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त दी जा रही है।

# चिकित्सक के लिए एकाग्रता जरूरी : नदंकिशोर यादव

## बुजुर्गों के लिए वरदान है फिजियोथेरापी : प्रो. रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि सिर्फ पैसा कमाने के लिए चिकित्सा सेवा नहीं होता। चिकित्सक के लिए एकाग्रता और पारंगत होना जरूरी है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री यादव स्थानीय कॉलेज ऑफ कामर्स के एल एन नड्डा सभागार में विश्प फिजियोथेरापी दिवस पर बिहार स्टेट फिजियोथेरापिस्ट संघ की ओर से आयोजित फिजियोथेरापिस्ट सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले के डॉक्टर होते थे जो नब्ज पकड़कर दवा लिखते थे और बीमारी ठीक होता था आज कई तरह की जांच के बावजूद भी बीमारी का पता




नहीं चलता जो दुखद है। उन्होंने फिजियोथेरापी के छात्रों से आग्रह किया कि वे नंबर वन बनने के लिए पूरी जवाबदेही के साथ परिश्रम करें क्योंकि आगे बढ़ने के लिए विषय की पारंगतता जरूरी है। इस मौके पर मुख्य अतिथि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि उन्होंने 2016 में बिहार विधान परिषद की सत्र में फिजियोथेरापिस्ट की सरकारी बहाली का मामला उठाया था उसके बाद बिहार में बड़े पैमाने पर सरकारी अस्पतालों में फिजियोथेरापिस्ट की बहाली हुई। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरापी बुजुर्गो के लिए वरदान है क्योंकि यह उनके जीवन जीने में मददगार होता है। प्रो. नंदन ने कहा कि आज 70 प्रतिशत लोग घुटने की समस्या, जबड़ की समस्या एवं अर्थराइटिस से पीड़ित होते हैं उनके लिए फिजियोथेरापी से बीमारी दूर होती है। अब तो हर्ट डिजीज में भी फिजियोथेरापी उपयोगी होता है। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरापिस्टों पर समाज को जो विश्वास है उसे सदैव कायम रखना होगा। मरीज को कौन सी दवा दे रहे हैं इस पर रिसर्च कर सोचना होगा। उन्होंने कहा कि सभी मठ मंदिरों में कुश्ती के लिए अखाड़ा बनेगा और वहां शारीरिक गतिविधियों की देखरेख के लिए एक फिजियोथेरापिस्ट अनुदानित दर पर अपनी सेवा देंगे।

# ए एम यू ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन की बैठक में सर सैयद डे मनाने की तैयारी पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ए.एम.यू. ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, बिहार-पटना की जनरल बॉडी मीटिंग (रविवार) को कैपिटल टावर, फ्रेजर रोड स्थित रजिस्टर्ड ऑफिस में अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सिराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कोषाध्यक्ष डॉ. अरशद हक, महासचिव मुशीर आलम, संयुक्त सचिव डॉ. अमजद अली, वरिष्ठ अलीग परवेज अख्तर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में फ्री मेडिकल कैम्प और ब्लड डोनेशन कैम्प, स्थानीय स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग और वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा मेंबरशिप ड्राइव को सक्रिय बनाने के फैसले



लिए गए। साथ ही सर सैयद लिटरेसी स्कूल की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा और आगामी 17 अक्टूबर को सर सैयद डे को और आकर्षक व उद्देश्यपूर्ण ढंग से मनाने की तैयारी पर विस्तार से चर्चा हुई। सामाजिक पहल के तहत सदस्यों ने मिलकर डिहरी-ऑन-सोन के एक दिव्यांग दंपत्ति और उनके दो बच्चों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि वे सम्मानजनक जीवनयापन हेतु एक पान की दुकान स्थापित कर सकें। अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सिराज ने कहा कि सर सैयद डे हमारी शैक्षिक व सामाजिक जागरूकता की पहचान है और इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से प्रेरणादायी होगा।

# रोटरी क्लब ऑफ अद्विवीका पाटलिपुत्रा द्वारा नवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा अद्विवीका द्वारा नवरात्रि का पावन पर्व बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। अध्यक्ष बबीता बिदासरिया ने बताया कि यह पर्व धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का अद्भुत संगम है जो समाज में एकता, सौहार्द और उत्सवधर्मिता का संदेश देता है। आयोजन की शुरुआत गरिमामयी वातावरण में डांडिया और गरबा नृत्य से हुआ। इस नृत्य में क्लब की अध्यक्ष बबिता बिदासरिया, सेक्रेटरी नीतू बिड़ला, निशा विद्यार्थी, कंचन रॉय, संपादिका अनिता कुमार, श्वेता सिन्हा, विभाचारण, प्रीति वर्णवाल सहित अन्य सदस्याएं रंग-बिरंगे परिधानों में




सुसज्जित होकर पारंपरिक संगीत की धुनों पर थिरकने लगे तो माहौल में भक्तिभाव और आनंद का समन्वय झलक उठा। कार्यक्रम के अंतर्गत मनोरंजन से भरपूर नृत्य-गान के साथ-साथ स्वादिष्ट और लजीज व्यंजनों की विशेष व्यवस्था भी की गई थी जिससे उपस्थित लोगों को सांस्कृतिक व खानपान दोनों का अनुभव हुआ। क्लब एडिटर अनिता कुमार ने बताया कि नवरात्रि का यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक एकजुटता का प्रतीक है।

# राकेश कुमार बने भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के संयोजक मुकेश नंदन ने राकेश कुमार को पंचायती राज प्रकोष्ठ का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। राकेश कुमार ने इसके लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, संगठन मंत्री भिखु भाई दलसानिया एवं मुकेश नंदन का आभार प्रकट किया। राकेश कुमार के भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष बनने पर विभिन्न संगठन एवं अन्य ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वाले में सुगादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित राज अकेला, मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम



बंसल, धर्मराज केशरी, शम्भू प्रसाद, बिहार अग्रवाल महिला सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. गीता जैन, पवन कुमार, अजय कुमार गुप्ता, अरुण कुमार, दुर्गा राय, गोपाल कृष्ण, प्रेम कुमार, आर्य नंदन, आदित्य राज, हर्ष नंदन, सुमित कश्यप, चंदन कुमार आदि हैं।

# अपनी जान गंवाकर भी चार घरों का चिराग रौशन कर गई शिवानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत बनवरिया गांव के बधार में नहर में नहाने के दौरान एक एक कर चार बच्चे नहर के तेज धार में बहने लगे। इस दौरान नहर किनारे खड़ी 9 वर्षीय शिवानी को आसपास कोई नहीं दिखा लिहाजा डूबते हुए बच्चों को बचाने के लिए वो नहर में छलांग लगा दी। बड़ी शिद्दत और जद्दोजेहद के बाद वो डूब रहे चारों बच्चों को बचाने में सफल तो हो गई, लेकिन नदी के तेज धार में बह गई। 9 साल की शिवानी कुमारी, जो राम ईश्वर मांझी की बेटी थी, ने अपनी जान की परवाह किए बिना साहस दिखाया, उसने अकेले दम पर एक-एक कर चारों बच्चों को पानी से बाहर निकाला। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी छोटी उम्र में शिवानी ने जिस तरह हिम्मत दिखाई, वह अद्भुत और प्रेरणादायक है। आज शिवानी लोगों के बीच नहीं है लेकिन उसके वीरता सदियों तक याद रखी जायेगी। उसने अपने बहादुरी से चार घरों के चिराग बुझने से बचा लिया, वह भी अपनी जान की कीमत पर। इस घटना के बाद गांव में मातम भी है और लोगों के जुबान पर शिवानी के दिलेरी और साहस के किस्से भी। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि चारों बच्चों को बचाने के बाद जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक शिवानी खुद पानी की गहराई में चली गई थी।शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर दौड़े और काफी मशक्कत के बाद बच्ची का शव बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही हुलासगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।पुलिस ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है। वहीं शिवानी की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।हर कोई उसकी बहादुरी को सलाम कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि शिवानी भले ही अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसकी वीरता हमेशा याद रखी जाएगी।

# जैन समाज मनाएगा क्षमावाणी पर्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन समाज द्वारा आज सोमवार को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा। जैन समाज के एम पी जैन ने कहा कि यह पर्व जैन धर्म का सबसे पवित्र और अनोखा पर्व है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपने द्वारा जाने-अनजाने में किए गए कर्मों, व्यवहार और वाणी से हुए अपराधों के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगता है। आज के दिन जैन समाज के लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर कहते है मिच्छामि दुक्कड़ अर्थात ऽ यदि मुझसे किसी को भी मन, वचन या कर्म से दुःख पहुंचा हो तो मैं उसके लिए क्षमा चाहता हूं। इस अवसर पर शहर के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह, कालीबीबी का कटरा, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर सहित विभिन्न जैन मंदिरों में विशेष पूजन, सामूहिक प्रतिक्रमण और प्रवचन आयोजित होंगे। इसमें क्षमा की महत्ता बताते हुए बताया गया कि क्षमावाणी पर्व केवल जैन समाज का ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए शांति और सद्भाव का संदेश देने वाला पर्व है। क्षमा माँगना और क्षमा करना ही जीवन का वास्तविक आभूषण है।

# शब्दवीणा की कर्नाटक प्रदेश समिति ने आयोजित की मासिक काव्यगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की कर्नाटक प्रदेश समिति ने प्रादेशिक काव्यगोष्ठी का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता शब्दवीणा कर्नाटक प्रदेश साहित्य मंत्री निगम राज ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ शब्दवीणा की कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष लोकगीतकार सुनीता सैनी गुड्डी ने स्वरचित सरस्वती वंदना दुनिया से मतभेद मिटा दो मां, कोई ऐसा भेद सिखा दो मां से किया। संचालन कर्नाटक प्रदेश उपाध्यक्ष विजयेन्द्र सैनी ने किया। काव्यगोष्ठी में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि डॉ. मधुकर राव लारोकर, विशिष्ट अतिथि गजलकार मीना कुमारी, जैनेन्द्र कुमार मालवीय, दीपक कुमार, पंकज मिश्र, अजय कुमार वैद्य, वंदना चौधरी, संध्या निगम, ब्रजेन्द्र मिश्र, पंकज मिश्र, अंजुम भारती, निगम राज, विजयेन्द्र सैनी, सुनीता सैनी गुड्डी एवं डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने विविध ज्वलंत विषयों पर रचनाएं पढ़ीं। शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रश्मि ने अपनी रचना आज झमाझम बरसा पानी, बौछारों ने की मनमानी तथा बादल मनमौजी हुए, बारिश करे बवाल। जीवन को ग्रसने खड़ी, मौत बिछाकर जाल द्वारा देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के सुंदर तथा रौद्र रूपों को चित्रित किया। राष्ट्रीय साहित्य मंत्री वंदना चौधरी की प्रेरक रचना जीवन पथ पर शूल मिलेंगे, कहीं-कहीं पर फूल मिलेंगे। पर्वत-सी हों सख्त जड़ें तो, तूफां भी अनुकूल मिलेंगे।पथ के पथरीले कंटक चुन, मंजिल तक तो बढ़ना होगा। निज क्षमता को पढ़ना होगा एवं जहानाबाद जिला संरक्षक दीपक कुमार की कब चलूं, कितना चलूं मैं, संग ले किनको चलूं।इस अनिर्णय में सफर की राह तक गुम हो गई को श्रोताओं ने खूब पसंद किया। राष्ट्रीय उप संगठन मंत्री एवं गया जी के युवा रचनाकार पंकज मिश्र की चल पड़ा हूं राह पर, मंजिल अभी बाकी है, गया जी जिलाध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार मालवीय की हे मां लक्ष्मी घर-घर प्रवेश कर, इस राष्ट्र को सुख समृद्धि दे, गया जी जिला प्रचार मंत्री अजय कुमार वैद्य की लगे दोष कभी ना मिटते, जब तक यह संसार है, कर्नाटक प्रदेश प्रचार मंत्री संध्या निगम की गौरा गणेश मनाऊं, अरज सुन लीजे हमारी, ग़जलकार फना की एक लम्हा हंसाया गया। उम्र भर फिर रुलाया गया एवं पेशे से एडवोकेट कवयित्री अंजुम भारती की भाव को छेड़ो नहीं, वरना ये कुछ कर जायेंगे को खूब सराहना मिली। डॉ. मधुकर राव लारोकर ने शब्दों ने तो जीवन संवारा भी, और इतिहास बना डाला। पांचाली के कटु व्यंग्य वाणों ने महाभारत रचा डाला द्वारा शब्दों का सार्थक प्रयोग करने की सीख दी। शब्दवीणा के कर्नाटक प्रदेश संगठन मंत्री ब्रजेन्द्र मिश्र ज्ञासु की इक घड़ी का विरह, वेदना हो गया। तुझे देखकर दिल फना हो गया को खूब वाहवाहियां मिलीं। पटना से जुड़ीं मीना कुमारी की गजल मेरे जख्मों को रह-रहके सहला गया।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना कार्यक्रम में जीविका दीदियों की भागीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिले में रविवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सासाराम स्थित डीआरडीए सभागार में किया गया। जीविका द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के 210 जीविका दीदियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के सम्बोधन के साथ किया गया। साथ ही उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे एवं जिला परियोजना प्रबंधक सुधीर बहादुर योजना की विस्तृत जानकारी उपस्थित तमाम दीदियों के साथ साझा किए। अपने संबोधन में जिला परियोजना प्रबंधक सुधीर बहादुर ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और समाज में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है। उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे ने इसे महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं घरेलू कार्यों तक सीमित न रहकर व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाएंगी। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग दिया जाएगा जिससे वे दुकान, सेवा केंद्र, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर या लघु उद्योग जैसी पहल शुरू कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित दीदियों ने अपने-अपने उद्यम शुरू करने की इच्छाएं साझा कीं जिनमें सिलाई-कढ़ाई केंद्र, खाद्य प्रसंस्करण इकाई, दुकान और ब्यूटी पार्लर शामिल रहे। इससे यह स्पष्ट हुआ कि यह योजना महिलाओं में आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार करेगी। इस अवसर पर दीदियों ने पटना में आयोजित मुख्य समारोह को वर्चुअल माध्यम से देखा और मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि वे केवल वित्तीय सहायता प्राप्त करने तक सीमित न रहकर प्रशिक्षण के अवसरों का भी पूरा लाभ उठाएं तथा अपने काम के प्रति जिम्मेदारी पर समर्पण दिखाएं।

# कैमूर में नौ सितंबर को आएंगे सीएम, तैयारी जोरों पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कैमूर जिले में नौ सितंबर को आएंगे। सीएम की संभावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर कर रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि अभी तक मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कोई लिखित पत्र नहीं आया है। नौ सितंबर को संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की हेलिकाप्टर जिला मुख्यालय भभुआ शहर के एसवीभीपी पटेल कालेज परिसर में लैंड करेंगी। यहां पर जीविका व अन्य विभागों के द्वारा स्टाल लगाए जाएंगे। यहीं पर योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन से संबंधित शिलापट भी लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री हेलिपैड से उतरकर सीधे स्टॉल के पास पहुंचेंगे और बारी-बारी से निरीक्षण करेंगे। स्टाल के निरीक्षण के बाद सीएम जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रम के अनुसार करोड़ों की विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके बाद सीएम शहर के जगजीवन स्टेडियम में पहुंचेंगे। यहां पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं व लोगों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर डीएम सुनील कुमार व एसपी हरिमोहन शुक्ला पुलिस एवं प्रशासनिक अफसरों के साथ रविवार को एसवीभीपी पटेल कालेज एवं जगजीवन स्टेडियम में पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया।

# राजनीतिक एकजुटता रैली को ले राजद कार्यकर्ताओं ने की समीक्षात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कोचस।** राजनीतिक एकजुटता रैली की सफलता को लेकर महावीर स्थान परिसर में राजद कार्यकर्ताओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजद कार्यकर्ताओं को साधुवाद देते हुए राजद नेत्री सह पूर्व सांसद राम प्रसाद सिंह की पुत्र वधू डॉ रश्मि कुशवाहा ने कहा कि जिस तरह आप सभी राजद के कार्यकर्ताओं व जगदेव प्रसाद के चाहने वाले व उनके नीतियों सिद्धांतों में विश्वास करने वाले लोगों ने सासाराम में आयोजित बिहार लेनिन जगदेव बाबू के शहादत दिवस पर आपने शिरकत कर समारोह को सफल बनाने में सहयोग दिया। इसके लिए मैं आप सबों को आभार व्यक्त करती हूं। इसी तरह आप सब मिलकर बिहार विधानसभा प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करने का कार्य करें। इसके साथ ही पार्टी को पंचायत स्तर पर सशक्त बनाने व समाज के लोगों को अधिकाधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को जोड़ने का आह्वान किया गया। अध्यक्षता राजेश सिन्हा ने की। मौके पर राम प्रवेश कुशवाहा, चंद प्रकाश कुशवाहा, धुपेंन्द्र सिंह, हरेन्द सिंह, लाल जी सिंह, बजरंगी यादव, उपेन्द्र कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# डेढ़ करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री करेंगे बाइपास व बस पड़ाव का शिलान्यास, तैयारियां पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोचस।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डेढ़ करोड़ की लागत से कोचस में नये बस पड़ाव का मंगलवार को आधारशिला रखेंगे जिसको लेकर जिलाधिकारी उदिता सिंह, पुलिस कप्तान रौशन कुमार, डीडीसी विजय पांडेय समेत अनुमंडलाधिकारी आशुतोष रंजन ने कई बार स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया व अंतिम मूर्त रूप दिया जा चुका है जिससे पुराने बस पड़ाव को नया आशियाना मिलने का राह आसान हो चुका है। बताते चलें कि 1992 में कोचस बस पड़ाव का आधारशिला तात्कालिक जिलाधिकारी पी के जिजोरिया द्वारा रखी गयी थी व निर्माण हुआ था जिसकी देखरेख गठित कोचस विकास समिति देखती आ रही थी। 2014 में कोचस को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद बस पड़ाव नगर पंचायत के अधीन आ गया व कोचस विकास समिति भंग हो गयी, लेकिन गुजरते समय ने सब कुछ बदल कर रख दिया। बस पड़ाव को दुर्दिन का सामना उस समय करना पड़ा जब कोचस चौक स्थित राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर ओभर ब्रीज न बनाकर उल्टे सासाराम चौसा पथ पर बना दिया गया। इससे शहर के नागरिकों व व्यवसायियों में आक्रोश देखा गया। लगातार जाम की समस्याओं के चलते व्यवसाय प्रभावित होने लगा जिससे शहर की रौनक समाप्त होने के साथ ही बस पड़ाव संकीर्ण होता चला गया। आज नौबत यह है कि बारिश होने पर बस पड़ाव जल से आच्छादित हो जाता है जिससे बस संचालकों के साथ ही यात्रियों को बस पड़ाव में आने जाने के साथ ही बस की सवारी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं प्रशासनिक विफलता की वजह से सब्जी मंडी विक्रेताओं व ठेला पर फुटपाथी दुकानदारों द्वारा अधिकांश बस पड़ाव के भाग को अतिक्रमित कर अपना व्यवसाय करने से यात्रियों को समान लेकर आने-जाने में काफी परेशानियां सामने आती है जिसको देखते हुए कोचस पुराने बस पड़ाव को अन्यत्र स्थानांतरित करने की आवश्यकता महसूस होने लगी। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नये बस पड़ाव का शिलान्यास व राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर बायपास व अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का इस इलाके के नागरिकों को नया तोहफा देंगे जिससे मदन सिंह कुशवाहा, मुन्ना मिश्रा, इंजीनियर राजीव रंजन, अजय कुमार सिंह, प्रमोद पटेल, दिवाकर दुबे, सुनील दुबे ने इस पुनीत कार्य के लिए सीएम को साधुवाद दी है। गौरतलब है कि इस बस पड़ाव को अन्तर्राजीय बस पड़ाव कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह सीधे यूपी के गाजीपुर, बलिया, वाराणसी से लेकर अन्य राज्यों झारखंड आदि के लिए यहां से यात्रियों को आने जाने में सुविधा प्राप्त होती है। इस संबंध में नगर पंचायत कार्य पालक पदाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि नया बस पड़ाव कोचस स्थित राष्ट्रीय उच्च मार्ग के किनारे पथला पुल से उत्तर दिशा में लगभग चार-पांच बीघे में निर्माण कार्य होगा जिसके लिए निविदा जारी कर दिया गया है।

# हुरका पंचायत में नाला निर्माण कार्य में घोर अनियमितता का मामला उजागर

## आक्रोशित ग्रामीणों ने स्थानीय प्रखंड कार्यालय में आवेदन के माध्यम से की शिकायत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के हुरका पंचायत के बंशीबिगहा गांव में चल रहा नाला निर्माण कार्य में अनियमितता का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत शनिवार को ग्रामीणों द्वारा आवेदन देकर प्रखंड कार्यालय तिलौथू में किया गया। दिए गए आवेदन में आवेदक बलजीत कुमार ने बताया है कि हुरका पंचायत की मुखिया संजू देवी द्वारा बंशीबिगहा गांव में नाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य में उपयोग किए जाने वाला सामग्री बहुत घटिया किस्म का उपयोग किया जा रहा है- जैसे दो नम्बर का ईंट, घटिया किस्म का सीमेंट एवं अन्य सामग्री जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। वहीं वार्ड नम्बर 13 के वार्ड सदस्य लखपति देवी का कहना है कि पंचायत के मुखिया द्वारा बिना कोई सूचना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि नियमानुसार पंचायत के किसी भी वार्ड में विकास कार्य करने से पहले उस वार्ड के वार्ड सदस्य को सूचना देना अनिवार्य है। इतना ही नहीं ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यस्थल पर प्राक्कलित राशि का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है जिससे पता चल सके कि यह योजना कितने राशि की है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नाला का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है। आवेदक का कहना है कि इस तरह निर्माण कार्य में घटिया किस्म का सामग्री उपयोग करना और कार्यस्थल पर प्राक्कलित राशि का बोर्ड नहीं लगाना ये संदेह के घेरे में खड़ा करता है कि कहीं न कहीं मुखिया द्वारा इस निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर सरकारी राशि की उगाही की गई होगी। आवेदक ने स्थानीय बीडीओ से आग्रह किया है कि मामले को जल्द से जल्द जांच कराया जाये। इस संबंध में बीडीओ अंकिता जैन ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुई है।

# अकोढ़ीगोला में एसडीएम ने की मिट्टी लदा ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय बाजार के हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर निकला जुलूस के दौरान मिट्टी लादकर निकल रहा ट्रैक्टर को एसडीएम निलेश कुमार के निर्देश पर जब्त किया गया। जब्त ट्रैक्टर को पुलिस के हवाले करते हुए कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचना दी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम मुख्य बाजार में निकले जुलूस के दौरान जुलूस का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम व एएसपी ने देखा कि ट्रैक्टर पर मिट्टी लेकर जा रहा है। ट्रैक्टर को रोक कर जब उन्होंने चालक से मिट्टी कटाई के बारे में पूछा तो वह बताया कि निजी जमीन से मिट्टी काटा जा रहा है जब प्रशासन ने चालक को लेकर उक्त स्थल पर पहुंचा तो वह जमीन सरकारी निकला जहां आठ से दस फीट गहराई तक मिट्टी काटा गया। विदित हो कि वर्षों से मिट्टी की कटाई धड़ल्ले किया जा रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया। तीन माह पूर्व चंदा बीघा गांव के समीप मिट्टी कटाई को लेकर ग्रामीण व ट्रैक्टर मालिकों के बीच जमकर मारपीट हुई थी।

# एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक, मंत्री, सांसद होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जनता दल यूनाइटेड के तत्वावधान में आगामी 13 सितंबर को डिहरी विधानसभा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के संदर्भ में नगर एवं प्रखंड अध्यक्षों की बैठक विधानसभा प्रभारी दिवाकर कुमार की अध्यक्षता में की गई और संचालन प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्यमंत्री के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ प्रत्येक परिवार के प्रति महिला को 10 हजार का रोजगार वर्धन राशि देना है। उसके संदर्भ में भी चर्चा की गई। विधानसभा प्रभारी दिवाकर कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्षों को समुचित सलाह भी दिया और बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय मंत्रीगण सांसद और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल, बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, सांसद कौशलेंद्र कुमार, लोजपा आर से संजय पासवान, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी से प्रदेश प्रभारी मदन चौधरी, हम पार्टी से महिला प्रदेश अध्यक्ष स्मिता शर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधानसभा प्रभारी ने बताया कि जल्द ही एनडीए की भी बैठक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए की जाएगी। बैठक में नगर अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा अकोढ़ी गोला प्रखंड अध्यक्ष डब्लू कुशवाहा, पूर्व नगर अध्यक्ष कृष्णा पटेल, नंदन कुमार, विंध्याचल पासवान, रिंकू तिवारी, विनय सिंह, परवेज आलम, राम जी गुप्ता, भवन कुशवाहा, पारस चंद्रवंशी, अरविंद पासवान, नंदू चंद्रवंशी आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

# चंद्र ग्रहण के दौरान मंदिरों में ताला लटके, शुद्धिकरण के बाद सुबह खुलेगा पट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** चन्द्रग्रहण को ले अनुमंडल क्षेत्र के मंदिरों में परंपरा धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ताला लगाए गए। खग्रास चंद्र ग्रहण आज रात 9.58 से शुरू हुआ जो रात्रि 1.26 पर समाप्त हो गया। परंपरा के अनुसार चंद्र ग्रहण शुरू होने के नौ घंटा पूर्व मंदिरों में ताला बंद कर दिए गए। पुजारी संजय मिश्र के अनुसार मंदिरों के द्वार शुद्धिकरण अनुष्ठान होने तक बंद रखे जाते हैं जिनमें मूर्तियों को स्नान कराना और मंदिर परिसर की सफाई शामिल है। इसका मुख्य कारण ग्रहण काल की नकारात्मक ऊर्जा से मंदिर की पवित्रता को बचाना और लोगों को ग्रहण काल की अवधि के दौरान घर पर रहने और धार्मिक अनुष्ठान करने की सलाह देना है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार चंद्र ग्रहण से पहले सूतक काल शुरू हो जाता है जो धार्मिक रूप से एक अशुभ समय माना जाता है। इस दौरान वातावरण आध्यात्मिक रूप से दूषित हो जाता है। इस दौरान मंदिरों के द्वार बंद करके मूर्तियों की पवित्रता बनाए रखी जाती है।

# कोचस के उर्दू मध्य विद्यालय शेख बहुअरा में शिक्षक विदाई समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** प्रखंड के उर्दू मध्य विद्यालय शेख बहुअरा में शिक्षक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर अनेक शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मानित शिक्षक-नेहा कुमारी, सीमा कुमारी, अर्चना कुमारी, अमित कुमार, आनंद कुमार, अस्मिता कुमारी एवं आसियान सैफ को अंगवस्त्र, डायरी, पेन एवं बुके भेंटकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान ग्रामवासियों एवं छात्र-छात्राओं के चेहरे पर गहरी उदासी झलक रही थी क्योंकि सभी की इच्छा थी कि ये शिक्षक इसी विद्यालय में कार्यरत रहें, लेकिन विभागीय आदेश का पालन करते हुए उन्हें अन्य विद्यालयों में स्थानांतरित होना पड़ा। गांव के लोगों ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। उनके मार्गदर्शन से ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होता है। यदि शिक्षक न हों तो शिक्षा अधूरी रह जाती है। शिक्षक ही वह दीपक हैं जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं जब समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलेगा तभी अज्ञान का अंधकार दूर होगा। यही शिक्षक का वास्तविक कर्तव्य है।

# एनडीए सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना : डॉ सचिन कुमार सिंह




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** एनडीए सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ सचिन कुमार सिंह ने सासाराम विधानसभा क्षेत्र के अमरा तलाब, नहौना मोड़ पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री महिला स्वरोजगार योजना की शुरुआत के साथ भाजपा नेताओं के साथ जनसंपर्क अभियान तेज किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया है। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं – जैसे कि बिजली, वृद्धा पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, परिवहन और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ कैसे लिया जाए, इसके संबंध में भी जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री महिला स्वरोजगार योजना की औपचारिक शुरुआत भी की गई जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।

# एक नजर

## 15 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 15 आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, विविध, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 55 लीटर देशी, 59 लीटर देशी मसालेदार व 64 लीटर अंग्रेजी शराब, एक बाइक, एक ट्रैक्टर, एक मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में आठ लाख 90 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## दूसरी शादी रचाने व मारपीट की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला थाना में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र की मठिया गांव निवासी कौशल्या देवी ने पति राज नाथ सिंह पर दूसरी शादी रचाने व मारपीट करने की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार उसके पति ने उसकी बिना सहमति के दूसरी शादी रचा लिया है। गांव की जमीन बेच रहे हैं दो पुत्रियों की देखभाल नहीं करते हैं। वे दूसरी पत्नी आशा देवी के साथ रांची रहने लगे। खर्च मांगने पर मारपीट कर जान मारने की धमकी देते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अनुमंडल पेंशनर समाज की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल पेंशनर समाज की बैठक मोहन बिगहा स्थित कार्यालय में शिवजग प्रसाद की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक का संचालन सचिव राम लखन प्रसाद पाल ने किया। बैठक में गत दो माह का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इं. लक्ष्मण सिंह ने कहा कि कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन प्रणाली लागू हो गया है। बिहार में भी इसे लागू करने के लिए संघर्ष करना होगा। समाज के सदस्य पारस चौधरी के निधन पर दो मिनट मौन रख शोक मनाया गया। बैठक में धीरेंद्र प्रसाद, बच्चन चौबे, शंकर विजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## जाति सूचक गाली-गलौज करने पर छह पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** जाति सूचक शब्द लगाकर गाली गलौज व मारपीट करने पर छह लोगों पर महुअरी गांव निवासी राजेश कुमार ने थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है और न्याय की गुहार लगायी है। राजेश कुमार के लिखित आवेदन के अनुसार पुत्र अमन कुमार व गांव के ही हरेंद्र राम के पुत्र अभिषेक कुमार बाबा गणिनाथ के पूजा में गये थे। पूजा के दौरान बुधुआ गांव के कुछ लोगों से तू- तू मैं मैं हो गया। वहीं से अमन व अभिषेक अपने पैशन प्रो बाइक पर सवार होकर घर आ रहे थे। तभी रास्ते में ही डॉ पप्पू खान के घर के समीप पहुंचे तो देखा कि आधा दर्जन लोगों ने हाथ में लोहे के रड व लाठी डंडे लेकर गाली-गलौज करते हुए हमारे बेटे अमन को मारने लगे साथ में बीच बचाव के दौरान अभिषेक को मारने लगे।


# सफाईकर्मियों की समस्याओं को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**सासाराम।** कुशवाहा सभा भवन में सफाई कर्मियों का बैठक किया गया। सफाई कर्मियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता कामरेड संजय सिंह यादव ने किया। बैठक में महिला कर्मी रीता देवी, शारदा देवी, जुबेदा खातून, सुरेंद्र राम, आनंद राम और मुख्य वक्ता अशोक बैठा अध्यक्ष मजदूर सफाई कर्मी संघ नगर निगम सासाराम के द्वारा कहा गया कि 15 दिन पहले अगस्त में एक आवेदन नगर आयुक्त और जिलाधिकारी को नगर निगम सासाराम के मेयर के नाम 10 सूत्री मांग सौंपा गया था और नगर आयुक्त सैकड़ों मजदूरों के सामने आकर बात को रखते हुए कहा था कि चार दिन के अंदर हमें सभी समस्या को दूर कर देंगे, सभी जोन के ठेकेदार द्वारा मजदूरों को दैनिक मजदूरी का काम दे रहा है। 3 साल पहले मजदूर संघ के नेता और उस समय के जिला उप विकास आयुक्त सह निगम अधिकारी और चेयरमैन अपने सभी अधिकारियों के साथ बैठक में लिखित समझौता किया था कि मजदूरों को दैनिक मजदूरी प्रत्येक दिन 510 रुपया दिया जाएगा और हर साल दो सेट कपड़ा का 4000 प्रत्येक सफाई कर्मी को दिया जाएगा साथ ही पीएफ की 12:30 प्रतिशत वेतन की काटकर और ठेकेदार द्वारा अपना अंश उतना ही देकर जमा करेगा और इएसआइ कार्ड बनाकर मजदूरों को आज तक नहीं दिया गया। मजदूरों को मनमानी तरीका से काम से बैठा कर काम देने के नाम पर पांच हजार वसूला जा रहा है। ट्रैक्टर पर लोड करने वाले मजदूरों को सिर्फ 510 मिल रहा है बाकी 400 प्रत्येक दिन की दैनिक मजदूरी और कुछ मजदूरों को 350 के हिसाब से मजदूरी का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा किए जा रहे प्रत्येक दैनिक मजदूरों का आर्थिक शोषण प्रत्येक मजदूरों की 100 के हिसाब से प्रत्येक महीना 10 से 12 लाख रुपया मजदूरों का लूटा जा रहा है और अधिकारी और यहां के जनप्रतिनिधि मेयर किस कारण से चुप हैं यह तो यही लोग बताएंगे, लेकिन सच तो यही लगता है कि पैसा में निश्चित बंटवारा करके खाया जा रहा है और यह मजदूर का मेहनत का पसीना का पैसा खाने वाले के खिलाफ बड़ी लड़ाई का तैयारी के लेकर बैठक किया गया है।

# विधायक पर जनसुराज का सीधा वार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** जनसुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी सुनील रजक ने प्रेस वार्ता कर रविवार को चेनारी विधानसभा के वर्तमान विधायक पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता वर्षों से विकास की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन विधायक ने केवल दल-बदल कर अपना राजनीतिक भविष्य सुरक्षित किया। रोहतास व नौहट्टा प्रखंड की उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा व सिंचाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। रजक ने आरोप लगाया कि विधायक के बार-बार पार्टी बदलने से जनता आक्रोशित है और काम के नाम पर शून्य मिला है। उन्होंने जनता से बदलाव का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि जनसुराज पार्टी ही ईमानदारी से जनता की आवाज बनेगी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने भी कहा कि संगठन गांव-गांव जाकर जनता की समस्याएं सुन रहा है और आने वाले चुनाव में नई राजनीतिक इबारत लिखी जाएगी।

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने स्वास्थ्य जांच शिविर में 186 लोगों का किया निशुल्क इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 186 लोगों का निशुल्क उपचार किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद और निसहाय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में शहर के प्रख्यात चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। शिशु रोग विशेषज्ञ एवं रेड क्रॉस सोसाइटी नालंदा के अध्यक्ष डॉ. श्याम बिहारी ने 45 लोगों का, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 50 लोगों का, फिजिशियन डॉ. इंद्रजीत कुमार ने 80 लोगों का, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. सुबोध कुमार ने 35 लोगों का और होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार ने 25 लोगों का इलाज किया। इसके अलावा 16 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई।



लाभार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर उनके लिए बेहद मददगार साबित हो रहे हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार, मोहम्मद अखलाक अहमद, प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, चंद्रमणि प्रसाद, बृज बिहारी प्रसाद, स्वर्ण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिली और लोगों ने इसे समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण बताया।

# योजनाओं की समीक्षा और पारदर्शी चावल आपूर्ति का सख्त निर्देश

## नवादा डीएम की अध्यक्षता में विकास समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई तथा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास योजनाओं, पैक्स कम्प्यूटरीकरण, कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से सेवाओं की उपलब्धता, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की स्थापना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, महिला समूहों के प्रशिक्षण एवं सशक्तिकरण, किसान उत्पादक संगठन की सक्रियता, एनसीडी पोर्टल अद्यतन, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की गतिविधियां, गोदाम निर्माण एवं डब्लयूआरडीए पंजीकरण की स्थिति, राज्य फसल सहायता योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि



ऋण एवं पुनर्भुगतान, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, न्यायालयीन वाद, अनुदान राशि व्यय, मॉडल पैक्स तथा लघु सिंचाई योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन प्राथमिक कृषि साख समितियों से शत-प्रतिशत चावल आपूर्ति नहीं होने की संभावना है, उनकी पूरी जानकारी संबंधित थाना को उपलब्ध कराई जाए। इसके अंतर्गत पैक्स अध्यक्ष/प्रबंधक का नाम एवं मोबाइल नंबर तथा संबंधित प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से उस क्षेत्र के थाना को समर्पित करना सुनिश्चित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि चावल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी संबंधित पदाधिकारियों को समय पर तथा पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया गया। इसके साथ ही बैठक में जानकारी दी गयी कि सरकारी धान के गबन के मामले में प्रखंड अकबरपुर के बुधुआ पैक्स एवं रोह प्रखंड के कोशीरुखी पैक्स पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने किसान उत्पादक संगठन की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को सामूहिक रूप से बीज व खाद की खरीद, तकनीकी सहायता, उपज का प्रसंस्करण एवं विपणन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी आय एवं आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया जा सके। इस संदर्भ में उन्होंने एफपीओ का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सबसे बड़े अन्न भंडारण के लिए चयनित प्रखंड के पैक्स में भूमि उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित किया जाए और इसकी प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। बैठक में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र को सशक्त बनाने पर भी विशेष चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी पैक्स प्रतिनिधि खाद के लिए आवेदन सुनिश्चित करें और किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप समय पर खाद उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को खाद उपलब्ध कराने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के माध्यम से किसानों को न केवल खाद उपलब्ध कराया जाएगा, बल्कि कृषि से संबंधित तकनीकी मार्गदर्शन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ भी प्राप्त होंगी। इस संबंध में जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए उसका प्रतिवेदन तैयार कर शीघ्र जिला पदाधिकारी को समर्पित करें। आज की बैठक में प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी नवादा, प्रबंध निदेशक नवादा सेंटर कॉपरेटिव बैंक, संयुक्त निबंधक, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम के साथ-साथ अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लाखों की लागत से निर्मित ऑक्सीजन प्लांट कई महीनों से बंद

## टेक्नीशियन गायब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली।** मुख्यालय स्थित 75 शैय्या अनुमंडलीय अस्पताल में कोरोना काल में लाखों रुपयों खर्च के बाद स्थापित ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट विगत कई महीनों से बंद पड़ा हुआ है।इससे अस्पताल में सांस एवं गंभीर रूप से घायल मरीजों को ऑक्सीजन देने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट के सफल संचालन के लिए एक टेक्नीशियन की भी बहाली की गई थी,जो बीते कई माह से फरार चल रहा है।

**कोरोना काल में स्थापित किया गया था प्लांट**

कोरोना काल के दौरान जब रजौली समेत पूरा देश कोविड-19 जैसे घातक वायरस के संक्रमण से त्रस्त था, उस दौरान पीएम केयर फंड से लाखों रुपयों की लागत से



अनुमंडलीय अस्पताल में वर्ष 2021 में ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट स्थापित किया गया था। साथ ही अस्पताल के सभी 75 बेडों पर पाइप के जरिए ऑक्सीजन की सप्लाई की जा रही थी।किंतु ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट से सप्लाई होने वाले पाइप में महज कुछ दिनों बाद एक लीकेज हो गया,जिसकी मरम्मती आजतक नहीं करवाई गई है। इस कारण प्लांट को चलाने वाला टेक्नीशियन भी बीते लगभग 6 महीनों से अस्पताल से फरार है। इसका खामियाजा अस्पताल आनेवाले गंभीर रूप से बीमार और सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

**अस्पताल में एकमात्र ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेशन मशीन उपलब्ध**

कोरोना काल में ऑक्सीजन सिलेंडरों की किल्लत से छुटकारा दिलाने के लिए ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी, ताकि अस्पताल आनेवाले मरीजों को निर्बाध रूप से ऑक्सीजन मिल सके। वहीं ऑक्सीजन प्लांट के खराब होने के बाद एक-एक करके तीन ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेशन मशीन लाया गया, जिसमें दो खराब पड़ा हुआ है और एक कार्यरत है। अब सवाल है कि यदि अस्पताल में एक ही समय में दो मरीजों को यदि ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है,तो स्वास्थ्यकर्मी बेहाल नजर आते हैं एवं मरीजों के परिजन लाचार और बेबस दिखाई पड़ते हैं।

**रोगी कल्याण समिति मौन**

अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की देखभाल हेतु बीते 3 जुलाई को सिरदला के रंजय कुमार, मेसकौर के उपेंद्र राजवंशी, अमावां की शाबो देवी,नरहट के अयोध्या शरण एवं फतेहपुर की कविता देवी को रोगी कल्याण समिति का सदस्य बनाया गया। किंतु आजतक एक आम बैठक तक नहीं हो पाई है और ना ही सदस्य रंजय कुमार के अलावे कोई अस्पताल पहुंच रोगियों से हाल-चाल जानने का प्रयास किए हैं। समिति की निष्क्रियता के कारण मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**क्या कहते हैं सिविल सर्जन**

इस बाबत सिविल सर्जन नवादा डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।संबंधित पदाधिकारी को ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट के सुचारू रूप से संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।साथ ही आश्वासन दिया कि जल्द ही ऑक्सीजन प्लांट का संचालन पुनः शुरू होगा।

# दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा 7 सितम्बर, 2025 को नवादा प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर ग्राम पंचायत स्थित सामुदायिक भवन परिसर में दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा



प्राधिकार, नवादा के लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन जैन, पी.एल.वी. रामनुज कुमार, भगवानपुर ग्राम पंचायत के मुखिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन जैन ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत दिव्यांग बच्चों को मुफ़्त या रियायती दर पर कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराए जाते हैं। साथ ही, प्राथमिक से उच्च शिक्षा स्तर तक छात्रवृत्ति, समाज कल्याण विभाग द्वारा पालन-पोषण आहार एवं विशेष देखभाल, तथा शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर प्रखंड पदाधिकारी, कर्मचारी, भगवानपुर ग्राम पंचायत के मुखिया, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन जैन एवं पी.एल.वी. रामानुज कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। वक्ताओं ने वर्तमान समय में दिव्यांग बच्चों को कानूनी जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया शुरू

## जिलाधिकारी ने जागरुकता रथ को हरी झंडी किया रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिलाओं से आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत नगर क्षेत्र की महिलाओं के लिए ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही, 250 वाहनों के माध्यम से पूरे राज्य में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवादा समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने उपस्थित सभी जीविका दीदियों से अनुरोध किया कि वे समय पर आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने सभी जीविका दीदियों को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर योजना से जुड़ी जानकारी का प्रचार-प्रसार करेगा। रथ के माध्यम से ऑडियो-वीडियो संदेश, पोस्टर एवं पंपलेट द्वारा योजना की जानकारी को ग्रामीण स्तर तक पहुँचाया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, डीआरडीए निदेशक धीरज कुमार, डीपीएम जीविका समेत बड़ी संख्या में जीविका दीदियां एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा के सौजन्य से कैदियों के बीच योग कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के बैनर तले 7 सितम्बर 2025 को मंडल कारा, नवादा परिसर में विहंगम योग के अंतर्गत स्वर्वेद आधारित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी नवादा प्रतीक सागर ने उपस्थित कैदियों को अपने जीवन में योग को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और इससे जीवन को सही दिशा दी जा सकती है। मंच संचालन योग गुरू बाबा नामदेव एवं अन्य योग गुरुओं द्वारा किया गया। योग गुरुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मनुष्य का जीवन अनमोल है और इसे सफल बनाने के लिए तन एवं मन का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। योग के माध्यम से व्यक्ति बुरे कर्मों से बचकर आत्मसंयम प्राप्त कर सकता है तथा एक अच्छा नागरिक बनकर समाज को मजबूत बना सकता है। इस अवसर पर न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी नवादा प्रतीक सागर, योग गुरू बाबा नामदेव, मो० साजिद अयुब खॉन (डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल), सुशील कुमार (जेल उपाधीक्ष, नवादा) सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सेवा पखवाड़ा सह जनसंपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में सेवा पखवाड़ा सह जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा, जिसमें महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी शामिल होगी। इसी कड़ी में भाजपा नालंदा जिला इकाई की ओर से जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में विधान पार्षद निवेदिता सिंह उपस्थित रहीं। मौके पर क्षेत्रीय सह प्रभारी जितेन्द्र नीरज और जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना भी शामिल हुए। कार्यक्रम के संचालन के लिए मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। विधान पार्षद




निवेदिता सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रहित और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना से कार्य करते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवारों की विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता जी-जान से जुटेंगे और घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। सेवा पखवाड़ा के दौरान कार्यकर्ता वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं माल्यार्पण जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। साथ ही जनसंपर्क अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दी जाएगी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन विश्वकर्मा, प्रो. रामसागर सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, शिवरतन प्रसाद, अविनाश प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, साबो देवी, डॉ. आशुतोष कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 12 सितंबर को नवादा में होगा एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा में 12 सितंबर को आयोजित एनडीए के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता के लिए एनडीए ने अपनी सारी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में शनिवार को जिला जदयू कार्यालय में एनडीए कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक जेडीयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मुकेश विद्यार्थी ने बताया की आगामी 12-09-2025 को सुबह 11 बजे गांधी स्कूल के प्रांगण में एनडीए कार्यकर्ता का भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में एनडीए के सभी पांच घटक दल के बूथ स्तर से लेकर बड़े स्तर के नेता शामिल होंगे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, आरएलएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, हम जिअध्यक्ष अशोक मांझी, लोजपा आर से विष्णुदेव पासवान, अयोध्या पासवान, जेडीयू जिला प्रभारी अरुण वर्मा, जेडीयू विधानसभा प्रभारी महमूद भखू, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमिला प्रजापति, भाजपा नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, विधानसभा प्रभारी विनोद भोली, एनडीए कार्यक्रम संयोजक विश्वास सिंह, जेडीयू जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, मुकेश सिन्हा सहित एनडीए के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए डॉ. मानव ने पदयात्रा कर मतदाताओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत रविवार को जिला स्वीप आइकॉन डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने हिलसा प्रखंड के ब्रह्मस्थान बलभद्रसराय गांव में पदयात्रा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। डॉ. मानव ने विशेष रूप से उन मतदान केंद्रों का दौरा किया, जहां पिछली बार अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ था। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है, जिसमें हर मतदाता की भागीदारी



आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अभी से ही मतदान को लेकर संकल्प लेने और अपने पड़ोसियों व परिजनों को भी प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी भी तरह की जानकारी या मदद के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर निःशुल्क संपर्क कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने मतदाताओं से जाति, धर्म, लालच और प्रलोभन से ऊपर उठकर निष्पक्ष मतदान करने का आह्वान किया। डॉ. मानव ने कहा कि सही उम्मीदवार को वोट देकर ही लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि मतदान के दिन उत्साहपूर्वक घर से निकलें और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, ताकि मजबूत और जनहितकारी सरकार का गठन हो सके।

# देसी कट्टा और कारतूस के साथ चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान अस्थावां पुलिस ने शनिवार की रात बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने आल्टो कार सवार चार युवकों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहनी गांव के पास वाहन जांच के दौरान संदिग्ध आल्टो कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही चालक कार छोड़कर भागने में सफल रहा, जबकि कार में बैठे चार युवकों को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान उनके व्यवहार पर शक होने पर गाड़ी की तलाशी ली गई। तलाशी में मुकेश कुमार के पास से एक लोडेड देशी कट्टा तथा मंटु कुमार के पास से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इसके अलावा कार से दो और युवक भी पकड़े गए। पूछताछ में सभी ने स्वीकार किया कि वे किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों की पहचान अंकित कुमार, मुकेश कुमार, राहुल और मंटु कुमार के रूप में की है। उनके पास से एक देशी कट्टा, दो कारतूस, चार मोबाइल फोन और एक आल्टो कार बरामद की गई है। इस कार्रवाई में अस्थावां थानाध्यक्ष राजमणि, पुअनि अरुण पासवान, रिजर्व गार्ड अशोक कुमार समेत थाना की टीम शामिल रही। पुलिस अब फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

# डूबने से बालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कल्याण बीघा थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में रविवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। आरही पुल के पास नहाने के दौरान 12 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बराह गांव निवासी अमरनाथ यादव के पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर लगभग एक बजे बराह गांव के चार-पांच बच्चे पुल के पास पानी भरे गड्ढे में नहा रहे थे। इस दौरान आर्यन गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाया, तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाने की कोशिश की, लेकिन गहरे पानी के कारण तत्काल सफलता नहीं मिल सकी।

# लेखनी, संवेदना व सामाजिक चेतना के वाहक थे मुंशी प्रेमचंद : नीरज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतवर्ष में पहली बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की स्मृति में आगामी 10 सितम्बर को 'प्रेम उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को यादगार बनाने की प्रक्रिया में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' स्मृति न्यास सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' स्मृति न्यास के अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि मुंशी प्रेमचंद हिन्दी और उर्दू साहित्य के ऐसे विराट शख्सियत थे, जिनकी लेखनी ने भारत की आत्मा को शब्दों में पिरोया। वे केवल एक लेखक नहीं, बल्कि विचार, संवेदना और सामाजिक चेतना



के वाहक थे। वे वास्तव में 'कलम के सिपाही' थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं से सामाजिक विषमताओं पर प्रहार किया और एक समरस व समावेशी समाज की कल्पना को जीवंत किया। उन्होंने बताया कि आगामी 10 सितम्बर को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' स्मृति न्यास द्वारा मुंशी प्रेमचंद की 22 कालजयी कहानियों का 22 भाषाओं में एक ही मंच पर नाट्य मंचन कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्रकाशित 'प्रेमचंद का रंगमंच' स्मारिका का विमोचन भी तय है। नीरज ने बताया कि 'प्रेम उत्सव-2025' को सफल और यादगार बनाने की प्रक्रिया में न्यास के साथ ही कई लब्ध प्रतिष्ठित रचनाकार, कलाकार व सहभागीगण अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। यह आयोजन देशभर में साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को नवीन ऊर्जा के साथ द्रुत गति प्रदान करने की प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने नवादा जिले के साथ ही बिहार व देश भर के साहित्यप्रेमियों को इस आयोजन में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया है।

# दोस्त सेवा समिति ने किया शिक्षिका डॉ. विनीता प्रिया को सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** किसी भी समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहने वाला दोस्त सेवा समिति मिर्जापुर के तत्वावधान में राजकीय शिक्षक दिवस पर राजकीय सम्मान से सम्मानित शिक्षिका डॉ. विनीता प्रिया को अंग-वस्त्र व पुष्प-गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। नगर परिषद के पूर्व उपमुख्य पार्षद व नवादा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी के नेतृत्व में समिति के नवलकिशोर प्रसाद, आलोक कुमार, मुकेश कुमार, पप्पु कुमार, रवि रंजन ऊर्फ पिंटू कुमार, सिंटू कुमार, अनिल कुशवाहा ऊर्फ छोटू, पिंटू कुमार, बिटटू कुमार आदि नें जिला मुख्यालय के आनंदपुरा रोड स्थित अपना कॉलोनी के रविनीता निवास पहुंचे और डॉ. विनीता प्रिया को बिहार सरकार से मिलने वाली सम्मान पर खुशी व्यक्त करते हुए सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा भी कराया। इस मौके पर राजेश कुमार ने कहा की महिलाओं के सम्मान से समाज का मन बढ़ता है तथा अगली पीढ़ी को प्रेरित होने का मौका मिलता है। आगे उन्होंने कहा कि डॉ विनीता प्रिया ने शिक्षा के क्षेत्र में राजकीय सम्मान पाकर न सिर्फ शिक्षकों बल्कि आम महिलाओं की मनोबल को भी बढ़ने का काम किया। उसके लिए ये बधाई के पात्र हैं।

# डिग्री कॉलेज के लिए किया गया भूमि पूजन, निर्माण कार्य शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के करिगांव में डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही विधिवत निर्माण का शुभारम्भ सुनिश्चित हो गया है। यह डिग्री कॉलेज रजौली के लोगों के लिए बहुप्रतिक्षित था और निर्माण प्रारम्भ होने से इलाके में ख़ुशी का माहौल है। एमएलसी प्रतिनिधि व जदयू जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता दीपक कुमार मुन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हर अनुमंडल में डिग्री कॉलेज के निर्णय के आलोक में इस डिग्री कॉलेज की स्वीकृति हुई थी,पर अब नितीश सरकार सूबे के सभी 534 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने के नीतिगत निर्णय के तहत जमीन उपलब्ध कराने की अधियाचना सभी 38 जिलों को भेजी हुई है। वहीं 176 प्रखंडो में डिग्री कॉलेज पूर्व से परिचालित है और शेष 358 प्रखंडो में इस दिशा में औपचारिकताएं प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त 20 अन्य अनुमंडल मुख्यालयों में भी डिग्री कॉलेज का निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है।उन्होंने कहा कि डिग्री कॉलेज के लिए पूर्व में सिमरकोल में स्थान चिन्हित हुआ था,पर कतिपय कारणों से इसे करिगांव स्थित कृषि विभाग की जमीन में स्वीकृति दी गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में सम्पन्न विकास यात्रा के दौरान इस डिग्री कॉलेज का विधिवत शिलान्यास किया था। डिग्री कॉलेज निर्माण में सरकार ने 15 करोड़ रुपए का आवंटन किया है और इसके निर्माण से रजौली और आसपास के छात्र छात्राओं में बहुत ख़ुशी है। डिग्री कॉलेज के निर्माण होने से रजौली अनुमंडल अंतर्गत छात्र-छात्राओं अपने घरों से अधिक दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।वहीं विशेषकर ग्रामीण छात्राएं जो कॉलेज के दूर रहने के कारण अपनी डिग्री की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाती थी,उन्हें सहूलियत होगी।

### सहकारिता मंत्री ने गया रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

# पितृपक्ष मेला को लेकर यात्रियों की सुविधा पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पितृ पक्ष मेला की तैयारियों को लेकर गया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो चुका है। इसलिए किसी यात्री को असुविधा न हो, इसके लिए सभी इंतजाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि रेलवे स्टेशन परिसर में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जहां बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, परिवहन, स्वच्छता, निगरानी और यातायात विभाग सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे अधीक्षक तीन पाली में तैनात रहेंगे और दिव्यांग यात्रियों के लिए 25 व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई है। ठहराव की व्यवस्था के लिए 500 लोगों की क्षमता वाले तीन टेंट लगाए गए हैं। स्टेशन परिसर में आधुनिक शौचालय, प्रतीक्षालयों में इंडिकेशन बोर्ड, ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन और नई सड़क पर टिकट काउंटर बनाए गए हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 151 जीआरपी और 191 आरपीएफ कर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही 81 सीसीटीवी कैमरे और कोच डिस्प्ले सिस्टम से निरंतर निगरानी की व्यवस्था की गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि धार्मिक स्थलों के महत्व को देखते हुए विष्णुपद मंदिर, मंगलागौरी और छठी मईया मंदिर का सौंदर्यीकरण और नक्काशी कार्य कराया गया है जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि पितृ पक्ष मेला के लिए रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा और गयाजी नगर क्षेत्र में बिहार सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। लगभग तीन अरब की लागत से गया रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण कार्य भी पूरा होने की ओर है जो एयरपोर्ट जैसी अत्याधुनिक सुविधा प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान बसंत परमार, रामपुकार सिंह, देवानंद पासवान, सोनू, राजेश मस्तान, पप्पू नीलकर, वेद प्रकाश, पवन कुमार, गौतम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, चार पुलिसकर्मी घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के मेडिकल थाना क्षेत्र के बिपार्ड के पास पुलिस गाड़ी और पंच के कार के बीच आमने सामने की टक्कर हो गई। टक्कर में 4 पुलिसकर्मी घायल हैं। 4 में से 3 पुलिस कर्मी महिला हैं। 3 में से दो महिला पुलिस कर्मी वर्षा व चंदा की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें मगध मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सोनी कुमारी व मंटू कुमार का भी इलाज मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस की गाड़ी जमुई के मलयपुर थाने की है। जीप गाड़ी पर भी मलयपुर थाना लिखा हुआ है। आसपास के लोगों कहना है कि पुलिस की गाड़ी बेकाबू होकर कार से टकरा गई। इसके बाद सड़क पर कोहराम मच गया। किसी तरह से मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से घायल पुलिस कर्मी को जीप से बाहर निकाला गया और फिर उन्हें इलाज के लिए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि पुलिस की गाड़ी किसी वीआईपी को स्कार्ट कर रही थी। वह वीआईपी कौन थे। इस बारे में पूछे जाने पर मेडिकल थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि अभी डिटेल जानकारी विधिवत रूप से कुछ भी सामने नहीं आई है। ऐसे कुछ भी बताना उचित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि घायलों की जानकारी उनके जिला पुलिस और परिजनों को दी गई है। फिलहाल उनका हर संभव इलाज चल रहा है। उनका स्वास्थ्य फिलहाल नियंत्रण में है। घटना कैसे व किस कारण हुई। इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है।

## दूर दराज से आए तीर्थ यात्रियों की सेवा पूरी ईमानदारी से करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किये गए व्यवस्थाओं का जायजा लेने रविवार को सुबह ही जिले के डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार ने बायपास विष्णुपथ से सीधे देवघाट होते हुए गया जी डैम तक एवं संकीर्ण गालियां होते हुए मंदिर प्रांगण, मंदिर परिसर, संवाद सदन से चांद चौरा मोड़ तक पैदल निकल पड़े। रास्ते में लगे विभिन्न प्रशासनिक शिविरों के निरीक्षण में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दूर दराज से आए सभी तीर्थ यात्रियों की सेवा पूरी ईमानदारी से करें। अपने शिविर के समीप किसी यात्री की कोई समस्या रहने पर उन्हें पूरी सहयोग करें। यदि आसपास तीर्थयात्री आते हैं तो उनसे जानकारी लेने का प्रयास करें यदि उनकी कोई समस्या आती है तो स्वयं समाधान करें अन्यथा नियंत्रण कक्ष को सूचित कर उनकी समस्या को निदान करवायें। इसके पश्चात वो विष्णुपद संवास सदन पास रुक रुक कर भीड़ प्रबंधन करने लगे। यात्रियों से अपील किये कि कतारबद्ध तरीके से मंदिर में जाये। इसके बाद संकीर्ण गलियों में भीड़ नियंत्रण हेतु किये गए व्यवस्थाओं को देखते हुए देवघाट पहुंचे। देवघाट, गया जी डैम, गजाधर घाट, श्मशान घाट, विष्णुपथ पहुंच कर विभिन्न स्नानगार, टॉयलेट एवं चेंजिंग रूम के सफाई व्यवस्था को देखा। साथ ही निर्देश दिया कि नियमित सफाई करवाते रहें। गंदगी जहां भी रहे, तुरंत हटवाएं एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाएं। वापसी के दौरान देव घाट पर रुक कर यात्रियों के भीड़ को देखा, घाट से बाहर निकालने हेतु श्मशान घाट के सहारे निकास करवाने का लगातार अनाउंसमेंट करवाते रहने का निर्देश दिए।

## मध्य विद्यालय दखिनगांव के शिक्षक प्रभाकर कुमार को मिला शिक्षक श्री सम्मान

**नवबिहार टाइम्स**

**वजीरगंज(गयाजी)।** शिक्षक दिवस के अवसर राष्ट्रीय हिन्दी मासिक स्वास्थ्य पत्रिका आरोग्य गुरु के तत्वावधान में रविवार को बिहारशरीफ के वैष्णवी उत्सव हॉल में पूरे बिहार राज्य के 50 को शिक्षकों शिक्षक श्री सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया।बिहार के विभिन्न जिलों से चयनित 50 शिक्षकों में से प्रखंड के मध्य विद्यालय दखिनगांव के शिक्षक प्रभाकर कुमार को भी उत्कृष्ट शिक्षण सेवा, समर्पण और सामाजिक योगदान के लिये शिक्षक श्री सम्मान-2025 सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी के चीफ आर.के.पाण्डेय ने शिक्षक श्री सम्मान का मोमेंटो देकर सम्मानित किया।आयोजक आरोग्य गुरु के निदेशक सौरभ कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग्य शिक्षकों को समाज के सामने प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत करना तथा शिक्षा जगत में उनके योगदान को सार्वजनिक रूप में मान्यता देना है। सभी चयनित बिहार के 50 शिक्षकों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।इस सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले वजीरगंज के सक्षम स्किल्स डेवलपमेंट अकादमी के निदेशक संतोष कुमार, प्रियांशु किड्स अकादमी के निदेशक महेश कुमार सुमन, एपेक्स क्लासेस के निदेशक दीपक कुमार, आवासीय नवोदित विद्यालय की प्राचार्या बबीता कुमारी एवं मध्य विद्यालय बिच्छा के शिक्षक प्रमाकांत सुमन को भी सम्मानित किया गया है।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महिला रोजगार कार्यक्रम का रविवार को शुभारंभ किया गया। जिला स्तर पर गयाजी स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग ली। राज्य के सभी जिले वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य जुड़े थे। इस आयोजन के दौरान पटना में आयोजित मुख्य समारोह को दीदियों ने वर्चुअल माध्यम से देखा एवं मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। जिला आयोजित कार्यक्रम में जिले के डीएम शशांक शुभंकर, उप समाहर्ता नजारत आनंद प्रकाश, जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट एवं जीविका के अन्य अधिकारी उपस्थित हुए। डीएम ने इस अवसर पर कहा कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक उन्नति के रास्ते खुलेंगे। आर्थिक सहयोग से उनके लिए रोजगार करने में मदद मिलेगी। सरकार चाहती है कि महिलाएं भी स्वरोजगार कर आगे बढ़ें। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को सरकार द्वारा उनके उद्यम की शुरुआत एवं आगे इसे बढ़ाने में आर्थिक सहयोग किया जाएगा। सरकार का प्रयास है अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बने। हमें आपकी आर्थिक एवं सामजिक उन्नति के लिए कार्य करना है। जिला परियोजना प्रबंधक ने इस अवसर पर विषय प्रवेश करते हुए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि सरकार का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित दीदियों से अपील की कि आप पैसे का उपयोग रोजगर के लिए जरूर कीजिएगा। आपको आगे भी जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित दीदियों ने दुकान, ब्यूटी पार्लर, सिलाई-कढ़ाई केंद्र, राशन दुकान खाद्य प्रसंस्करण इकाई आदि शुरू करने की बात कही। उनकी बातों से साफ उत्साह एवं आत्मविश्वास झलक रहा था। इस अवसर पर अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि वे योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और प्रशिक्षण के अवसरों को गंवाए नहीं।

## दो घरों से 10 लाख के जेवर और नगदी की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के गौरी बिगहा गांव में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। चोरी की यह घटना 5 सितंबर की रात घटी। धर्मेंद्र कुमार शर्मा के घर से 10 लाख रुपये से अधिक के जेवर और नगदी चोरी हो गई। वहीं सुमंत कुमार के घर से भी लाखों रुपये की संपत्ति गायब हो गई। चोरी का पता अगली सुबह तब चला जब लोग नींद से जागे। सूचना मिलते ही आंती पुलिस मौके पर पहुंची। चोर कुछ सामान गांव के बधार में फेंककर भाग गए जिसे ग्रामीणों ने बरामद कर लिया। हालांकि सोना-चांदी और नगदी अब तक नहीं मिली है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पीड़ितों के बयान पर दो अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीण आक्रोशित हैं। पुलिस अज्ञात चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## दक्षिणी किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**टिकारी।** भारतीय जनता पार्टी टिकारी दक्षिणी किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक पंचानपुर स्थित एक निजी आवास पर आहूत की गयी। बैठक का आगाज पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। मौके पर जुटे कार्यकर्ता ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय अमर रहे, भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, जेपी नड्डा, नरेंद्र मोदी, अमित शाह जिंदाबाद की नारा बुलंद करते नजर आए। बैठक में किसान मोर्चा की कमिटी का घोषणा किया गया जिसमें 1 अध्यक्ष के अलावे 6 उपाध्यक्ष, 6 मंत्री, 2 महामंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 मीडिया प्रभारी, 1 प्रवक्ता का पद दिया गया है। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार पाण्डेय ने की। संचालन मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता किसान मोर्चा गया जी पश्चिमी शिवबल्लभ मिश्र ने की वही धन्यवाद ज्ञापन मंडल मंत्री शिला देवी ने किया। मंडल प्रभारी के रूप में जिला के उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा मौजूद रहे। वही मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा गया जी पश्चिमी धनंजय कुमार, अतिथि में जिला महामंत्री निरंजन सिंह सहित सिद्धेश्वर सिंह, सुधीर शर्मा, शशि प्रियदर्शी, किशोर रावत, कृष्ण मोहन सिंह, 20सूत्री अध्यक्ष टिकारी अनिल पासवान, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

## डा. मनीष पंकज मिश्रा ने की राधे मोहन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने रविवार को भारत सरकार के पूर्व मंत्री, लोकसभा सांसद एवं रक्षा संसदीय समिति के अध्यक्ष राधे मोहन सिंह से औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने उन्हें अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान डॉ. मिश्रा ने राधे मोहन सिंह के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा और प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि वे देश की राजनीति में एक प्रखर, ईमानदार एवं संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी हैं।

## परसावां गांव में किशोरी समेत बुजुर्ग महिला से मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के परसावां गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना बीते 12 अगस्त के रात की है। इस घटना में 16 वर्षीय किशोरी शिवानी कुमारी और उसकी दादी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया में भर्ती कराया गया है। पुलिस पदाधिकारी के समक्ष फर्द बयान में बताया गया है कि शिवानी कुमारी अपनी दादी गौरा देवी के साथ दरवाजे पर खड़ी थी। इसी दौरान गांव के ही कई लोग लाठी-डंडा और धारदार हथियार से लैस होकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए दोनों पर हमला कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर हमलावरों ने किशोरी को भी बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि रविवार के शाम 4 बजे कांड संख्या 440/25 दर्ज किया है जिसमें रिंकू देवी, बसंत पासवान, खुशी कुमारी, प्रेम रंजन पासवान, कामता पासवान, रिंकू देवी, जयकांत पासवान और सालती कुमारी को आरोपी बनाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से कोचस में मेडिकल कॉलेज स्थापित कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** शाहाबाद प्रक्षेत्र की हृदय स्थली कोचस में बिहार विकास मोर्चा संयोजक खेदन प्रसाद सिंह ने जिला में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की स्थापना कोचस में कराने की मांग की है। इसके लिए श्री प्रसाद ने एक ई मेल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को भेजकर ध्यान आकृष्ट किया है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि कोचस शाहाबाद के मुख्य केंद्र बिंदू पर अवस्थित है तथा एक मेडिकल कॉलेज की सभी अहर्ताओं को पूरा करने में सक्षम है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर अवस्थित होने के कारण कमोवेश प्रतिदिन सड़क दुघर्टनाएं सामने आती हैं। वैसी स्थिति में यहां उच्च स्तरीय अस्पताल की आवश्यकता बहुत पहले से महसूस की जाती रही है। कोचस की सीमाएं रोहतास समेत बक्सर, कैमूर के साथ ही उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों को जोड़ती है। इस इलाके में सार्थक कोई अस्पताल उपलब्ध नहीं है जहां आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पाती है। इसके लिए इस इलाके के लोगों को वाराणसी, पटना समेत देश के अन्य भागों में इलाज के लिए जाना विवशता है, लेकिन निम्न आय वर्ग के लोग इलाज के लिए बाहर नहीं अर्थ के अभाव में जा पाते हैं जिसका प्रतिफल होता है कि इलाज के अभाव में बहुत लोग दम तोड़ देते हैं। इसका उदाहरण रहा एक दशक पूर्व कोचस में डेंगू महामारी का रूप ले लिया था जहां आधा दर्जन लोगों की मौत एक हजार से अधिक लोग आक्रांत हुए थे। तब पटना पीएम सीएच के टीम को यहां कैम्प कराना पड़ा था। इस इलाके के लोगों की मांग पर 1992 में रेफरल अस्पताल का शिलान्यास तात्कालिक मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने अपने मंत्रिमंडल के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ किया था, लेकिन रेफरल अस्पताल यहां न बनकर कहीं और चला गया जिसका मलाल आज भी लोगों को है। ऐसी परिस्थितियों में आप से आशा ही नहीं विश्वास है कि कोचस में मेडिकल कॉलेज का स्थापना कराकर आम जनमानस के भावनाओं का आदर सम्मान आपकी सरकार करेगी।

## शराब मामले में तीन गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया।** गयाजी जिला के डोभी थाने की पुलिस ने देशी और विदेशी शराब के मामले में तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले की पुष्टि करते हुए डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र से देशी और विदेशी शराब के मामले में तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान संजय मांझी 30 वर्ष, पिता-शूकर मांझी, ग्राम-निंगरी शामिल हैं जिनके पास से 10 लीटर देशी शराब बरामद की गई है। इसके अलावा नीरज कुमार 34 वर्ष, पिता-लखन प्रसाद, ग्राम-डोभी तथा संदीप कुमार 35 वर्ष, पिता-अजीत प्रसाद गुप्ता, ग्राम डोभी को पकड़ा गया।

## एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी ग्रामीण।** 8 सितंबर को आयोजित होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर रविवार को शेरघाटी में हम पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक दोपहर 1 बजे संपन्न हुई जिसमें जिले के वरिष्ठ नेता और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नारायण मांझी, शेरघाटी विधानसभा प्रभारी सुधीर यादव, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, जिला सचिव राकेश कुमार, शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी, डोभी प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र मांझी, आमस प्रखंड अध्यक्ष अदित भोक्ता सहित गरीबन मांझी, धीरेंद्र कुमार सिन्हा, उर्मिला देवी और रिंकी पांडेय भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल और प्रभावशाली बनाने के लिए रणनीति तय की गई। सभी उपस्थित नेताओं ने कार्यकर्ताओं को जनजागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने तथा जनसंपर्क को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। इस सम्मेलन में आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे सम्मेलन को भव्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें ताकि आगामी राजनीतिक लड़ाई में एनडीए एकजुट और सशक्त बनकर सामने आए।

## भाजपा गया महानगर उत्तरी मंडल की बैठक आहूत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी गया महानगर उत्तरी मंडल अंतर्गत वार्ड नंबर 4 में गया शहर विधानसभा के विस्तारक संजय बड़ाडे के अध्यक्षता में रविवार को छोटकी नवादा में एक बैठक आहूत की गई जिसमें भाजपा के नेतागण उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी के विषय पर गहन रूपे से चर्चा किया गया और संगठन को मजबूत करने हेतु लगातार बैठक किया जाएगा।


### शपथ पत्र

मैं, मोहम्मद वलीउल्लाह (MOHAMMAD WALIULLAH), उर्फ वलीउल्लाह (WALIULLAH) उम्र लगभग 30 वर्ष पिता मो. कमल (MD KAMAL) मोहल्ला शुमाली, पो.- शेरघाटी, थाना-शेरघाटी, जिला-गया, बिहार का स्थायी निवासी हूं तथा शपथपूर्वक निम्नलिखित बातों का घोषणा करता हूं कि मैं भारत का नागरिक हूं। मेरा नाम मोहम्मद वलीउल्लाह (MOHAMMAD WALIULLAH), उर्फ वलीउल्लाह (WALIULLAH) है तथा दोनों नामों से मैं जाना एवं पहचाना जाता हूं तथा मेरे गांव में इस नाम व पता के मेरे अलावा कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है। मोहम्मद वलीउल्लाह (MOHAMMAD WALIULLAH), उर्फ वलीउल्लाह (WALIULLAH) दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मैं ही हूं। आधार कार्ड नं. 3788 2185 5446 में मेरा नाम मोहम्मद वलीउल्लाह (MOHAMMAD WALIULLAH) है तथा मैं अब इसी नाम से जाने एवं पहचाने जायेंगे। मेरा नाम वलीउल्लाह (WALIULLAH) के जगह मोहम्मद वलीउल्लाह (MOHAMMAD WALIULLAH), करने के संबंध में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 2636 दिनांक 04.09.25

शपथकर्ता
मोहम्मद वलीउल्लाह


## सड़क, पानी और मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, 'रोड नहीं तो वोट नहीं'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डोभी/गया।** डोभी प्रखंड के कुशा बीजा पंचायत के ग्राम पिपरघटी टोला गुलजारपुर से पंचरत्न पंचायत के बाडीकेवाल तक जाने वाली सड़क के अभाव में ग्रामीणों का जीवन सालों से नारकीय बना हुआ है। टूटी-फूटी पगडंडियों से गुजरते लोग रोजाना समस्याओं से जूझते हैं। आखिरकार आज गुलजारपुर के सैकड़ों महिला-पुरुष, छात्र और युवा सड़कों पर उतरे और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने एक स्वर में नारे लगाए 'रोड नहीं तो वोट नहीं' और चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क नहीं बनी तो 2025 के विधानसभा चुनाव में किसी को वोट नहीं देंगे।

पगडंडी ही है जीवन रेखा- मरीज को चारपाई पर ले जाते हैं। गांव वालों की सबसे बड़ी समस्या सड़क का अभाव है। ग्रामीण बताते हैं कि किसी की तबियत बिगड़ने पर मरीज को चारपाई पर लिटाकर पगडंडी के सहारे लगभग 2.5 किलोमीटर पैदल ले जाना पड़ता है। इसके बाद किसी तरह गाड़ी रिजर्व कर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना होता है जो 6 किलोमीटर दूर है। कई बार तो रास्ते में ही प्रसव हो जाता है। गुलजारपुर की महिला कहती हैं-हम गर्भवती महिलाओं को डर रहता है कि कहीं रास्ते में ही बच्चा न हो जाए। सड़क होती तो हम जल्दी अस्पताल पहुंच जाते। कई बार देरी होने से हालत बिगड़ जाती है।

पेयजल की गंभीर समस्या-नल-जल योजना ठप, चापाकल गायब। गांव के लोग पेयजल संकट से भी जूझ रहे हैं। नल-जल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। यहां सरकारी चापाकल तक नहीं है। लोग नदी और दूर-दराज से पानी ढोकर पीते हैं। बरसात में पानी गंदा हो जाता है जिससे डायरिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। गांव के बुजुर्ग बताते हैं -90 साल से हम यहां बसे हैं, लेकिन आज तक सरकार ने न चापाकल दिया, न पीने के पानी का कोई स्थायी इंतजाम। बारिश में नदी का पानी पीना पड़ता है और कई बार बच्चे बीमार हो जाते हैं।

**बच्चों की पढ़ाई पर असर**-पगडंडी से 3 किमी पैदल सफर। गांव के बच्चे रोज पगडंडी से 3 किलोमीटर दूर स्थित मध्य विद्यालय जाते हैं। बरसात में पगडंडी पानी में डूब जाती है जिससे बच्चे कई दिनों तक स्कूल नहीं जा पाते।

**गांव के शिक्षक ने बताया** - स्कूल आने से पहले ही बच्चे थक जाते हैं। बरसात में कई हफ्तों तक स्कूल बंद जैसा हो जाता है। बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है क्योंकि बच्चे स्कूल आ नहीं पाते हैं।

**शौचालय और सामुदायिक भवन का अभाव** - ग्रामीणों का कहना है कि 90 वर्षों से बसने के बावजूद आज तक गांव में न तो सामुदायिक भवन बना, न ही सरकारी बैठक घर।

बच्चों के लिए ट्यूशन पढ़ने का कोई स्थान नहीं है, समाज के लोगों के बैठने की जगह नहीं है। सरकार ने अब तक एक भी शौचालय नहीं बनवाया। हमें मजबूर होकर खुले में शौच करना पड़ता है।

**शवदाह गृह भी नहीं**- अंतिम संस्कार के लिए 3 किमी दूर जाना पड़ता है। गांव में शवदाह गृह तक नहीं है। ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। बारिश या रात में शव ले जाना बहुत कठिन हो जाता है।

**ग्रामीणों का अल्टीमेटम**-लगभग एक हजार वोटर नहीं करेंगे मतदान। गांव के वार्ड नंबर 10 और 11 के ग्रामीणों ने साफ कहा है कि यदि सड़क और मूलभूत सुविधाओं की मांग पूरी नहीं हुई तो वे विधानसभा चुनाव 2025 में वोट नहीं डालेंगे। उन्होंने कहा हमारे पास लगभग एक हजार वोट हैं जब तक सड़क नहीं बनेगी, पानी नहीं मिलेगा और गांव में सुविधा नहीं होगी, तब तक कोई भी उम्मीदवार हमारे वोट की उम्मीद न रखे, ग्रामीणों ने चेतावनी दी।

**प्रदर्शन में शामिल महिलाओं और युवाओं की गूंज**- आज के प्रदर्शन में महिलाओं ने नारेबाजी की, छात्र और युवा हाथों में तख्तियां लेकर निकले। पूरे गांव में सरकार के खिलाफ नारों की गूंज


### शपथ पत्र

मैं साकेत कुमार, पिता- बिहारी भुइयां, ग्राम-आजाद नगर, पो.-चेंई, थाना-सलैया, जिला-औरंगाबाद, (बिहार) सत्य एवं निष्ठा से निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उक्त पत्ते का स्थाई निवासी हूं। मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम साकेत कुमार एवं जन्म तिथि - 23.09.2007, अंकित है जो कि सही है एवं मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम सरीफ कुमार एवं जन्म तिथि- 01.01. 2009 है जो भूलवश अंकित हो गया है जो कि गलत है। मैं अपना आधार कार्ड में नाम साकेत कुमार एवं जन्म तिथि-23.09.2007 अंकित करवाना चाहता हूं जिसके लिए शपथ पत्र दे रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 2892 दिनांक 21.07.25

शपथकर्ता
साकेत कुमार

संपादकीय

# देश के 47 प्रतिशत मंत्रियों पर आपराधिक मामले

देश में लगभग सभी राज्यों में सामान्य राजनेता तो ठीक, मंत्री जैसे संवैधानिक पद पर विराजमान लोगों में दागियों का बोलबाला है। प्रकारांतर से यह हमारे पूरे समाज का आईना है। यह हकीकत एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा शपथ पत्र अध्ययन रिपोर्ट में सामने आई है।ष्ठक्रने 27 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के कुल 643 मंत्रियों के शपथ पत्रों (एफिडेविट) का विश्लेषण किया। एडीआर के मुताबिक जिन शपथ पत्रों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है, वे 2020 से 2025 के बीच चुनावों के दौरान दाखिल हुए थे। इन मामलों की स्थिति बदल भी सकती है। रिपोर्ट में इस हकीकत का खुलासा किया गया है कि देश के 47 प्रतिशत मंत्रियों पर क्रिमिनल केस है। 653 मंत्रियों में से 174 पर मर्डर-रेप जैसे गंभीर आरोप हैं। इनमें भाजपा के 136, कांग्रेस के 45 मिनिस्टर शामिल हैं। एडीआर ने कुल 643 मंत्रियों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया। गौरतलब है कि हमारे देश में विभिन्न राज्यों के 302 मंत्री (करीब 47 प्रतिशत) खुद पर आपराधिक केस होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें 174 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। यह मामला राज्यों तक ही सीमित नहीं है। केंद्र सरकार के 72 मंत्रियों में से 29 (40 प्रतिशत) ने आपराधिक केस होने की बात मानी है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी। हालांकि व्यवहार में ऐसा कहीं कुछ होता दिखाई नहीं दिया। चिंता की बात यह है कि देश के कुल 11 राज्यों में 60 फीसदी मंत्री क्रिमिनल हैं। इनमें आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पुडुचेरी में 60 प्रतिशत से ज्यादा मंत्री आपराधिक मामलों में आरोपी हैं। जबकि हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड और उत्तराखंड के किसी भी मंत्री पर कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं है। इन 643 मंत्रियों की कुल संपत्ति रू. 23 हजार 929 करोड़ है। औसतन हर मंत्री के पास रू. 37.21 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 30 में से 11 विधानसभाओं में अरबपति मंत्री हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 8 अरबपति मंत्री हैं, आंध्र प्रदेश में 6 और महाराष्ट्र में 4 हैं। केंद्र सरकार में 72 मंत्रियों में से 6 मंत्री (8 प्रतिशत) अरबपति हैं। अगर अरबपतियों का पार्टीवार आंकड़ा देखें तो सबसे ज्यादा अरबपति मंत्री भाजपा के हैं। एडीआर के अनुसार भाजपा के 14 मंत्री अरबपति हैं (कुल का 4 प्रतिशत)। जबकि कांग्रेस के 11 मंत्री अरबपति हैं (कुल का 18 प्रतिशत) तथा टीडीपी के 6 मंत्री अरबपति हैं (कुल का 26 प्रतिशत)। इनके अलावा आम आदमी पार्टी, जनसेना पार्टी, छ्ष्ठस्, ह्ष्टक्कऔर शिवसेना के भी अरबपति मंत्री हैं। आपराधिक मामलों के संदर्भ में महिला जनप्रतिनिधि भी पीछे नहीं हैं। इस बारे में एडीआर ने एक रिपोर्ट पिछले दिनों जारी की थी। इसमें सामने आया था कि देश की कुल 512 महिला सांसदों और विधायकों में से 28 प्रतिशत यानी 143 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें से 78 (15 प्रतिशत) पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर आरोप हैं। अगर महिलाओं से जुड़े अपराधों की बात करें तो इस मामले में पश्चिम बंगाल अव्वल तो आंध्र दूसरे नंबर पर है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में संसद में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होकर 30 दिन तक जेल में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटाया जा सकेगा। वर्तमान में स्थिति यह है कि देशभर में 45 प्रतिशत विधायक और 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# भागवत के शताब्दी संवाद से निकले संदेश

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से राजधानी दिल्ली में 100 वर्ष की संघ - यात्राः नए क्षितिज पर तीन दिवसीय संवाद सत्र का आयोजन हो तो देश और विदेश में उस पर गंभीरता से चर्चा और विमर्श बिल्कुल स्वाभाविक है। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के बवंडरों के बीच सार्थक और सकारात्मक संवाद को मीडिया में सर्वत्र स्थान मिलना बताता है कि धीरे-धीरे बौद्धिक और सक्रिय वर्ग के अंदर संघ के प्रति कायम मानसिकता में अनुकूल बदलाव आ रहा है। संघ के सरसंचालक डॉ मोहन भागवत ने शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के औपचारिक शुरुआत के पूर्व ही विज्ञान भवन में दो दिनों तक बातें रखी तथा तीसरे दिन प्रश्नों के उत्तर दिए तो निश्चय ही इसका अपना व्यापक उद्देश्य हो रहा होगा। तीन दिनों का ऐसा कार्यक्रम, जिसमें उठने वाले अधिकतर प्रश्नों के उत्तर आ गए हों उनके एक-एक बिंदु का विस्तार से विवरण देना संभव नहीं हो सकता।**

**अवधेश कुमार**



बिल्कुल सरल, सहज, सामान्य भाषा और शब्दावलियों में संघ किन स्थितियों में और क्यों उत्पन्न हुआ, प्रयोजन क्या है, अभी तक यात्रा के अनुभव कैसे आए, संगठन के नाते उसका चरित्र कैसा है तथा आगे समाज, देश और विश्व की दृष्टि से किन लक्ष्यों और योजनाओं पर सक्रिय है एवं रहेगा आदि विषयों को समझा देना सामान्य बात नहीं है। आलोचक और विरोधी कुछ भी कहे, किंतु क्या हमारे देश में कोई संगठन है, जो अपने चिंतन या विचारधारा, संपूर्ण समाज, देश और विश्व की कल्पना तथा उन दृष्टियों से किए जाने वाले कार्यों को राजधानी दिल्ली और आसपास के बौद्धिक वर्ग, एक्टिविस्टों, एनजीओ, पत्रकारों, विदेशी राजनयिकों तथा समाज के इस हर क्षेत्र में सक्रिय प्रतिनिधियों को बुलाकर तीन दिनों तक संवाद कर सके?

आज के भारत और विश्व के परिप्रेक्ष्य में देखें तो इस संवाद का सबसे महत्वपूर्ण स्वरुप किसी के लिए भी एक शब्द विरोध या कटुता तथा निराशा भाव का लेश मात्रा भी उपस्थित नहीं होना। आरंभ में डॉ भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ की उत्पत्ति का मूल तथा प्रयोजन एक ही है जो हम प्रतिदिन शाखा में प्रार्थना के बाद कहते हैं- भारत माता की जय।हमारा देश भारत विश्व गुरु बने पहले दिन भी यह हमारा ध्येय था और आगे भी रहेगा। विश्व गुरु का अर्थ किसी को सीख देना नहीं अपने व्यवहार से आदर्श उत्पन्न करना ताकि दूसरे हमसे सीखें। भारत इसलिए कि हर देश का अपना ध्येय होता है जिसे उसे प्राप्त करना पड़ता है। भारत का ध्येय संपूर्ण विश्व का कल्याण है। केवव भारतीयों ने ही अपने अंदर देखते - देखते संपूर्ण ब्रह्मांड से साक्षात्कार किया। तो स्वयं को ब्रह्मांड का अंग मानने वाला भारत कभी संकुचित स्वार्थ या दूसरों को कुचलने उन पर प्रभुत्व जमाने का चरित्र अपना ही नहीं सकता। इस देश ने दूसरों के कल्याण के लिए अपने स्वार्थ को तिलांजलि देने का उदाहरण प्रस्तुत किया है। संघ के आविर्भाव के पीछे डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की स्वतंत्रता आंदोलन की सक्रिय भूमिका थी। उन्होंने क्रांतिकारी धारा, उसके बाद कांग्रेस,समाज सुधार और धर्म सुधार आंदोलनों की अपनी भूमिकाओं से समझा कि जिन कारणों से भारत लंबे समय तक गुलामी झेलता रहा उनको दूर करना तथा फिर वैसी स्थिति उत्पन्न न होने देना ही एकमात्र रास्ता है। इसीलिए उन्होंने हिंदू समाज के संगठन के रूप में संघ के शुरुआत की घोषणा 1925 में की। इसके साथ सुनिश्चित किया कि संघ केवल शाखा के माध्यम से उस रूप में मनुष्य का निर्माण करेगा, स्वयंसेवक बनाएगा। संघ इसके अलावा कुछ नहीं करेगा लेकिन स्वयंसेवक सब कुछ करेंगे।

बनी बनाई धारणाओं से बाहर निकाल कर देखें तो संघ का यही चरित्र आपको प्रत्यक्ष दिखाई पड़ेगा। जिन्हें संघ का अनुषांगिक क्षेत्र कहा जाता है वे सारे संगठन स्वयंसेवकों द्वारा आरंभ किए गए। वे संघ के स्वयंसेवक हैं, इसलिए उनके साथ प्रत्यक्ष जुड़ाव रहता है। लेकिन जैसा भागवत ने कहा हम नियंत्रित नहीं करते सभी स्वायत्त हैं। नए क्षितिज के व्याख्यान में भागवत ने पांच परिवर्तनों की बात की। पिछले 1 वर्ष से संघ की ओर से पांचो विषय अर्थात कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता,पर्यावरण तथा नागरिक कर्तव्य बोध देश के सामने रखे जा रहे हैं। समाज संबंधहीनता की ओर बढ़ रहा है तथा परिवार परंपरा कमजोर होने, टूटने से ऐसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं जिनका कोई समाधान नहीं। इसलिए शताब्दी वर्ष में सबसे ज्यादा जोर इसी पर है। सामाजिक समरसता यानी समाज में कोई ऊंच-नीच नहीं, छुआछूत नहीं। डॉ भागवत ने कहा कि आज जाति की भूमिका है नहीं,लेकिन हमारे अंदर यह है कि हम फलां जाति के वह फलां जाति के और इससे ऊंच- नीच का भाव पैदा होता है। तो श्मशान, पानी और देवस्थान सभी के लिए ये समान रूप से उपलब्ध हों, हमारे एक दूसरे के घर जाने-आने का संबंध विकसित हो। स्वदेशी- जो कुछ देश में उपलब्ध है पहले उसे लें उसके बाद विदेशी की ओर। विकास के वर्तमान ढांचे ने पूरे विश्व के समक्ष पर्यावरण का ऐसा संकट पैदा किया जिससे हमारा अस्तित्व खतरे में है। रास्ता प्रकृति को केंद्र में रखकर जीवन प्रणाली अपनाना है। चाहा है वहां से एकाएक नहीं मुड़ सके थे लेकिन धीरे-धीरे टर्न होना पड़ेगा। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर अपने देश व समाज के प्रति दायित्व पालन का चरित्र पैदा हो। संविधान, कानून और व्यक्तिगत सामाजिक गरिमा के स्पालन करने का सामूहिक चरित्र ही भारत को विश्व गुरु बनाएगा। स्वयंसेवक पूरे वर्ष लोगों के बीच यही बिंदु लेकर जाएंगे।

इनमें वे विषय भी आए जिन पर सबसे ज्यादा विवाद खड़े होते हैं। अर्थात हिंदू ही क्यों ? भागवत ने कहा कि आप हिंदवी कहिए भारतीय कहिए हमें आपत्ति नहीं है। हिंदू का कंटेंट यानी विषय वस्तु हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हिंदू यानि व्यापक व उधर सोच तथा व्यवहार। हम अपने विचार,संस्कृति पर गर्व करें लेकिन दूसरे का जो है उसे सम्मान दें, उनसे नफरत न करें। मुसलमानों और ईसाइयों से विरोध और नफरत क्यों? भागवत ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस ने तीनों पद्धतियों से साधना कर बताया कि सब एक ही जगह पहुंचते हैं। यहीं पर उन्होंने कहा कि 40 हजार वर्षों से हमारा डीएनए एक है केवल कर्मकांड बदला है। भागवत ने कहा कि मुसलमानों के अंदर भय पैदा किया कि आप उनके साथ मिलकर रहोगे तो मजहभ खत्म हो जाएगा और हमारे अंदरभाव है कि इन्होंने लड़ाइयां लड़ीं, धर्म परिवर्तन किया, देश बांटा, इसलिए इनको शंका से देखो। इन दोनों से बाहर निकल परस्पर संवाद और सहकार की आवश्यकता है। तो हिंदू, मुसलमान औल ईसाई आदि को लेकर यही है संघ की सोच। राष्ट्रभाषा भारत की सभी भाषाएं राष्ट्रभाषा है। हां, व्यवहार के लिए कोई एक भाषा अखिल भारतीय होनी चाहिए। अंग्रेजी सीखने जानने में बुराई नहीं है क्योंकि उनमें भी हमारे लिए बहुत कुछ है किंतु अंग्रेजी या विदेशी भाषा हमारी राष्ट्रभाषा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर हम अपनी भाषा में शुरू करें और इसे लेकर गर्व करें। भारत को समझने के लिए संस्कृत जानना चाहिए लेकिन हम इसे अनिवार्य नहीं कर सकते। सरकार और नीतियों के संदर्भ में इतना ही कि हमारी विशेषज्ञता शाखा लगाने, मनुष्य निर्माण करने की और उनकी विशेषज्ञता राजनीति करने,सरकार चलाने की है। वह अपना काम करते हैं हम अपना काम। हमें कुछ समझ में आता है तो सुझाव देते हैं। संघ भाजपा को नहीं चलाता और चला भी नहीं सकता है। सबसे बढ़कर मोहन भागवत ने यह कहा कि हम किसी को भी अपना विरोधी और शत्रु मानकर व्यवहार नहीं करते, इसीलिए कल के अनेक विरोधी आ साथ हैं और कल और भी आएंगे। विरोध करने वाले भी अपने ही हैं यह मानकर स्वयंसेवक व्यवहार करते हैं और यही बना रहेगा। सबके बावजूद उनका आग्रह था कि आप धारणाओं के आधार पर या हमारे कहे अनुसार संघ को मत मानिए अंदर आकर इसे देखिए समझिए। भागवत के पूरे संवाद को निष्पक्ष होकर देखें तो निष्कर्ष आएगा कि 100 वर्षों की उम्र सीमा में पहुंचने के बाद विचारधारा तथा स्वयंसेवकों द्वारा विविध क्षेत्रों में किए गए कार्यों के अनुभव ने संगठन के अंदर अतुलनीय आत्मविश्वास उत्पन्न किया है, समाज, देश और विश्व के व्यवहारिक यथार्थ की समझ विकसित होने के साथ उनके समाधान के रास्तों की भी गहरी अनुभूति हुई है।

अध्यात्म

## जब गौतम बुद्ध ने एक पेड़ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की..



एक बार महात्मा बुद्ध एक वृक्ष को ऐसे नमन कर रहे थे जैसे वह उनका गुरु हो या कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति। दूर खड़ा उनका एक शिष्य यह सब देख रहा था। उसे गौतम बुद्ध जैसे ज्ञानी को पेड़ के सामने झुकते देख बहुत हैरानी हो रही थी। वह बुद्ध के पास गया और पूछा, भगवन! आपने इस वृक्ष को नमन क्यों किया? शिष्य का सवाल सुन बुद्ध ने कहा - क्या इस वृक्ष को नमन करने से कुछ अनहोनी हो गई? शिष्य बोला - नहीं भगवन्! ऐसी बात नहीं है लेकिन मेरे लिए यह हैरानी की बात है कि आप जैसा ज्ञानी महापुरुष इस वृक्ष को नमस्कार कर रहा है। यह एक साधारण वृक्ष है। यह न तो आपकी किसी बात पर प्रतिक्रिया दे सकता है और न ही आप जैसे ज्ञानी का सानिध्य पाकर या आपके नमन करने पर अपनी प्रसन्नता जाहिर कर सकता है। बुद्ध ने मुस्कुराकर जवाब दिया - वत्स! तुम्हारा सोचना पूर्णतः गलत है। वृक्ष भले मेरी-तुम्हारी तरह बोलकर उत्तर नहीं दे सकता है लेकिन जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की एक भाषा होती है, उसी प्रकार प्रकृति की भी अपनी भाषा होती है। वृक्ष में भी प्राण हैं। वह भी सजग और सजीव है। वृक्ष के नीचे बैठकर ही मैंने वर्षों साधना की है। वृक्ष की घनी पत्तियों ने मुझे शीतलता प्रदान की, चिलचिलाती धूप और वर्षा से मेरा बचाव किया। प्रत्येक पल पेड़ ने मेरी सुरक्षा की। पेड़ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना मेरा परम कर्तव्य है। बात सिर्फ मेरी या इस पेड़ की नहीं है बल्कि पृथ्वी पर मौजूद प्रत्येक जीव को प्रकृति का कृतज्ञ होना चाहिए। आगे बुद्ध ने कहा - तुम इस वृक्ष को ध्यान से देखो। इसकी हिलती हुई टहनियों को देखो, इसके हिलते हुए पत्तों को देखो। क्या तुम्हें नहीं लग रहा कि यह मेरे धन्यवाद का जवाब बड़ी ही खूबसूरती से दे रहा है और अपनी भाषा में मुझसे बात करने की कोशिश कर रहा है। बुद्ध की बात पर शिष्य ने वृक्ष को नए नजरिए से देखा और महसूस किया कि वाकई में उस वृक्ष की पत्तियां, शाखाएं, फूल झूम-झूमकर कुछ कहने की कोशिश कर रही हैं। अब शिष्य को भी वृक्ष के प्रति कृतज्ञता महसूस हुई और वह भी सम्मान में उसके आगे झुक गया।

# एक चेतावनी है अफगानिस्तान का भूकंप

**31 अगस्त 2025 की मध्य रात्रि के बाद पूर्वी अफगानिस्तान में 6.0 तीव्रता के आए भूकंप ने बड़ी त्रासदी रच दी। करीब 1400 लोग काल के गाल में समा गए और 3000 से ज्यादा लोग घायल हो गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर जलालाबाद नगर से 27 किमी पूर्व में था। इसकी गहराई मात्र 8 से 10 किमी थी। भूकंप से कई गांव पूरी तरह मलबे में दबकर बर्बाद हो गए। सबसे अधिक तबाही नंगरहार में हुई है। अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भी इसे 6.0 तीव्रता का उथला भूकंप बताया है। उथले भूकंप गर्भ से भूमि की सतह पर फूटने के साथ भीषण बर्बादी का कारण बनते हैं। संसाधनों से अभावग्रस्त तालिबान सरकार ने बचाव कार्य षुरू कर दिए हैं, लेकिन भूकंप का प्रभाव ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में हैं, जहां पहुंच आसान नहीं है।**

**प्रमोद भार्गव**

अफगानिस्तान में भूकंपों का आना लगा ही रहता है। 1998 में आए भूकंप में 7,500 लोग मारे गए थे, वहीं मार्च 2002 में हिंदूकुश में 1000, हिंदूकुश में ही 2015 में 399, खोस्त में 2022 में 1000 और हैरात में 2023 में 6.3 तीव्रता के आए भूकंप के 2000 से ज्यादा लोग मारे गए थे। अफगानिस्तान हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला में है, जहां यूरोएशियन परत, अरेबियन परत और इंडियन परत के परस्पर टकराव से भूकंप आते है। यह प्रतिवर्ष 100 से ज्यादा भूकंप आते है। लेकिन 6.0 तीव्रता के ऊपर का भूकंप असाधारण होता है। यहां भारतीय परत का यूरोएशियन परत से टकराव मिमी वर्षा की गति से होता है। नंगरहार और कुनार पूर्वी प्रांत पाकिस्तान सीमा पर हैं। जहां दोष रेखाएं (फाल्ट लाइंस) सक्रिय है। जलवायु परिवर्तन के चलते इस पूरे क्षेत्र में भूस्खलन का खतरा भी मंडरा रहा है। इस कारण इस भूकंप से नुकसान कहीं अधिक हुआ है।

भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देशों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, चीन और अन्य देशों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों असफल हैं ? जबकि वैज्ञानिक इस दिशा में लंबे समय से कार्यरत हैं। अमेरिका एवं भारत समेत अनेक देश मौसम व भूगर्भीय हलचल की जानकारी देने वाले अनेक उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित कर चुके हैं। हिंदूकुश क्षेत्र में आया यह भूकंप भारत के लिए भी चेतावनी हैं। क्योंकि हमारे यहां भी कई राज इस लिहाज से संवेदनशील है। दरअसल दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में मानवीय हस्तक्षेप शामिल है। इसीलिए इस भूकंप को स्थानीय भू-गर्भीय विविधता का कारण माना गया है।

दरअसल प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृश्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। पहले 13 सालों में एक बार भूकंप आने की आशंका बनी रहती थी, लेकिन अब यह घटकर 4 साल हो गई है। यही नहीं आए भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है, उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मोन्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। जापान और फिर क्वोटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चला है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भूकंप के मुहाने पर खड़े हैं। विकास की अंधी दौड़ में पर्यावरण की अनदेखी प्रकृति को प्रकोप में बदल रही है। इसलिए बाढ़, भू-स्खलन, सूखा, हिमनदों का पिघलना, भूकंप और सुनामी जैसे तूफानों का आना निरंतर बना हुआ है।



भूकंप आना कोई नई बात नहीं है। पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गई और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है, जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया की वजह से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं।

भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगे जितनी कम गहराई से उठेंगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। मैक्सिको में सितंबर 2017 में आया भूकंप धरती की सतह से महज 40 किमी नीचे से उठा था। इसलिए इसने भयंकर तबाही का तांडव रचा था। तिब्बत में आए भूकंप की गहराई तो मात्र 10 किमी आंकी गई है और अब यह अफगानिस्तान का भूकंप मात्र 8 से 10 किमी की गहराई से उठा था।

दरअसल सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे से भी आते हैं, लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है, इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती। दरअसल इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। बावजूद इन भूकंपों से ऊर्जा बड़ी मात्रा में निकलती है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियाँ लगी रहेंगी। लेकिन दोपहर के बाद काफी सारी परिस्थितियाँ आप अनुकूल कर लेंगे। प्रेमीजन का साथ मानसिक बल देगा।

**वृषभ**

विद्यार्थियों को पढ़ाई में ध्यान रखना पड़ेगा। आप शुभ कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं। व्यापारियों को ग्राहकों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखने चाहिये।

**मिथुन**

विरोधी आपका उपहास कर सकते हैं। मन में अस्थिरता और तनाव की स्थिति रहेगी। छोटी दूरी की यात्रा करने का विचार बनायेंगे।

**कर्क**

भविष्य के लिये आप बड़ी योजना बना सकते हैं। मांगलिक कार्य में आप सम्मिलित हो सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के प्रति एकाग्र रहेंगे।

**सिंह**

कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। मौसम में अचानक बदलाव के कारण आपको समस्या हो सकती है। बच्चों को लेकर आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

**कन्या**

जिद्दीपन वाले व्यवहार से आपको बचना चाहिये। थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। दूसरों की भावनाओं पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला**

आपको कार्यक्षेत्र में अप्रत्याशित लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। मार्केटिंग सम्बन्धी कार्यों के लिये दिन अनुकूल है। आपको अच्छे सम्पर्कों का लाभ अवश्य मिलेगा।

**वृश्चिक**

दिन प्रसन्नता और उत्साह से भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के साथ अपने मन की बातें कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु**

विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। सन्तान के रवैये से आप सन्तुष्ट रहेंगे। कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है। परिवार के सदस्यों के बीच अच्छा तालमेल रहेगा।

**मकर**

महत्वपूर्ण सामान चोरी हो सकता है। इसीलिये आज यदि यात्रा कर रहे हैं तो सामान के प्रति विशेष सावधानी रखें। अनावश्यक कार्यों के लिये अपना समय व्यर्थ न करें।

**कुंभ**

आकस्मिक यात्रा की सम्भावना बन सकती है। शेयर मार्केट में सम्भलकर निवेश करें। रिश्तेदारों पर अधिक विश्वास करना उचित नहीं है।

**मीन**

आपकी निर्णय लेने की क्षमता का विकास होगा। विरोधी आपके मित्र बन सकते हैं। लक्ष्य प्राप्ति के लिये कड़ी मेहनत करेंगे। जिसके सार्थक परिणाम भी आपको शीघ्र प्राप्त होंगे।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की योजना है मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना

## महिलाओं के लिए मील का पत्थर बनेगी योजना : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के कारगिल विजय सभगार में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवम आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और ठोस कदम उठाते हुए रविवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीविका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपविकास आयुक्त प्रवीण कुमार, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार, जीविका दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार ने इस अवसर पर विषय प्रवेश करते हुए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की विस्तार से जानकारी दी।उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना महिलाओं के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से महिलाएं घरेलू कार्यों तक ही सीमित रही हैं, लेकिन अब समय बदल रहा है। सरकार चाहती है कि महिलाएं भी व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्र में आगे आएं और अपने हुनर के माध्यम से रोजगार सृजन करें। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को सरकार द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे अपना छोटा-मोटा उद्योग, दुकान, सेवा केंद्र या अन्य उद्यम शुरू कर सकें। उन्होंने जीविका दीदियों को इस बात की हिदायत दी कि इस योजना में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज की प्रगति अधूरी है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना न केवल महिलाओं के लिए एक अवसर है बल्कि यह पूरे परिवार और समाज के लिए विकास की नई राह खोलती है। उन्होंने बताया कि महिला जब स्वावलंबी बनती है तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और घर-परिवार की स्थिति भी बेहतर होती है। उपस्थित दीदियों ने सिलाई-कढ़ाई केंद्र खोलने की योजना जताई तो किसी ने दुकान, ब्यूटी पार्लर अथवा खाद्य प्रसंस्करण इकाई शुरू करने की बात कही। उनकी बातों से साफ झलक रहा था कि यह योजना महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास जगाने का काम करेगी।आयोजन के दौरान पटना में आयोजित मुख्य समारोह को दीदियों ने वर्चुअल माध्यम से देखा एवं मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना।इस अवसर पर अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि वे योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और प्रशिक्षण के अवसरों को गंवाए नहीं। उन्होंने कहा कि केवल सहायता राशि प्राप्त कर लेने से काम पूरा नहीं होगा। बल्कि महिलाओं को अपने काम के प्रति जिम्मेदारी और लगन भी दिखानी होगी।इसके उपरांत उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार सहित अन्य दीदियों ने महिला संवाद रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जीविका के ग्राम संगठनों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पर आम लोगों को जागरूक करेगी।

## शटर तोड़कर तीन लाख की संपत्ति उड़ायी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बीते देर रात बेखौफ चोरों ने रूपसपुर थाने के कोथवां रोड स्थित देव इलेक्ट्रॉनिक दुकान के शटर तोडकर करीब तीन लाख की संपत्ति पर हाथ साफ करने का मामला सामने आया है. चोरी करते हुए सीसीटीवी फुटेज में सात चोरों का तस्वीर कैद हो गई है. इस संबंध में दुकानदार देव कुमार ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है. घटना के बारे में दुकानदार देव ने बताया कि शनिवार की रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गये थे. रविवार को अहले सुबह दुकान के पडोसी दुकानदार ने फोन कर सूचना दिया कि दुकान के शटर टूटा हुआ है. सूचना पर जब दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान के शटर टूटा हुआ था और दुकान में सारा सामान बिखरे पडे हुए थे. उन्होंने बताया कि चोरों ने दुकान में रखे इलेक्ट्रिक वायर समेत अन्य उपकरण व गल्ले से बीस हजार नगद रूपये चोरी कर ले गये है. उन्होंने बताया कि इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

## एक नजर

### दो वारंटी गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने शनिवार की देर रात्रि छापेमारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सरौंजा गांव निवासी मोहम्मद नौसाद का पुत्र मोहम्मद नौसेरबा एन,वाई डब्ल्यू का एक फरार वारंटी जगदर निवासी सहदेव सिंह का पुत्र अमर कुमार उर्फ कारी सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से दोनो को जेल भेज दिया गया। वही गुप्त सूचना के आधार पर शराब माफियाओं के खिलाफ सघन छापेमारी के तहत थाना क्षेत्र के शहुरी पंचायत एवं मैदा बभनगामा पंचायत के बहियार मे छापेमारी कर करीब दो हजार लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब को विनष्ट किया गया कारोबारी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### चार वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने विभिन्न गांवों से चार वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटी हसनपुर बागर पंचायत के चकमुजफ्फर के रणवीर सिंह का पुत्र विकास कुमार, विष्णुपुर पंचायत के गौरीपुर के मो हैदर, नावकोठी के राजेश कुमार तथा चुनचुन सहनी है। विकास पर थाना कांड संख्या 143/25, मो हैदर पर नालिसी वाद संख्या 1129 सी, चुनचुन सहनी पर थाना कांड संख्या 99/94, राजेश कुमार पर थाना कांड संख्या 123/15 के तहत कांड अंकित था। लंबी अवधि से ये सभी न्यायालय से अनुपस्थित थे। न्यायालय ने इनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंटी जारी किया था। इस गिरफ्तारी में एस एच ओ राजीव कुमार रंजन, एस आई अबोध कुमार, विश्वजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जोकीहाट महलगांव क्षेत्र के कुर्सैल गांव में रविवार को टेंट लगाने के दौरान ग्यारह वोल्ट वाली बिजली के तार के चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृत मजदूर अशरफ(27 वर्ष) उदा गांव के मो अकलेस का पुत्र था। हालांकि इस घटना की सूचना किसी के द्वारा महलगांव थाना में नहीं दी गई है, लेकिन लोगों ने बताया कि कुर्सैल गांव में मजदूर टेंट लगा रहा था। इस दौरान टेंट लगाने मे इस्तेमाल किए जाने वाला कच्चा बांस बिजली के तार में अचानक स्पर्श हो गया,जिससे उसकी स्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद से परिजनों जहां कोहराम मचा है। वहीं गांव के लोगों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। इधर इस घटना के बाद पूर्व सांसद सरफराज आलम ने स्थल पर जाकर मृतक के परिजनों को सांत्वाना दी।

### जमाबंदी शिविर में फॉर्म का वितरण

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड के मैदा बभंगामा पंचायत के समुदाय भवन में रविवार को राज्य सरकार के निर्देश के तहत चल रहे भू-सर्वे कार्य को गति देने व उसे अंतिम रूप देने को लेकर सरकार के निर्देश पर रैयतों के बीच जमाबंदी दस्तावेज का वितरण किया जा रहा है।जमाबंदी दस्तावेज वितरण को लेकर अलग-अगल विभागों के कर्मियों को भी लगाया गया है। लेकिन कर्मियों की माने तो अब तक औसतन 50 फीसदी भी जमाबंदी दस्तावेज का वितरण नहीं हो सका है। मिल रही जानकारी के अनुसार इससे बड़ी परेशानी की बात यह है कि जमाबंदी रैयतों व भू-स्वामियों के पूर्वजों के नाम से चली आ रही है। कर्मियों की मानें तो अधिकतर रैयतों को तो अपने पूर्वजों के नामों की जानकारी भी नहीं है। जिन रैयतों व भू-स्वामियों के पास वंशावली है। वे आसानी से जमाबंदी दस्तावेज प्राप्त कर रहे हैं।

### स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में विशेष अंग्रेजी कक्षाएं संचालित



**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर, अररिया में रविवार को कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष अंग्रेज़ी कक्षाएँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। इस अवसर पर स्कॉटिश मैनेजमेंट, कटिहार के सहयोग से अंग्रेज़ी संकाय के दो एचओडी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया और उनकी तैयारी को और सुदृढ़ बनाया। विद्यालय निदेशक अनूप कुमार ने बताया कि आधा वार्षिक परीक्षा से पूर्व विशेष रविवार कक्षाओं का यह सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवधि में विद्यार्थियों को प्रत्येक विषय के लिए विशेष सत्र प्रदान किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों के एचओडी शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। जिसमें स्कॉटिश पब्लिक स्कूल के संस्थापक डॉ. अविनाश को, स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, कटिहार के निदेशक गीत को और जिनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से यह पहल संभव हो सकी। निदेशक ने यह भी कहा कि आधा वार्षिक परीक्षा के उपरांत इन कक्षाओं को पुनः नियमानुसार प्रारंभ किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन और शैक्षणिक प्रगति का लाभ मिल सके।

## वार्ड सदस्य के घर पर गोलीबारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र में शनिवार की रात महेशवाड़ा पंचायत के नौलखा गांव के वार्ड सदस्या के घर पर अपराधियो ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। वार्ड सदस्या स्व महेन्द्र महतो की पत्नी शांति देवी व महेशवाड़ा के कुशो साव की पत्नी प्रमिला देवी दोनों ने थाने में आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। शांति देवी ने कहा है कि उसका पुत्र नवीन कुमार दरवाजे पर सोया हुआ था तथा वह वहीं बैठी थी। रात के 12 बजे लगभग आधे दर्जन बदमाश आये और गोलियां चलाने लगे। बदमाशों ने कहा कि एक माह पूर्व दो लाख रुपये रंगदारी की मांग की गयी थी किन्तु नहीं मिला है। इसी बात को लेकर बदमाशों ने गाली गलौज घर पर करते हुए कहा है कि रंगदारी का रुपये नहीं देने पर जान से सपरिवार को मार देंगे। उसने महेशवाड़ा के अमित कुमार, सोनू कुमार, अतुल मिश्रा, राहुल कुमार तथा दो अन्य बदमाशों पर गोलीबारी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दो राउंड गोलियां भी चलाई किन्तु वह और उसका बेटा बाल बाल बची। ग्रामीणों ने घटना स्थल से दो खोखा और तीन मिस फायर गोली भी पुलिस को सौंपा है। इधर कुशो साह की पत्नी प्रमिला देवी ने थाने में दिये गये आवेदन में बदमाशों पर गोलीबारी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह अपने पति को पानी देने गयी थी। इसी वक्त लगभग आधे दर्जन बदमाशों ने घर पर चढ़ कर इस घटना को अंजाम दिया। इसमें वह और उसके पति बाल बाल बचे। उसकी कान की बाली भी तोड़ लिया। इस घटना में आशिश कुमार, सोनू कुमार, अतुल मिश्रा, राहुल कुमार एवं दो अन्य पर पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने नहीं देने पर उसके दोनों पुत्रों दीपक एवं कन्हैया को जान से मारने की धमकी देने आदि आरोप लगाया है। घटना की सूचना रात में मिलते ही घटना स्थल पर थाने की पुलिस दल-बल के साथ पहुंचकर घटना की खोज बीन में जुट गई है। थाने में प्राथमिकी दर्ज कर बदमाशों की धरपकड़ के लिए छापेमारी तेज कर दी गयी है। इस संबंध मे नौलखा गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने जिले के एसपी मनीष से मांग किया है कि अपराधी की गिरफ्तारी शीध्र नहीं होती है तो वह कभी भी नौलखा गांव आकर वार्ड सदस्या समेत उसके परिवार के लोगों की हत्या कर सकते हैं।

## फ्री मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**फुलवारीशरीफ।** जन कल्याण सेवा समिति महावीर मंदिर महावीर नगर बेऊर और जय चन्द्र नर्सिंग होम महावीर नगर बेऊर के संयुक्त सौजन्य से आज फ्री मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैंप में लगभग ढाई सौ लोगों का मुफ्त इलाज किया गया। जन कल्याण सेवा समिति के ट्रस्टी सह महावीर मंदिर के सचिव बालेंद्र शर्मा ने बताया कि इस कैंप में प्रसिद्ध स्त्री रोग और कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा ठाकुर (एन एम सी एच), डॉ. मणि शंकर ठाकुर (महावीर कैंसर अस्पताल), डॉ. अभय शंकर, डॉ. मधु (पी एम सी एच), डॉ. स्वेता, डॉ. माधव सहित कई चिकित्सकों ने अपनी निःशुल्क सेवाएं दीं। इस अवसर पर मंदिर के सचिव बालेंद्र शर्मा, आजीवन सदस्य एस. एन. ठाकुर, दिनेश कुमार, दिनेश सिंह, सत्येंद्र शर्मा, विजय शंकर विद्यार्थी, योगेन्द्र कुमार सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कैंप में आए लोगों का मुफ्त बीपी और शुगर की जांच की गई. साथ ही 35 लोगों का फ्री अल्ट्रासाउंड, 32 लोगों का फ्री ईसीजी और 38 लोगों का फ्री यूरिक एसिड टेस्ट किया गया।

## शिक्षक दिवस पर तेंदुआ विद्यालय के शिक्षक राहुल कुमार सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर/रोसड़ा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर समस्तीपुर जिले के रोसड़ा में आयोजित राजकीय नवाचारी उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदुआ के सहायक शिक्षक राहुल कुमार को सम्मानित किया गया। मुसाय नायक सीता देवी एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस समारोह में विभाग के निदेशक डॉ. एन.के. अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि महानिरीक्षक सुशील कुमार सुमन, विधायक बिरेंद्र कुमार और एसडीओ संदीप कुमार की उपस्थिति रही। ट्रस्ट अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार और देवेंद्र प्रसाद नायक ने संयुक्त रूप से राहुल कुमार को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद शिक्षक राहुल कुमार ने ट्रस्ट, संस्था और उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजकीय नवाचारी उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान पाकर गर्व की अनुभूति हो रही है। शिक्षक समाज को दिशा देने वाली वह शक्ति है जो राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। विद्यालय परिवार ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई। शिक्षक नेता अजीत कुमार सिंह, शिक्षक राजेश कुमार, रंजन लालजी प्रसाद, ओमप्रकाश, कला प्रवीण समेत अन्य शिक्षकों ने राहुल कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मांगों को लेकर कार्यपालक सहायकों ने किया प्रदर्शन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ जिला इकाई के आह्वान पर रविवार को विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्यपालक सहायकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला मुख्यालय के दक्षिणी द्वार पर धरना प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन राज्य संघ के निर्देश पर आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों कार्यपालक सहायक शामिल हुए। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष पप्पू कुमार ने किया। संचालन संघ के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार ठाकुर ने किया। मौके पर अराजपत्रित कर्मचारी संघ के मोहन मुरारी ने भी उनके आंदोलन के समर्थन में आवाज बुलंद किया। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रतीकात्मक प्रदर्शन नहीं है। बल्कि सरकार की नीतियों और लगातार हो रही उपेक्षा के खिलाफ गहरी नाराजगी और असंतोष का स्पष्ट संदेश है। नेताओं ने कहा कि कार्यपालक सहायक अपनी सेवा 14 से 15 वर्षों से दे रहे हैं लेकिन अब तक उनका स्थायीकरण, राज्यकर्मी का दर्ज़ा, वेतनमान, ईपीएफ, चिकित्सीय लाभ जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। बार-बार मांगों के बावजूद सरकार और बीपीएसएम की चुप्पी से कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 10 सितंबर तक मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो सभी कार्यपालक सहायक दो दिनों का सामूहिक अवकाश लेंगे। इसके बाद भी सकारात्मक पहल न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाया जाएगा। संघ के मीडिया प्रभारी तुषार रंजन ने कहा कि कार्यपालक सहायक वर्षों से जिले के विभिन्न विभागों में काम कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर सरकार का ध्यान नहीं जा रहा। मौके पर दुर्गेश नंदन कुमार, अनिल कुमार, विकास कुमार, नितीश कुमार, हीरा पासवान, राजीव कुमार, शशि सिद्धार्थ पांडे, अभिषेक कुमार, शालिनी कुमारी, हिमांशु कुमार, मुकेश कुमार, विभा कुमारी, देव कुमार, राहुल कुमार, मो शमशाद, अशोक कुमार पंडित, जितेंद्र कुमार साहनी, पंकज कुमार, निशा कुमारी, सुमित झा, रमन कुमार पाठक, मुकुंद कुमार, दीपक कुमार, श्रवण, रोहित कुमार, पल्लवी कुमारी, नंदिनी कुमारी, समेत बड़ी संख्या में कार्यपालक सहायक मौजूद रहे। अंत में एक शिष्टमंडल जिला पदाधिकारी से मिलकर अपनी मांगों का मांगपत्र सौंप धरना के समाप्ति की घोषणा की।

## आइएमए ने किया सतत चिकित्सा शिक्षा संगोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के आईएमए सभागार में शनिवार की रात्रि इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल दिल्ली एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बेगूसराय के संयुक्त तत्वावधान में सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का विषय हेड एवं नेक कैंसर के आधुनिक उपचार एवं हृदय शल्य चिकित्सा की नई तकनीकें रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आईएमए की वैज्ञानिक समिति के चेयरमैन डॉ. बिनय कुमार एवं आईएमए सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर अपोलो अस्पताल की वरिष्ठ हेड एवं नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ तापस्विनी प्रधान ने मुख, गले एवं गर्दन के विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके उपचार एवं रोगियों की सफल कहानियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि कैंसर से घबराने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि साहस एवं दृढ़ मानसिकता के साथ उसका मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक को कभी भी मरीज को ना नहीं कहना चाहिए ।बल्कि उपलब्ध सभी चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बनारस के एक मरीज का उदाहरण प्रस्तुत किया।जो पिछले 25 वर्षों से बार-बार मुख कैंसर से जूझते हुए भी हर बार सफल शल्य चिकित्सा के बाद सामान्य जीवन जी रहे हैं।इसके उपरांत अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ मुकेश गोयल ने हृदय शल्य चिकित्सा की नवीनतम तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जहाँ पहले बड़े चीरे के साथ हृदय शल्य क्रिया की जाती थी।वहीं अब छोटी चीरा तकनीक से न केवल सफल ऑपरेशन संभव है, बल्कि मरीज की शीघ्र रिकवरी होती है तथा कॉस्मेटिक लाभ भी मिलता है। विशेषकर युवा महिलाओं के मामले में यह तकनीक अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है।क्योंकि बड़े निशान के कारण विवाह जैसी सामाजिक समस्याएँ उत्पन्न हो जाती थीं। आईएमए सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार की सीएमई से चिकित्सकों को लगातार नई-नई तकनीकों की जानकारी मिलती रहती है। विश्वभर में होने वाली इन संगोष्ठियों का सीधा लाभ क्षेत्र के मरीजों को मिलता है।इस अवसर पर शहर के चर्चित चिकित्सक डॉ के.के सिंह, डॉ एस.बी.पी. सिंह, डॉ. शैलेंद्र लाल, डॉ रमणरेश सिंह, डॉ आर.एस. पंडित, डॉ गणेश कुमार, डॉ पियूष कुमार, डॉ प्रेमचंद कुमार, डॉ राजेश कुमार, डॉ नंदलाल, डॉ रामरेखा, डॉ बिपिन कुमार, डॉ दिवाकर सिंह एवं डॉ संतोष कुमार उपस्थित थे।

## न्याय के लिए विशिष्ट शिक्षक जाएंगे हाईकोर्ट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** सक्षमता परीक्षा उत्तीर्णता के बाद सरकार द्वारा नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्ज़ा प्रदान किया गया। यह निर्णय लंबे संघर्ष के बाद शिक्षकों के लिए एक उपलब्धि था। राज्यकर्मी बनने के साथ नियमावली के अनुसार उन्हें जो वेतन मिल रहा था उनके समस्थानिक इंडेक्स के आधार पर वेतन भुगतान करना था। किंतु, आश्चर्यजनक और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस दर्जे के आठ माह बाद भी शिक्षकों को वेतन के मामले में गंभीर अन्याय का सामना करना पड़ रहा है। राज्यकर्मी बनने के बावजूद ढ़ाई लाख शिक्षकों को वर्तमान में जो वेतन दिया जा रहा है, वह उनके पूर्व नियोजित शिक्षक रहते मिलने वाले वेतन से भी 10,000 से 15,000 तक कम है। यह स्थिति न केवल अनुचित है बल्कि शिक्षकों के आत्मसम्मान और अधिकारों के साथ सीधा खिलवाड़ है। इस संबंध में संगठन की ओर से बार-बार विभाग को पत्राचार किया गया, ज्ञापन सौंपे गए और अधिकारियों का ध्यान इस विसंगति की ओर आकर्षित कराया गया। किंतु बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शिक्षकों की इस समस्या की लगातार अनदेखी से गहरी नाराज़गी और आक्रोश है। इसी संदर्भ में विशिष्ट अध्यापक प्रधान शिक्षक संघ, अररिया की ओर से रविवार को नेताजी सुभाष स्टेडियम, अररिया में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया और गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अब इस प्रकरण को लेकर माननीय पटना उच्च न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा। बैठक में यह भी कहा गया कि यह केवल अररिया जिले की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे बिहार के लाखों-लाख शिक्षकों से जुड़ा मुद्दा है। यदि समय रहते इस पर ठोस पहल नहीं की गई तो शिक्षक वर्ग राज्यव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। यदि विभाग ने शिक्षकों की इस गंभीर समस्या का समय रहते समाधान नहीं किया, तो संघ न्यायालय के साथ-साथ चरणबद्ध आंदोलन की भी राह अपनाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग की होगी। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार, राज्य प्रतिनिधि मो0 माजुउद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष इमरान आलम, उपाध्यक्ष शम्स रेजा, कमरुजज्मा, अब्दुल रहमान, मनोज सादा, दिपक झा, मनोज कुमार मंडल, मनोज तमाम, रंजीत कुमार, राजेश पासवान, अजय चौधरी, दिनेश पासवान, साईम अनवर, साकिब आलम, शाहजहां, इमरान आलम, हसनैन अहमद रहमानी, सतेन्द्र कुमार रजक, संतोष पासवान सहीत सैकड़ों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## ट्रक ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** जोकीहाट नगर पंचायत स्थित किसान कॉलेज चौक के पास एनएच-327ई पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज़ रफ़्तार ट्रक ने ई-रिक्शा (टोटो) को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टोटो चालक खाज़ा (35 वर्ष), पिता करीम, ग्राम रानी पंचायत हरदार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का शव ट्रक के चक्के के नीचे बुरी तरह फँस गया। टोटो में सवार महिला बीबी दिल्लो (25 वर्ष), पिता बहादुर, ग्राम उदा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें आनन-फानन में रेफरल अस्पताल जोकीहाट लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत देखते हुए सदर अस्पताल अररिया रेफर कर दिया। हादसे में टोटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच-327ई पर जाम कर दिया और हाईस्कूल चौक से किसान कॉलेज चौक तक ओवरब्रिज बनाने की मांग की। भीषण जाम के कारण घंटों तक आवागमन बाधित रहा। ट्रक पंजीयन संख्या आर.जे1जी सी8783 जिस में प्लाइ बोर्ड लदा है, जो बंगाल की ओर जा रही थी । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध किया। बाद में अररिया से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। मौके पर पूर्व सांसद सरफराज आलम और विधायक शाहनवाज आलम भी पहुँचे और परिजनों व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। समाचार प्रेषण तक शव ट्रक के पहिए के नीचे फँसा हुआ था और पुलिस उसे निकालने की कोशिश कर रही थी। वहीं एनएच पर चार घंटे से अधिक समय तक जाम की स्थिति बनी रही।

## जय मां काली बखोरापुर मंदिर ट्रस्ट का नाम स्वाणाक्षरों में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर का गौरव जय मां काली मंदिर बखोरापुर में विशाल अनावरण सह सम्मान समारोह 2025 का आयोजन हुआ। मंदिर प्रांगण में मेमोरियल हॉल का उद्घाटन बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, समस्तीपुर सांसद शांभवी चौधरी, बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री अशोक चौधरी व आईपीएस सह धार्मिक न्यास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व आचार्य किशोर कुणाल जी की पत्नी अनिता कुणाल ने संयुक्त रूप से किया। मेमोरियल हॉल में बखोरापुर मंदिर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष व वरिसवन निवासी स्व जगनारायण तिवारी, प्रथम शिक्षा निदेशक व बखोरापुर निवासी स्व द्वारिका सिंह, आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल तथा बीडी सिंह के माता घोड़ादेई व मिल्की निवासी सोनाझरी देवी के प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह मेमोरियल हॉल बहुत ही सुंदर तरीके से बनाया गया है। भारत में यह मेमोरियल हॉल उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के बाद बिहार के भोजपुर जिले के बखोरापुर में जय मां काली मंदिर में बनाया गया। आज बखोरापुर देश में अपना नाम स्वर्णाक्षर में अंकित कराया। यह अंदर तथा बाहर से बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया है। इस अवसर पर धार्मिक न्यास बोर्ड सह महावीर मंदिर पटना के सदस्य सायन कुणाल, रणवीर नंदन, जदयू महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, काराकाट विधायक अरुण कुमार, बीडी सिंह, लक्ष्मण तिवारी, राजू कुमार सिंह, पूर्व मंत्री, बिहार एवं अध्यक्ष सवर्ण आयोग बिहार महाचंद्र प्रसाद सिंह, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, मनेर के विधायक भाई वीरेंद्र, पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय, मेयर इंदु देवी समेत 100 से अधिक गणमान्य, मंत्री, विधायक, डॉक्टर, शिक्षाविद, व्यवसायी, विभिन्न राजनीतिक पार्टी के नेता व अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### घर पर आकाशीय बिजली गिरने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के वार्ड संख्या 21 में रविवार सुबह एक मकान पर तेज गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने से अफरा तफरी मच गई। इस घटना में घर में लगे बिजली बोर्ड समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि किसी तरह की जानमाल की क्षति नहीं हुई है।घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि ब्लॉक रोड स्थित विनोद प्रसाद के घर पर रविवार की सुबह तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। उक्त बिजली मकान पर लगे बजरंगबली के ध्वज पर गिरी। बिजली गिरने के समय जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग घबराकर अपने अपने घरों से बाहर निकल गए। इस घटना में घर में रखा फ्रिज, पंखे, बल्ब, इलेक्ट्रिक स्विच बोर्ड और अन्य उपकरण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है।

### नहर में डूबने से युवक की मौत

**रामनगर/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के पलिया फुलवरिया गांव में शनिवार की शाम एक युवक की डूबने से मौत हो गई। भावल पंचायत के पलिया फुलवरिया निवासी उमेश शर्मा का 18 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार शौच के बाद त्रिवेणी नगर नहर पर हाथ धोने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह नहर में पानी का स्तर घटने पर स्थानीय लोगों ने शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर रामनगर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भूमि विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़े

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के मलदहिया गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इसमे एक महिला जख्मी हो गयी। जख्मी महिला की पहचान मुरली पिपरा गांव निवासी पूनम देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मलदहिया गांव के एक भूखंड पर पूनम देवी व मलदहिया के राजू वर्मा के बीच विवाद है। रविवार को राजू वर्मा पक्ष के लोग उक्त भूखंड पर बाउंड्री कार्य करा रहे थे। इसपर दूसरे पक्ष के लोगो ने आपत्ति जताई। देखते ही देखते दोनों पक्ष में हाथापाई की नौबत आ गयी। सूचना पर पहुचे सीओ सुधांशु शेखर व शिकारपुर पुलिस ने दोनो पक्षो को समझाकर मामला शांत कराया और फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगा दी।सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि मलदहिया में एक भूखंड पर दखल कब्जा को लेकर दो पक्ष में विवाद है। दोनों पक्ष के विवाद को शांत कराया गया है। और फिलहाल दोनों पक्ष को किसी तरह के निर्माण कार्य नही कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में दोनो पक्षो से उक्त भूमि से संबंधित कागजातों की मांग की गई है।जांच पड़ताल के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### रोटरी क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब और रोट्रेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व साक्षरता दिवस के पूर्व संध्या पर नेशन बिल्डर अवार्ड 2025 से तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष डा बी के चौहान ने बताया कि गोपाला ब्रह्म स्थान परिसर में शिक्षा और साक्षरता में अपने अमूल्य योगदान के लिए तीन शिक्षकों को नेशनल विल्डर अवार्ड 2025 के तहत अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। इसमें रा. म. वि. धोबहा के प्रधानाध्यापक जनार्दन यादव, दीप माला प्रधान शिक्षिका प्रा. वि. मुससर टोली अंजुआ की दीपमाला, एवं प्रा. वि नरकटियागंज उर्दू की सहायक शिक्षिका निर्मला कुमारी शामिल है। इस मौके पर क्षेत्रीय निदेशक प्रो. एन डी ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर है। यह दिन शिक्षा के महत्व को उजागर करता है और शिक्षकों की भूमिका को पहचानता है। मौके पर समाजसेवी वर्मा प्रसाद, रोटरी क्लब के अवध किशोर सिन्हा ,प्रदीप कुमार श्रीवास्तव , प्रमोद कुमार, शौखलाल जायसवाल रोट्रेक्ट क्लब के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, सचिव मो. काजिम, चंदन कुमार, आदित्य प्रकाश, सुमित कुमार गुप्ता, निशांत कुमार,विश्वजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

### एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने निकाली परिवर्तन रैली

**मैनाटांड/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव से रविवार को सिकटा परिवर्तन बाइक रैली निकाली गई। यह रैली एआईएमआईएम पार्टी के युवा विधायक प्रत्याशी ई. मैनुद्दीन उर्फ बाबू एम आलम के नेतृत्व में निकाली गई। इस रैली में क्षेत्र के हजारों युवाओं, समर्पित कार्यकताओं और नागरिकों ने हिस्सा लिया। विधानसभा क्षेत्र के गौरीपुर, बाल्थर, बैशाखवा, सिकटा, मैनाटांड होते हुए बाइक रैली इनरवा पहुंची। युवा नेता ई. मैनुद्दीन उर्फ बाबू एम आलम ने बताया कि इसका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और सुशासन का संदेश घर-घर तक पहुँचाना है। वहीं युवा नेता ने हरी झण्डी दिखा कर बाइक रैली को रवाना किया। रैली में पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### शादी की नीयत से लड़की का अपहरण, केस दर्ज

**मैनाटांड/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना क्षेत्र से शादी की नीयत से लड़की अपहरण के मामले में लड़की की पिता ने इनरवा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। लडकी की पिता ने विशाल कुमार पर आरोप लगाते हुए 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### हथियार सहित महिला गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण )/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामगढवा पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद की है, रक्सौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बिनवलिया गांव के हिरदय यादव के घर में भारी संख्या में हथियार रखें गये थे, पुलिस बल की तैनाती देख कर हिरदय यादव घर छोड़ कर फरार हो गये वहीं मौके पर एक महिला को गिरफतार कर जांच पड़ताल शुरू की गई, महिला के बयान पर घर के अन्दर रखें गये हथियार को कमरे तक पुलिस को पहुंचायी, पुलिस के संयुक्त टीम ने एक पिस्टल,खाली मैगजीन,देसी कट्टा एक,एक नाली बंदुक,को बरामद कर जब्त की गई, पकड़ी गई महिला रामजी यादव की लालमुनि देवी के रूप में पहचान की गई है, मनीष आनंद ने बताया कि फरार व्यक्ति की पहचान एवं इनके द्वारा रखे गए हथियार की खरीद फरोख्त कहां से की गई है और अपराधिक गतिविधियों में लिप्त कौन कौन-कौन से लोग हैं जिन्हें जल्द पकड़ने की कोशिश होगी।

### तस्करी के 27 बोरा खाद सहित तीन बाइक जब्त

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी ने गुप्त सूचना के आधार पर करवाई कर बॉर्डर से 27 बोरा तस्करी का खाद सहित तीन मोटरसाईकिल को जब्त किया है। एसएसबी 20वी बटालियन सीतामढ़ी के अधीन कुंडवा चैनपुर कैम्प के जवानों ने करवाई की है। एसएसबी के अधिकारियों ने बताया कि बॉर्डर पिलर संख्या 349 परसा गाँव के समीप उक्त करवाई की गयी है। एसएसबी की करवाई में तस्करी का 27 बोरा खाद को बरामद किया गया है। तस्कर भारत से नेपाल में खाद को मोटरसाईकिल एवं साईकल से लेकर जा रहे थे। जवाबी करवाई में तस्कर खाद एवं वाहन को छोड़कर नेपाल में फरार हो गया। एसएसबी के अधिकारियों ने बताया कि जब्त खाद एवं वाहन को कस्टम कार्यलय मोतिहारी को सुपुर्द कर दिया गया है।

### बगहा में नदी का कटाव तेज

**बगहा/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** मधुबनी प्रखंड के सिसई पंचायत के नहरवा गाँव में गंडक नदी का कटाव थमने का नाम नहीं ले रहा है ।गंडक नदी के तेज धारा का वेग के कारण चिऊरही से सिसही जाने वाला मुख्य सड़क का लगभग 500 मीटर हिस्सा नदी में विलीन हो गया ।नदी के कटाव का आक्रमण रुख देख लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया है।हालाकि गंडक नदी कटाव के रौद्र रूप इस कदर है कि जलसंसाधन विभाग के द्वारा किए जा रहे कटावरोधी कार्य विफल साबित हो रहा है हाथी पांव व प्राकोपाइल से कटाव नहीं रुक पा रहा है। जल संसाधन विभाग के अभियंता नदी के कटाव देख लगातार कटावरोधी कार्य के जरिए कटाव रोकने के कार्य में जुटे हुए हैं फिर भी कटाव थामने का नाम नहीं ले रहा है। मधुबनी सीओ नंदलाल राम ने बताया कि कटाव से प्रभावित 52 परिवारों का पुनर्वास बिहार सरकार की ओर से कराया जाएगा । उन्होंने बताया कि अंचल प्रशासन द्वारा सूची तैयार कर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर आश्रय लेने का निर्देश दिया गया है।जहां उन्हें सरकारी सहायता दिलाने के लिए प्रक्रिया जारी है ।वही सीओ ने बताया कि कटाव रोकने के लिए हाथी पांव और अन्य कटाव रोधक कार्य कराए जा रहे हैं ।

# महिला रोजगार योजना से संबंधित आवेदन की प्रक्रिया शुरू

## महिलाओं के आवेदन के लिये ऑनलाइन पोर्टल एवं 250 वाहनों के माध्यम से राज्यस्तरीय जागरूकता अभियान का शुभारम्भ

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में "मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना" के अंतर्गत महिलाओं से प्राप्त किए जाने वाले आवेदन प्रपत्रों का विमोचन , नगर क्षेत्र की महिलाओं के आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल एवं 250 वाहनों के माध्यम से राज्यस्तरीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का लाइव वेब कास्टिंग के माध्यम से बिहार के सभी जिलों में प्रसारण कराया गया। पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में लाइव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था कराई गई थी जहां जिलाधिकारी,नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं






उपस्थित थीं। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जीविका के सौजन्य से कराया गया। इस अवसर पर डीपीएम, जीविका, गणेश पासवान के द्वारा बताया गया कि महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए बिहार सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया गया है। आज से जीविका के ग्राम संगठनों के माध्यम से प्रत्येक परिवार की एक महिला को आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए जीविका के सभी ग्राम संगठनों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्वी चंपारण जिला के सभी गांव में जीविका ग्राम संगठन कार्यरत है। जिला में लगभग 3700 ग्राम संगठन हैं जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपना आवेदन प्रपत्र भरकर आधार कार्ड एवं खाते का बैंक डिटेल्स के साथ जीविका संगठन को उपलब्ध कराएंगी, वहां से प्रखंड जीविका के बीपीएम के माध्यम से आवेदन जिला को प्राप्त होगा। जिला में प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन कर दिया जाएगा। इसके पश्चात राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं को रोजगार सृजन के लिए ₹ 10000 की प्रारंभिक राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी जो सीधे उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होगा। प्रत्येक महिला को आवेदन के साथ अपना आधार कार्ड और बैंक खाते का डिटेल्स लगाना अनिवार्य किया गया है। डीपीएम जीविका के द्वारा बताया गया कि इसमें तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। अगर कोई व्यक्ति झांसे में लेकर कार्य कराने के लिए राशि की मांग करता है तो इसकी शिकायत तुरंत की जाए ताकि उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा सके।डीपीएम जीविका ने कहा कि आवेदन पत्र, आधार की फोटो कॉपी एवं बैंक डिटेल्स के अलावे किसी भी महिला को कुछ भी नहीं देना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आवेदन पत्र देने की अंतिम तिथि निर्धारित नहीं की गई है। डीपीएम जीविका के द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री के द्वारा आज 250 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इसमें से 12 जागरूकता रथ पूर्वी चंपारण मोतिहारी के सभी गांव में अगले 20 दिनों तक लगातार प्रचार - प्रसार कर योजना के संबंध में महिलाओं को जागरूक करेंगे।

## आलमगीर बने बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिम चंपारण जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत जायसवाल की अध्यक्षता में एक निजी होटल में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 31दिसंबर 2023 के पूर्व सदस्यता हेतु विहित प्रक्रिया पूरी करने वाले सभी सदस्यों जिनकी सदस्यता का अनुमोदन 6 जनवरी 2024 के कार्यकारिणी की बैठक में किया गया था उन्हें अगले टर्म के लिए संघ का सदस्य विधिवत रूप से स्वीकार किया गया। साथ ही अध्यक्ष भारत जायसवाल के द्वारा कराए गए चुनाव के विरोध स्वरूप चुनाव में भाग नहीं लेने वाले कार्यकारिणी सदस्य आलमगीर अशरफ, कार्यकारी सचिव सह संयुक्त सचिव सच्चिदानंद ठाकुर, सदस्य मनीष कुमार राय, नरेंद्र नाथ को सर्वसम्मति से खेल एवं खिलाड़ियों के हित में आपसी मतभेद को भुलाकर संघ में महत्वपूर्ण जवाबदेही दी गई। इस क्रम में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी सदस्य आलमगीर अशरफ को पश्चिम चंपारण जिला बैडमिंटन संघ का कार्यकारी अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष एवं पूर्व कार्यकारी सचिव सह संयुक्त सचिव सच्चिदानंद ठाकुर को पुनः अगले टर्म के लिए कार्यकारी सचिव सह संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। साथ हीं मनीष कुमार राय को उपाध्यक्ष एवं नरेंद्र नाथ ठाकुर को संघ का कोच मनोनीत किया गया।

## विस चुनाव को लेकर नोडल पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी के साथ संयुक्त बैठक

**मोतिहारी/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव - 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला में गठित किए गए सभी 24 कोषांगों के वरीय एवं नोडल अधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में अपराह्न 5:00 से बैठक कर कोषांगों के कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कार्मिक प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को जिला में सभी कार्यरत पदाधिकारी /कर्मी का डेटाबेस तैयार कर लेने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि बहुत से पदाधिकारी एवं कर्मी की ट्रांसफर हुई है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर सभी कर्मियों का डेटाबेस तैयार कर लिया जाए।प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निवेश किया गया कर्मियों के प्रशिक्षण का शेड्यूल तैयार करने एवं इसकी समुचित तैयारी करने प्रशिक्षण स्थल पर सभी जरूरी व्यवस्थाओं को देख लेंगे और बेहतर तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम




का आयोजन करेंगे। वाहन कोषांग (सुगम) के नोडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले वाहनों का आकलन कर लें और उसके अनुसार बहनों उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। प्रेक्षक कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रेक्षक गण के ठहरने की व्यवस्था पहले से ही देख लें और उनके लिए लाइजन ऑफिसर को चिन्हित कर लें। सभी मतदान केंद्र पर आधारभूत मूल सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में एएमएफ कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। अन्य कोषांगों के नोडल पदाधिकारी के साथ वार्ता कर जिलाधिकारी ने निर्वाचन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त डॉक्टर प्रदीप कुमार सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हिन्दू धर्म में पितृ तर्पण, पिंडदान एवं श्राद्ध देव पूजन की तरह

### देव पूजन की तरह ही पुण्य फलदायक है पितृ तर्पण व श्राद्ध

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** भाद्रपद शुक्लपक्ष की पूर्णिमा से लेकर आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक सोलह दिनों का महालया होता है। इसमें मध्याह्न व्यापिनी तिथि ग्रहण की जाती है। तदनुसार इस वर्ष भाद्र शुक्लपक्ष पूर्णिमा 07 सितम्बर रविवार से महालया प्रारंभ हो गया। इस दिन अगस्त ऋषि के निमित्त तर्पण किया जाएगा। पितृपक्ष में श्राद्ध के लिए मध्याह्न व्यापिनी तिथि ग्रहण की जाती है। इस बार पितरों के श्राद्ध, तर्पण आदि के लिए यह पितृपक्ष पखवारा 08 सितम्बर सोमवार से प्रारंभ होगा। स्नान-दान सहित सर्व पितृ अमावस्या व पितृ विसर्जन 21 सितम्बर रविवार को होगा। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि सनातन-हिन्दू धर्म में पितृ तर्पण, पिण्डदान एवं श्राद्ध को देव पूजन की तरह ही आवश्यक तथा पुण्यफलदायक माना गया है। देवताओं से पहले पितरों को प्रसन्न करना अधिक कल्याणकारी होता है। पितृपक्ष में अपने पितरों की पुण्यतिथि (मृत्यु तिथि) के दिन उनकी आत्मा की संतुष्टि के लिए किया जाने वाला श्राद्धकर्म उनके प्रति श्रद्धांजलि है। प्राचार्य श्री पाण्डेय ने बताया कि शास्त्रीय मान्यता के अनुसार पितृपक्ष में प्रथम दिन से तर्पण प्रारंभ कर जिस तिथि को जिनके पूर्वज मृत्यु को प्राप्त हुए हैं,उसी तिथि को उनके निमित्त पिण्डदान व श्राद्ध आदि करना चाहिए। जिन लोगों को अपने पितरों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं होती, उनके लिए अमावस्या तिथि को श्राद्ध करने का विधान है। आश्विन मास के कृष्णपक्ष में पितृलोक हमारी पृथ्वी के सबसे ज्यादा समीप होता है,अतएव इस पक्ष को पितृपक्ष माना जाता है। इन दिनों पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त करने और सुख-सौभाग्य की वृद्धि के लिए पितरों के निमित्त तर्पण किया जाता है। पितृपक्ष में पितरों के निमित्त तर्पण करने एवं मृत्यु तिथि पर पिण्डदान तथा श्राद्ध आदि करने से पितृगण तृप्त होकर अपने वंशज को सुख-समृद्धि और सन्तति आदि का शुभाशीर्वाद देते हैं।



## सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** ढाका - मोतिहारी मुख्य पथ में रूपहरा स्थित नवनिर्मित भारत माला ओवर ब्रिज के नीचे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के बड़का शीतलपट्टी गांव निवासी 24 वर्षीय शिवशंकर महतो के रूप में हुई है। घटना के समय वह बाइक पर सवार होकर अपने घर से मधुबनी गांव की ओर जा रहा था। इसी क्रम में ओवर ब्रिज के नीचे पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद उक्त वाहन भारत माला सड़क होते हुए भागने में सफल रहा। घटना के बाद ग्रामीणों ने इलाज के लिए उसे ढाका अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने के दौरान उसकी मौत हो गई है।

## गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार और बाइक जप्त

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीतना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम करवाई में शनिवार को एक बड़ी अंजाम दिया एसएसबी और जितना पुलिस ने विशेष अभियान में गुप्त सूचना के आधार पर छः किलोग्राम ग्राम प्रतिबंधित गांजा एवं दो मोटरसाईकिल को पकड़ लिया गया उक्त करवाई बनकटवा पेट्रोल पंप के समीप बनकटवा गांव से बरामद किया एवं दो तस्करों को गिरफ्तार किया। मादक पदार्थ मोटरसाईकिल पर लेकर जा रहा था। जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि पकडे गए तस्करों से पूछताछ जारी है, वही अपना नाम जीतना थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी पवन कुमार पिता हीरामन पासवान और अगरवा गांव निवासी अशर्फी राय पिता नंदलाल राय बताया है। जीतना थाने में इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। क्षेत्र में नेपाल की खुली सीमा होने के कारण मादक पदार्थों की तस्करी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। तस्कर लगातार नए-नए तरीके अपनाकर पुलिस और एसएसबी को चकमा देने की कोशिश करते है। हालांकि, स्थानीय पुलिस और एसएसबी की सतर्कता से ऐसी कई कोशिशें नाकाम की जा रही है।



## रक्सौल में 11 सितम्बर को एनडीए गठबंधन का भव्य होगा सम्मेलन

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में चुनावी गतिविधियों को लेकर 11 सितम्बर को होने वाले एनडीए गठबंधन का भव्य सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया है इस बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने की उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य है अपने कार्यकताओं को एकत्रित कर संगठन की वास्तविक नित नए नए विकास कार्यों की समीक्षा करना, महिला उद्यमियों को दस-दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता देना हमारी प्राथमिकता है, सांगठनिक ढांचा को लेकर उपाध्यक्ष लाल बाबू सिंह ने बताया कि हम सब इस चुनाव को हर हाल में जितना जरूरी है,चाहे विरोधी जितना हवा फैला दें, हमारी जीत सुनिश्चित है, सम्मेलन में सभी गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे, बैठक विधायक निवास हरैया में की गई,इस बैठक में रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, शक्ति केंद्र प्रभारी उपस्थित थे, आगामी सम्मेलन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष लाल बाबू सिंह, मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार पटेल, मृत्युंजय कुमार सिंह,दिलीप कुशवाहा, मंटु गुप्ता, रिंकू पाण्डेय, सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।



## ईस्ट चंपारण लायंस क्लब का फिर से निःशुल्क मधुमेह तथा ई सी जी जांच शुरू

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब और लाइफ सपोर्ट डायग्नोस्टिक के संयुक्त प्रयास से प्रत्येक रविवार को मधुमेह डिटेक्शन कैंप की शुरूआत हुई ,सेवा ही धर्म है और सेवा से समाज में सुधार लाया जा सकता है इसी लक्ष्य की पूर्ति हेतु क्लब अध्यक्ष अशोक जयसवाल ने आज से लगातार एक वर्षो के लिए जांच शिविर का शुभारंभ किया और सभी लायंस साथियों ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया ।आज के मधुमेह और ईसीजी जांच शिविर में हार्ट रोगियों और हार्ट की किसी भी समस्या से जूझ रहे मरीजों का ईसीजी करके रिपोर्ट सौंपा गया आज के कैंप में उपस्थित क्लब के सचिव डॉक्टर सच्चिदानंद पटेल ने ब्लड प्रेशर की जांचऔर डॉक्टर आलोक कुमार ने दस से ज्यादा महिलाए और पुरुषों के ईसीजी की जांच की ,शिविर में मधुमेह के जांच के लिए चालीस से ज्यादा मरीजों का जांच किया गया।आज के इस कार्यक्रम में सहसचिव मनीष झा ,कोषाध्यक्ष सुधांशु रंजन ,पीआरओ सुजीत कु.सिंह,गौरव कुमार,सुधीर कुमार गुप्ता,डॉक्टर राहुल कुमार शाह , महेशचंद्र लाल ,पंकज कुमार उपस्थित रहे।



## नई शिक्षा नीति के तहत एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** अम्मा ट्रस्ट द्वारा संचालित ईश्वर शान्ति महाविद्यालय, झखरा (नौतन) में शैक्षणिक सत्र 2025-29 के लिए नामांकित छात्रों को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सी.बी.सी.एस.) पाठ्यक्रम से अवगत कराने तथा महाविद्यालय व इसके परिवार से परिचित कराने के उद्देश्य से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में बड़े उत्साह और भव्यता के साथ किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी और विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार झा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

## मोतिहारी में शिक्षक गौरव सम्मान समारोहः गुरुओं के सम्मान में सभी ने शीश झुकाया

### 70 शिक्षकों को मिला गौरव सम्मान : मोतिहारी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

नबिटा ब्यूरो

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)** महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में शनिवार को शिक्षक गौरव सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षक गौरव सम्मान आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम में जिले के 70 शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार ने किया। संयोजक अनिल वर्मा, गुलरेज शहजाद, पंकज कुमार श्रीवास्तव और सुदीप कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित किया। शिक्षक गौरव सम्मान आयोजन समिति की ओर से शनिवार को संध्या महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में शिक्षक गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष डॉ अतुल कुमार, संयोजक अनिल वर्मा, सदस्य संस्कृतिकर्मी अभय अनंत, गुलरेज शहजाद, पंकज कुमार श्रीवास्तव एवं सुदीप कुमार की उपस्थिति रहे समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छठऊ कॉलेज के प्राचार्य डॉ मृगेंद्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि टर कॉलेज के प्राचार्य डॉ (प्रो) एमएन हक, पंडित उगम पांडेय कॉलेज के प्राचार्य डॉ कर्मात्मा पांडेय, पूर्व प्राचार्य एमएस कॉलेज डॉ अरुण कुमार, महात्मा गांधी केंद्रीय विवि के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अंजनी कुमार एवं जयमंगल अनूपा महिला महाविद्यालय की प्राचार्या नूतन बाला शामिल हुए। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष डॉ अतुल कुमार ने कहा है कि हमलोगों ने सोचा कि गुरुओं का सामान होना चाहिए मोतिहारी में पहली बार गुरुओं के समान में कार्यक्रम हो रहा है इसमें सभी स्कूल एवं सभी वर्गों के लोग सम्मिलित हुए है सबने गुरुओं के समान में शिश झुकाया है सबने आभार प्रकट किया है संयोजक अनिल वर्मा ने कहा जिस गुरु ने हमको निर्माण किया है आपको निर्माण किया है जिन्होंने पढ़ाया लिखाया और काबिल बनाया जिसे कुछ कर सके उस गुरु का सामान होना चाहिए और उस तरह का कार्यक्रम करने के लिए सोचे। एलएनडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मृगेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक होना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है। शिक्षक हमारे समाज में आज उपेक्षित हैं, लेकिन शिक्षक की अपनी महत्ता है।



# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से महिलाओं को मिलेगा नया आयाम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रविवार को पटना स्थित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रपत्र प्राप्ति का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जहानाबाद समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स से प्रभारी जिला पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका सहित सैकड़ों जीविका दीदियां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ीं। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं ने सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे परिवार, समाज तथा प्रदेश के विकास में और प्रभावी योगदान दे सकेंगी। जिला पदाधिकारी ने इस अवसर पर सभी दीदियों को शुभकामनाएं देते हुए योजना का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने जिला परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिया कि प्रपत्र प्राप्ति और योजना के क्रियान्वयन को समय पर सुनिश्चित करें। जहानाबाद जिले में वर्तमान में 19 संकुल स्तरीय संघ, 965 ग्राम संगठन, 12,774 स्वयं सहायता समूह और लगभग 1.59 लाख जीविका दीदियां सक्रिय हैं, जिन्होंने दीदी की नर्सरी, बीज प्रसंस्करण और दीदी की रसोई जैसे उद्यम स्थापित कर आर्थिक मजबूती हासिल की है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का उद्देश्य प्रत्येक परिवार से एक महिला को उद्यमी के रूप में खड़ा करना है। इसके तहत हर परिवार की एक महिला को उसकी पसंद के उद्यम के लिए प्रारंभिक 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। रोजगार प्रारंभ करने के बाद आवश्यकता अनुसार दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का लाभ जीविका समूह से जुड़ी सभी महिलाएं उठा सकेंगी, जबकि बाहर की महिलाओं को इसका लाभ लेने के लिए एसएचजी से जुड़ना अनिवार्य होगा। महिलाओं के सुझाव और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम से प्राप्त जन-आकांक्षाओं के आधार पर ही मुख्यमंत्री ने पेंशन राशि 400 से

## मुख्यमंत्री नीतीश ने किया शुभारंभ

बढ़ाकर 1100 रुपये करने और सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। योजना की जानकारी व्यापक स्तर पर पहुंचाने के लिए 7 से 26 सितंबर तक जिले के 118 स्थानों पर प्रचार रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि आवेदन प्रपत्र निशुल्क जीविका कार्यालय से उपलब्ध कराए जा रहे हैं और महिलाओं को किसी भी दलाल या बिचौलिये के संपर्क में नहीं आना चाहिए। जिला और प्रखंड स्तर पर शिकायतों के समाधान के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। यह योजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि समाज में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई कहानी भी लिखेगी।

# 31 अगस्त से लापता छात्र का नहीं मिल रहा सुराग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद सदर प्रखंड के शकुराबाद थाना अंतर्गत सलारपुर गांव से 12 वीं का छात्र नीतीश कुमार पिछले एक सप्ताह से लापता है। इस मामले में पीड़ित परिजन द्वारा शकूराबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। परिजन बच्चे के तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, हालांकि इसका अब तक कोई नतीजा सामने नहीं आया है। अब जबकि बच्चे के लापता हुए एक सप्ताह का समय बीत गया परिजनों को भी किसी अनहोनी की आशंका सताने लग गई है। इस कड़ी में पीड़ित परिजनों ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार से मिलकर बच्चे के सलामती और बरामद के लिए गुहार लगाई है। इस संबंध में बता दें कि शकूराबाद थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव निवासी कौशलेंद्र कुमार यादव का 17 वर्षीय बेटा नीतीश कुमार पिछले महीने के 31 अगस्त की शाम से रहस्यमय तरीके से गायब हो गया है, लेकिन पुलिस अभी तक उसका कोई सुराग पता नहीं लगा सकी है। इस घटना के बाद नीतीश की मां की हालत खराब है। परिजनों ने बताया कि नीतीश को इधर-उधर काफी खोजबीन उन लोगों ने किया है, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं पता चला। बच्चे की गुमशुदगी की शिकायत शकूराबाद थाने में की गई है। इस मामले में परिजनों का आरोप है कि पुलिस बच्चे को खोजने में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है, लिहाजा अब उसके बच्चे की जान पर भी खतरा मांडने लगा है। हालांकि पुलिस के द्वारा बताया गया कि संदेह के आधार पर लापता नीतीश के दो-तीन दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया है। इस संबंध में डीआइओ की टीम भी जानकारी जुड़ रही है, वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान किया जा रहा है, साथ ही टेक्निकल सेल को भी एक्टिव मोड में रखा गया है। पुलिस का कहना है कि वह हर बिंदु पर जांच कर रही है। फिलहाल इस मामले में अभी तक कोई ठोस सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस किशोर की सकुशल बारामदगी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन देखा जाए तो अभी तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिसके आधार पर बच्चे तक पहुंचा जा सके।

## पीड़ित ने की पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा और कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के शकूराबाद थाना के अंतर्गत गुलाबगंज बाजार के राहुल कुमार ने अपने ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद को एक आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल कुमार ने कहा है कि नासीरीन खातुन नामक महिला, जो स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को झांसे में लेकर अवैध तरीके से धन वसूलती है, उसने उनके घर का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि नासीरीन खातुन ने उनके अनुपस्थित रहने का फायदा उठाकर घर में कुछ युवतियों और पुरुषों को रखकर अवैध देह व्यापार का धंधा शुरू कर दिया है। आवेदक द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि नासीरीन खातुन ने पहले राहुल कुमार के छोटे भाई अंकित कुमार को नौकरी दिलाने का झांसा देकर पैसे की मांग की और बाद में अपराधी तत्वों के साथ मिलकर जालसाजी, धमकी और फर्जी मुकदमों में फंसाने का काम किया।

# हसपुरा में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय, हसपुरा में रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रेश पटेल ने की। इसमें गोह विधानसभा स्तरीय राजग कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यकर्ता सम्मेलन सितंबर माह में ही आयोजित होगा। सम्मेलन में लगभग पंद्रह हजार कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मेलन संगठनात्मक मजबूती और चुनावी तैयारी की दृष्टि से बेहद अहम साबित होगा। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री की माता को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा की गई। इस पर सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और कहा गया कि विपक्ष का यह स्तरहीन आचरण लोकतंत्र की गरिमा के विपरीत है। बैठक में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा, पौथु मंडल अध्यक्ष राजकुमार चन्द्रवंशी, लोजपा (आर) प्रखंड अध्यक्ष गंगादयाल पासवान, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना, अनिल आर्य, जदयू वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, ब्रजेश राम, अशोक विश्वकर्मा, सोहन शर्मा और देवेश शर्मा सहित कई दलों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेकर राजग की एकजुटता

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की वोटर अधिकार यात्रा की समीक्षा

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल में बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वोटर अधिकार यात्रा की समीक्षा बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा की। इसके साथ ही वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज कराना है। साथ ही कहा कि जनता की आवाज को लोकतंत्र तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। कहा कि मतदाता सूची को सुदृढ़ करके हम लोकतंत्र को और मजबूत बनाएंगे।

# एससी-एसटी एक्ट मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद (गोह)।** उपहारा थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट से जुड़े एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान अनिल गुप्ता और उसके पुत्र अपूर्व शक्ति के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना कांड संख्या 50/22 दर्ज था। मामले में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपितों के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। इसके बावजूद दोनों काफी दिनों से पुलिस की पकड़ से बाहर थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई, जिसके दौरान दोनों को दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार अभियुक्तों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है और जल्द ही अन्य मामलों में भी कार्रवाई की जाएगी।

# लापता बच्चों के परिवारों से मिले सांसद पप्पू यादव




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा चुनावी सरगर्मी के बीच पूर्णिया सांसद पप्पू यादव रविवार को जहानाबाद से गुजरते हुए फोरलेन बायपास पर रुके। इस दौरान उन्होंने लापता बच्चों के परिजनों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान एक महिला भावुक होकर बिलख पड़ी और बोली— "बिहार तो भारत से बाहर हो गेलो हो।" महिला को सांत्वना देते हुए पप्पू यादव ने तत्काल जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार को कॉल करने की कोशिश की, हालांकि उनकी बात नहीं हो सकी। सांसद ने भरोसा दिलाया कि वे इस मामले को बिहार के डीजीपी तक पहुंचाएंगे और हर हाल में बच्चों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेंगे।

**सरकार पर बरसे पप्पू यादव**

सांसद ने कहा कि बिहार में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। "राज्य में न रोजगार की चर्चा है, न परिवारों की सुरक्षा पर। आज बिहार भारत का हिस्सा ही नहीं लगता," उन्होंने कहा। पटना में चल रही वोटर अधिकार यात्रा की रैली का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा— "हम गरीबों के बीच बैठते हैं तो सत्ता पक्ष को परेशानी क्यों होती है? अगर हमें मुख्यमंत्री बना दिया जाए तो किसी मां-बहन की आंख में आंसू नहीं आने देंगे। हर गरीब की बेटी को स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद एक लाख रुपये देंगे। एक भी मां रोई तो समझ लेना मेरी पैदाइश बेकार हो जाएगी।"

**लापता बच्चों का मामला**

बताया गया कि जहानाबाद जिले से पिछले नौ महीनों में अब तक तीन से चार बच्चे लापता हो चुके हैं, जिनमें हाल ही में सात दिन पूर्व का मामला भी शामिल है। परिजनों का कहना है कि पुलिस प्रशासन से गुहार के बावजूद अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है।

# देव मोड़ से भोला बिगहा जाने वाले जर्जर सड़क से राहगीर परेशान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भले ही विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हों लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा एवं जनप्रतिनिधियों में विकास की इच्छाशक्ति नहीं होने के चलते देव मोड़ से भोला बिगहा जाने वाली करीब आठ किमी की सड़क अपनी बदहाली पर इन दिनों आसू बहा रहा है। बता दें कि सड़क का निर्माण दो वर्ष पहले मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत कराई गई थी परंतु सड़क पर दिन रात हाइवां व ट्रैक्टर चलने से सड़क बनने के साथ ही टूटकर बिखर गई। बता दें इस सड़क से होकर एरकीकला, भोला बिगहा, बीबीपुर, भदवां, आशा बिगहा सहित कई गावों को जोड़ने वाली इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग सफर करते हैं। दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। फिर भी किसी को इसकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। सड़क में जगह-जगह बने गढ्डे व उबड़-खाबड़ सड़क इसकी जर्जरता को खुद बया करती है। सड़क जर्जर होने के कारण दोपहिया व छोटे वाहन चालकों को तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके चलते इस मार्ग में अक्सर दुर्घटना भी होता रहता हैं। अभी बारिश के दिनों में सड़क की हालत और भी नारकीय हो गई है। जगह-जगह टूटी सड़क कई जगह तो पूरी तरह कीचड़मय हो जाती है। जिससे होकर निकलना राहगीरों को मुश्किल हो जाता है। अब तो हालत यह है कि भाड़े के वाहन भी इस मार्ग से जाने को कतराते हैं। अभिभावक अपने बच्चे को इस सड़क से होकर विद्यालय भेजने में भी डरते हैं। पता नहीं कब हादसा हो जाए। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग जोर शोर से नहीं उठाया लेकिन उनकी आवाज सुननेवाला शायद कोई नहीं है। तभी तो इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह सड़क कोढ़ में खाज बना हुआ है। शिवगंज निवासी रविशंकर कुमार, प्रदीप सिंह, एरकीकला निवासी अरविंद सिंह बताते हैं कि सड़क की निर्माण कराने की कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मांग की गई परंतु सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। बताया कि अब तो रिश्तेदार भी गांव आना छोड़ दिए हैं। वे कहते हैं कि जब सड़क बनेगी तभी आपके यहां आएंगे। इतना होने के बावजूद भी अधिकारी चैन की नींद सोए हैं।

# पेड़ प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार : गायत्री परिवार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 223वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर प्रखंड के सागरपुर गांव में महेंद्र शर्मा एवं देवेन्द्र शर्मा के निजी जमीन पर किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र के सस्वर उच्चारण एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित गायत्री परिवार के सक्रिय एवं समर्पित सदस्य प्रवीण कुमार ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़ प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार है। वे न केवल धरती को हरा-भरा और सुंदर बनाते हैं, बल्कि जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि वे मनुष्य, पशु-पक्षी और पूरे पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पेड़ केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण और वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की आजीविका पेड़ों और वनों पर ही निर्भर होती है। पेड़ पौधे जैव विविधता को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। अनेक पक्षी,जानवर और कीट-पतंगें पेड़ों पर ही आश्रित होते हैं और उनके बिना उनका अस्तित्व संकट में पड़ सकता है।इसके अलावा,पेड़ों का सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शहरों में जब पेड़ लगाए जाते हैं तो वे न केवल गर्मी को कम करते हैं, बल्कि वातावरण को शांत और मनोरम बनाते हैं। पार्कों में लगे पेड़ लोगों को योग, ध्यान और व्यायाम के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे मानसिक तनाव कम होता है। वृक्षारोपण जैसे सामाजिक कार्यक्रमों से लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समाज में एकता और सहयोग की भावना उत्पन्न होती है।

इस अवसर पर गायत्री परिवार के रंगेश कुमार, बचनदेव कुमार, कौशल कुमार,ई.सत्येंद्र कुमार,श्यामनारायण कुमार, हरीजी,अखिलेश कुमार, देवेंद्र शर्मा, अभय कुमार, रामानंद शर्मा,धर्मेंद्र कुमार,शिशुपाल सिंह, सुमंत शर्मा, राकेश कुमार चुन्नू, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### रफीगंज स्वास्थ्य केंद्र में नेत्रदान पखवारा जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को नेत्रदान पखवाड़ा के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को नेत्रदान के महत्व और इसके सामाजिक लाभ के बारे में जानकारी दी गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान सबसे बड़ा महादान है, जो किसी की अंधेरी जिंदगी में उजाला भर सकता है। उन्होंने लोगों से इस अभियान से जुड़कर नेत्रदान के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर लिपिक सुनील कुमार, रूपेश कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, लैब टेक्नीशियन महेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, नदीम अख्तर, मो. मुमताज, राजेंद्र प्रसाद, गणेश कुमार, मो. असलम, जीएनएम प्रीति कुमारी, सुमन कुमारी, रिंकी कुमारी, एनीहोर, नीतीश कुमार और गौरव कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। नेत्रदान को लेकर उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे समाज में इस संदेश को आगे बढ़ाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ेंगे।

### पंचायती राज संगठन कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बने राणा रंग बहादुर सिंह

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज कांग्रेस कार्यालय में रविवार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से बलिगांव पंचायत के उपसरपंच राणा रंग बहादुर सिंह को पंचायती राज संगठन कांग्रेस का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र सौंपा गया और उन्हें संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राणा रंग बहादुर सिंह को माला पहनाकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक प्रखंड स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नई ऊर्जा के साथ कमिटी का गठन किया जाएगा और कार्यकर्ताओं को अभी से ही चुनावी तैयारी में जुट जाना चाहिए। प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने भी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सक्रिय भूमिका निभाते हुए विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में लगें। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला सचिव रामराज सिंह, सरपंच विसुन देव पासवान, प्रखंड उपाध्यक्ष अजीम खां, संतोष सिंह, हरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, मनोज सिंह, सुशील सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रफीगंज में समाज सेवा समिति की बैठक

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के राजा बिगहा स्थित एक निजी भवन में रविवार को समाज सेवा समिति, मगध बिहार की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. तुलसी यादव ने की। बैठक में भारत के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि मनाने पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. यादव ने बताया कि 10 अक्टूबर 2025 को इस अवसर पर विचार गोष्ठी और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें मगध क्षेत्र के कई विद्वान भाग लेंगे। उन्होंने युवाओं, किसानों और मजदूरों से इस गोष्ठी में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में वीरेंद्र यादव, सुखेंद्र यादव, विनय यादव, उमेश कुमार, श्याम सुंदर सिंह, दिलीप ठाकुर, विष्णु देव यादव, कौशल कुमार यादव, टुनटुन खान, मुस्ताक खान, समीर कुमार और विनोद कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### सिमवां गांव में मारपीट, महिला घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पौथू थाना क्षेत्र के सिमवां गांव में रविवार को हुए विवाद में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान स्वर्गीय महेंद्र साव की 45 वर्षीय पत्नी प्रभावती देवी के रूप में हुई है। प्रभावती देवी ने इलाज के दौरान बताया कि घटना की शुरुआत तब हुई जब उन्होंने गांव के ही राजेंद्र राम की पत्नी को अपनी पांच वर्षीय पुत्री को पीटते हुए देखा। उन्होंने बीच-बचाव किया तो राजेंद्र राम की पत्नी गाली-गलौज पर उतर आई। मामले को लेकर पहले सामाजिक स्तर पर पंचायत हुई, लेकिन विवाद थमा नहीं। शनिवार को राजेंद्र राम, रामप्रवेश राम सहित अन्य लोग एकमत होकर प्रभावती देवी के घर पहुंचे और उनके साथ मारपीट की, जिससे वे घायल हो गईं।


## S.D COLLEGE

Kaler, Arwal (Bihar), 824127

**INVITING SHORT TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| SI No. | Name of works | Estimated cost. | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs.) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender from (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of class room 1st Floor Library Building. | 45,48,000=00 | 6 Months | 10,000=00 | 2% Tender Amount of |

Time Schedule
a) Last Date for purchase of tender Documents from Account Section of the College on All working days during office hours 2PM 08-09-25 to 15-09-2025.
b) Submission of tender up to 2 pm in the office, or registered post 23-09-2025.
c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.
Condition of Contract:-

1 D.D Should be made in the favor of Principal, S.D College, Kaler, Arwal.
2 Tender is open only to the eligible and experienced contractors/ firms of Appropriate Class Registered with University.
3 The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/ herself the tender.
4 Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal**
**S.D. College, Kaler,Arwal (Bihar).**



## DAUDNAGAR COLLEGE

Daudnagar, Aurangabad (Bihar). 824113

**INVITING SHORT TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| SI No. | Name of works | Estimated cost. | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs.) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender from (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of class room 2nd Floor Library Building. | 34,98,500=00 | 6 Months | 7500=00 | 2% Tender Amount of |

Time Schedule
a) Last Date for purchase of tender Documents from Account Section of the College on All working days during office hours 2PM 08-09-25 to 15-09-2025.
b) Submission of tender up to 2 pm in the office, or registered post 24-09-2025.
c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.
Condition of Contract:-

1 D.D Should be made in the favor of Principal, Daudnagar College Daudnagar, Aurangabad.
2 Tender is open only to the eligible and experienced contractors/ firms of Appropriate Class Registered with University.
3 The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/ herself the tender.
4 Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal**
**Daudnagar College Daudnagar (Aurangabad).**

# दूसरे दिन पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

## मोक्षदायिनी आदी गंगा पुनपुन के पावन तट पर तीर्थ का महासंगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मोक्षदायानी आदि गंगा पुनपुन के पावन तट पर अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेला के दूसरे दिन तीर्थ का महासंगम का नजारा देखने को मिला, जहां पर रविवार की अलहे सुबह से लेकर शाम तक लगभग तकरीबन 5000 से अधिक पिंडदानी अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंड का पहला तर्पण किया, पिंडदानियों की भीड़ इस कदर रही कि कई पिंडदानी अपने कर्मकांड का इंतजार करते दिखे। बहरहाल 17 दिवसीय पितृपक्ष मेले के दूसरे दिन पुनपुन नदी में पिंडदान, श्राद्धकर्म व तर्पण का विधान रहा है, इस विधान के तहत देश के विभिन्न राज्यों से आये तकरीबन 5 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने रविवार को अपने पितरों के आत्मा की शांति व मोक्ष प्राप्ति की कामना को लेकर पंडा के निर्देशन में पिंडदान, श्राद्धकर्म व तर्पण का कर्मकांड संपन्न किया। पुनपुन नदी के तट स्थित आसपास के घाटों पर पूरे दिन हर घंटे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही होती रही. इन जगहों पर भीड़ काफी अधिक होने से बैठकर कर्मकांड करने के लिए तीर्थयात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा था। पुनपुन पांडा समिति के सचिव रिंकू बाबा ने बताया की वायु पुराण सहित कई अन्य हिंदू धार्मिक धर्म ग्रंथो के अनुसार मान्यता है कि तीर्थ में तर्पण, श्राद्ध व पिंडदान करने वाले श्राद्ध कर्ताओं के पितरों को मुक्ति, अक्षय लोकों की प्राप्ति व करने वालों का उद्धार होता है। मान्यता है कि अखिल ब्रह्मांड में जितने भी तीर्थ हैं, सभी देवताओं के साथ तीर्थ में नित्य स्नान करने आते हैं। पुनपुन घाट पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंड का तर्पण करने आए गोयल परिवार ने बताया कि हम सभी चार परिवार के लोग आए हैं जो हरियाणाष कोलकाता, रायपुर, शिलांग से आए हैं यहां व्यवस्था बहुत ही अच्छा है। बिहार सरकार ने बहुत ही अच्छा प्रयास किया है, पुनपुन नदी का काफी महत्व है यहां के बाद गया जाएंगे, छत्तीसगढ़ से आए सुशील कुमार गोयल, शिलांग से आए मंजू गोयल ने बिहार सरकार की व्यवस्था को तारीफ की पुनपुन नदी तट पर इसका महत्व के बारे में भी बताया।



## सुशासन का सार आपके द्वार के तहत चलाया गया जनसंपर्क

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सुशासन का सार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जदयू प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में उसरी चौक से नरगदा तक जनसंपर्क अभियान चलाया गया. लोगों के बीच 2005 के बाद बदला बिहार, न्याय के साथ विकास के 20 साल बेमिसाल नाम का जदयू द्वारा किताब का वितरण किया गया. रविवार को विभिन्न मोहल्लों में घूम-घूम नगरवासियों के दरवाजे के बाहर पोस्टर लगाया. पोस्टर लगाने के बाद कार्यकर्ता गृह स्वामी और घर की महिलाओं से बात करते हुए नीतीश सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया.श्री सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, जल-जीवन-हरियाली जैसी योजनाओं से गांव-गांव को जोड़ा है।

## एक नजर

### मृतक के परिजनों को दी सांत्वना

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा नेता भाई सनोज यादव रविवार को आनंद बाजार मठ पर मृतक जयपाल चौधरी के घर पर जाकर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी. श्री यादव ने बताया कि कचहरी घाट पर गंगा नदी में स्नान करने के दौरान जयपाल के डूबने से मौत हो गई थी. श्री यादव ने सीओ से फोन पर बात कर जल्द आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली राशि भुगतान करने को कहा गया है. वही लोजपा जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने शिवाला पर मृतक गोलू के घर जाकर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी. श्री यादव ने बताया कि छात्र गोलू दोस्तों के साथ तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया था. श्री यादव ने सीओ से फोन पर मुआवजा की राशि भुगतान करने को कहा गया है।

### मुख्य पार्षद ने पांच योजनाओं का किया उद्घाटन

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को नगर परिषद के वार्ड 5 में करीब 60 लाख की लागत से 5 योजनाओं का उदघाटन मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व सशक्त समिति सदस्य के प्रतिनिधि सह समाजसेवी धीरज कुमार यादव द्वारा नारियल फोड़कर तथा निर्माण स्थल पर लगाये गये शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया. मुख्य पार्षद ने कहा कि परिषद के 40 वार्डों में विकास किया जा रहा है. शहर साफ व सुंदर बने. इसके लिए लगातार प्रयास जारी है. मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व पार्षद प्रतिनिधि धीरज यादव ने कहा कि परिषद क्षेत्र के सभी 40 वार्डों का विकास ही हमारा लक्ष्य है . विकास के कार्यों में किसी भी हाल में कोताही को बर्दास्त नहीं किया जाएगा. मौके पर पार्षद सुचित्रा देवी, गोपाल प्रसाद, अनिल कुमार, सुनील कुमार, राजेश, पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र चौरसिया, मनोज मास्टर, नरेश कुमार, पप्पु यादव, निरंजन कुमार, सुभाष, आजाद कुमार, धर्मेंद्र यादव आदि लोग भी उपस्थित थे।

### मंदिर में हवन कर की विश्व शांति की प्रार्थना

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाद्रपद पूर्णिमा पर नगर के पेठिया बाजार स्थित प्राचीन मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में विश्व शांति के लिए सामूहिक हवन का आयोजन किया गया. मां दक्षिणेश्वरी काली से जन स्वास्थ्य की कामना की गयी. मंदिर के पुजारी बृज मोहन मिश्रा के आचार्यत्व में विशेष हवन किया गया. पुजारी बृज मोहन मिश्रा व शशांक मिश्रा उर्फ गोलू बाबा ने कहा कि हवन पूजन कष्टों में अशांत मन को बल और सुख देते हैं. उन्होंने कहा कि चंद्रग्रहण पर हवन करने से राशि का संकट दूर किया जा सकेंगे. अनुष्ठान में राज कुमार उर्फ छोटू, मनोज कुमार, अरुण कुमार उर्फ टुनटुन, दीपक कुमार, अमित कुमार, पवन व प्रशांत उर्फ पप्पू समेत आदि मौजूद थे. समेत आदि भक्तों मौजूद थे।

## जलजमाव से बच्चों को परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी मुख्यालय स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज में बारिश के पानी से हुए जलजमाव की स्थिति के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पानी में पनप रहे मच्छरों से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ गया है। जलजमाव से स्कूल परिसर में कीचड़ और गंदगी फैल गई है, जिससे अब वह सड कर दुर्गंध ने देने लगा है। जिसके कारण स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्र एवं शिक्षकों के बीच परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और वे बीमार पड़ने के डर से स्कूल से दूर रहने को मजबूर हैं। जलजमाव वाले स्थानों पर मच्छरों की संख्या बढ़ रही है, जिससे बच्चों में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाने का खतरा मंडरा रहा है। गौरतलब है की उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज में कई दिनों से जल-जमाव की समस्या बनी हुई है।

## पुनपुन पितृपक्ष मेला नियंत्रण कक्ष स्थापित

### पालियों में 18 दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन में पितृपक्ष मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासन द्वारा मेला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को जानकारी दी जा सके और किसी भी समस्या, जैसे बिजली कटौती या गंदगी, पर तत्काल कार्रवाई की जा सके. यह नियंत्रण कक्ष मेला क्षेत्र में बिजली, साफ-सफाई, सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन की निगरानी करेगा, जिससे तीर्थयात्रियों को कोई असुविधा न हो। देश-विदेश से आने वाले पिंडदानियों और तीर्थयात्रियों को मेला से संबंधित आवश्यक जानकारी और सुविधाएं प्रदान करना। बिजली कटौती, ट्रैफिक जाम, सड़क पर गंदगी जैसी किसी भी छोटी-बड़ी समस्या पर तुरंत कार्रवाई करना। मेला क्षेत्र को 27 जोनों में बांटा गया है और हर जोन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों व तकनीकी कर्मियों की तैनाती की गई है। डीएम ने साफ-सफाई, बिजली-पानी, सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन की कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हैं।किसी भी बड़ी समस्या की सूचना तुरंत मेला नियंत्रण कक्ष को एसएमएस के जरिए देनी होगी। मेला नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है और हर एक पाली में एक पुलिस पदाधिकारी के साथ पांच दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 तक, दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक उसके बाद रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को रात्रि विश्राम और किसी भी तरह के असुविधा न हो उसके लेकर कंट्रोल रूम की निगरानी रखी जाएगी।

## श्रीश्री भारत पूजा समिति पूजा पंडाल में दिखेगा खडगपुर के मां दुर्गा मंदिर की झलक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में इस बार पश्चिम बंगाल के खडगपुर के मां दूर्गा मंदिर का नजारा देखने को मिलेगा। बंगाल से आये कलाकारों द्वारा मंदिर के स्वरूप का पंडाल निर्माण किया जा रहा है। मसौढी मुख्यालय स्थित सतीस्थान जीरो माइल के पास बन रहा यह पंडाल तकरीबन 40 फीट की ऊंचाई और 50 फीट चौड़ा होगा। इस पंडाल को बंगाल की कारीगर द्वारा बनाया जा रहा है। फिलहाल पंडाल का निर्माण शुरू हो चुका है। नवरात्र अनुष्ठान को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, मसौढी अनुमंडल मुख्यालय जीरो माइल के पास श्री श्री भारत माता पूजा समिति की ओर से इस बार खडगपुर के भव्य मां दुर्गा के मंदिर के तर्ज पर आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है यह श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। वही पंडाल के अंदर ऑपरेशन सिंदूर की भी झलक दिखेगी। श्री राम जानकी ठाकुरवाडी मंदिर के मुख्य पुजारी गोपाल पांडे ने बताया कि इस बार मां का आगमन हाथी पर हो रहा है जो श्रद्धालुओं के शुभ और फलदायक होगा। गौरतलब है की 46 वर्षों से मसौढी थाना के पास भारत माता पूजा समिति की ओर से हर वर्ष तरह-तरह के पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ रहता है। इस बार खगडपुर के मां दुर्गा के मंदिर के तर्ज पर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है, इससे पूर्व केदारनाथ मंदिर, महावीर मंदिर दिल्ली का लोटस अपार्टमेंट, स्वर्ण मंदिर आदि स्थलों का पूजा पंडाल निर्माण कराया जा चुका है। इस बार पंडाल 40 फीट की लंबाई और 50 फीट चौड़ाई होगी बंगाल के कारीगर इस पूरे पंडाल का स्वरूप तैयार कर रहे हैं। आयोजन समिति की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे, चारों तरफ सीसीटीवी, अग्निशमन प्रबंधन, पंडाल के ईर्द गिर्द स्वयंसेवकों की टीम की तैनाती होगी, वॉच टावर आदि सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। श्री भारत पूजा समिति के अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह, सचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार रेड्डी, मोहम्मद अरफराज साहिल, कुंदन सिंह, रिंकू कुमार, विवेकानंद समेत अन्य लोग शामिल रहे हैं।



## मुख्यमंत्री महिला रोजगार को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार का शुभारंभ रविवार से कर दी गई है, ऐसे में जागरूकता वाहन के जरिए जीविका से जुड़े हुए महिलाओं को जानकारी दी जा रही है। ऐसे में रविवार को सभी ग्राम संगठन में विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ज्ञान भारती ग्राम संगठन, मिरचक, मसौढ़ी में जागरूकता वाहन के द्वारा विस्तृत वीडियो दिखाकर समझाया गया।इस योजना का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को उनकी पसंद के अनुसार रोजगार प्रारंभ करने हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि प्रत्येक परिवार से एक महिला उद्यमी के रूप में स्थापित हो सके।योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रथम किश्त के रूप में 10,000 रुपये की राशि उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अतिरिक्त, व्यवसाय आरंभ करने के उपरांत आकलन कर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त 2 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। मसौढ़ी प्रखण्ड के लगभग 25000 जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए जीविका समूह से जुड़ना अनिवार्य किया गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना राज्य सरकार की ओर से जागरूकता वाहनों के माध्यम से विशेष प्रचार-प्रसार कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।जो विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को जानकारी देंगे और आवेदन हेतु प्रेरित करेंगे।की ओर प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी, आजीविका विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी, क्षेत्रीय समन्वयक स्वेता कुमारी तथा सामुदायिक समन्वयक बबली कुमारी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। समूह से जुड़ी 250 दीदियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह को विशेष बनाया।यह योजना राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे राज्य की महिलाएँ न केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ होंगी, बल्कि समाज में अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन भी कर सकेंगी।



## मतदान केंद्रों का फीडबैक लेने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर प्रेक्षागृह में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सत्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण और मतदाताओं से फीडबैक लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों को पूर्व से ही चिन्हित करना सुनिश्चित करें तथा सूचना भी संग्रहण करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कौशल कुमार ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य में संवेदनशीलता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के अनुरूप सभी तैयारियों को समयबद्ध व प्रभावी ढंग से पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। वरीय पुलिस अधीक्षक ने क्रिटिकल मतदान केन्द्रों को पूर्व में ही चिन्हित कर लेने का निर्देश सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को दिया। उन्होंने सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने एवं संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने को कहा। उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार ने सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को कहा कि 1200 से अधिक मतदाता के आधार पर मतदान केंद्र बनाया गया है, के संबंध में सभी मतदाता को जानकारी है कि नहीं सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण में सहायक समाहर्ता के परीक्षित, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद,जिला भू अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार आदि पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



## सुख-समृद्धि तथा राष्ट्र के विकास में शिक्षकों की भूमिका अहम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** दरभंगा के चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ जगत नारायण नायक ने शिक्षक दिवस के अवसर पर समाज से सीधे जुड़े पांच शिक्षकों/चिकित्सकों को पाग, चादर, मखाना-माला, भगवद्गीता ग्रन्थ तथा पुष्प-माला आदि प्रदान कर सम्मानित किया, जिनमें डीएमसीएच, दरभंगा के गैनिक विभाग की पूर्व डॉ वसुंधरा रानी, आयुर्वेद कॉलेज, दरभंगा के पूर्व शिक्षक डॉ महेन्द्र लाल दास, मिथिला विश्वविद्यालय के संस्कृत-प्राध्यापक डॉ आर एन चौरसिया, पूअर होम, दरभंगा के नेत्र-चिकित्सा डॉ जी एम मिश्र तथा एमएलएसएम कॉलेज, दरभंगा की रसायनशास्त्र-प्राध्यापिका डॉ अंजू कुमारी के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर सहरसा मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ आत्मा प्रकाश नायक, मोहम्मद दुलारे, रवि रंजन, विजय कुमार, किशन कुमार तथा संजय कुमार आदि सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित थे। डॉ आत्मा प्रकाश नायक ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि डॉ अंजू कुमारी ने संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ महेन्द्र लाल दास ने कहा कि भारत के दूसरे राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राधाकृष्णन महान शिक्षाविद् एवं बड़े दार्शनिक थे, जिन्हें स्वच्छ राजनीति का पर्याय माना जाता है। डॉ आर एन चौरसिया ने समाज की सुख-समृद्धि तथा राष्ट्र के विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें राष्ट्र का निर्माता कहा। चरित्रवान आदर्श शिक्षक के प्रति छात्रों में स्वतः ही श्रद्धा जागृत होती है। उन्होंने कहा कि सादगी की ऊंची ज़िन्दगी जीने वाले महामानव डॉ राधाकृष्णन ने अपनी सरलता, सौम्यता और संस्कार के कारण हमारे आदर्श शिक्षक हैं। श्रोता उनके हाजिर जवाबी तथा भाषण से मंत्र मुक्त हो जाते थे। डॉ वसुंधरा रानी ने शिक्षक दिवस को खास दिन बताते हुए शिक्षक को मार्गदर्शक एवं राष्ट्र का धरोहर बताया। डॉ जी एम मिश्रा ने भी शिक्षक दिवस के महत्व तथा डॉ राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

अध्यक्षीय संबोधन में जन सुराज पार्टी के दरभंगा ग्रामीण विधानसभा के संभावित उम्मीदवार डॉ जगत नारायण नायक ने मां को प्रथम गुरु बताते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र की नींव का निर्माण करते हैं। अच्छे शिक्षकों के माध्यम से संस्कारित एवं सुयोग्य युवा- पीढ़ी का निर्माण संभव है। उन्होंने मां एवं शिक्षक पर आधारित कविता पाठ करते हुए इनके महत्वों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने अच्छी शिक्षा तथा बेहतर प्रशिक्षण देकर युवाओं को नौकरी एवं स्वरोजगार के माध्यम से आदर्श समाज निर्माण हेतु तन, मन एवं धन से हर संभव सहयोग का संकल्प व्यक्त किया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।



## दानापुर को जिला व मनेर को अनुमंडल बनाने की मांग को निकाली यात्रा

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सेवा बिहार प्रदेश इकाई की ओर से दानापुर को जिला व मनेर को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर रविवार को भाव श्रवण यात्रा निकाली गई. बीएस कॉलेज के पास से गाजे-बाजे के साथ सामाजिक कार्यकर्ता पीटी गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में यात्रा का शुरू किया गया . जो तकियापर, गोलापर, बस पडाव, शाहपुर, दाउदपुर, शेरपुर, मनेर, बिहटा, नेउरा, शिवाला मोड, दानापुर स्टेशन होते हुए सगुना मोड पर समाप्त हुआ। श्री गजेंद्र ने बताया कि दानापुर को जिला व मनेर को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर आगामी 13 सितंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पटना जिले की आबादी करीब 70 लाख से अधिक हो गई है। दानापुर अनुमंडल के भौगोलिक क्षेत्रफल व आबादी को देखते हुए दानापुर को जिला और मनेर को अनुमंडल घोषित करने की मांग राज्य सरकार से की है।

## निर्वाचन क्षेत्रों के सेक्टर पदाधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार के आदेश के आलोक में आज आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर समाहरणालय परिसर स्थित अंबेडकर सभागार में 83-दरभंगा एवं 84- हायाघाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारियों को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) एवं वीवीपैट (वोटर वेरीफायड पेपर ऑडिट ट्रेल) के संबंध में मास्टर ट्रेनरों द्वारा 'हैंड्स ऑन' प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने ईवीएम एवं वीवीपैट की संरचना, संचालन प्रक्रिया, संभावित तकनीकी समस्याएं एवं उनके समाधान, सीलिंग एवं सुरक्षित परिवहन के मानक प्रक्रिया सहित मतदान केंद्र पर इन उपकरणों की वास्तविक उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष,पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी दरभंगा द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को गंभीरता से आत्मसात करें एवं चुनाव के दौरान उसके अनुसार कार्य करें ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना शून्य हो। प्रशिक्षण सत्र में दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे एवं प्रशिक्षण के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें मास्टर ट्रेनरों द्वारा अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी निर्वाचन से जुड़े कार्मिकों को समयबद्ध एवं चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षित किया जाए, जिससे स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता के परीक्षित, उपनिदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, जिला भू अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित थे।




## मसौढ़ी में विधानसभा स्तरीय राजद कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, उम्मीदवार बदलने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव होने से पहले मसौढी विधानसभा में लालटेन की लौ पूरब और पश्चिम की हवाओं के झोंके से झिलमीला रही है। दरअसल मसौढ़ी में राजद कार्यकर्ताओं के बीच दो गुट बन गया है, एक गुट वर्तमान विधायक के पक्ष में तो दूसरा गुट विधायक के विरोध में हैं और लगातार बैठक करके आला कमान से इस बार के चुनाव में उम्मीदवार बदलने की मांग कर रहे हैं और अगर मांग पूरी नहीं हुई तो मसौढ़ी विधानसभा सीट गड़बड़ा जाने की भी चेतावनी दे रहे हैं। ऐसे में रविवार को मसौढ़ी राजद नगर अध्यक्ष भाई वीरेंद्र ऊर्फ किरी यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आहूत की गई। मंच संचालन संतोष कुमार अनमोल ने की भारी संख्या में कार्यकर्ताओं का जुटान हुआ, सबों ने एक मंच से रेखा हटाओ मसौढी बचाव के नारे लगाए और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मांग की है कि इस बार किसी भी कीमत में रेखा देवी को मसौढी विधानसभा से टिकट नहीं मिली चाहिए नहीं तो हम सभी लोग पुरजोर विरोध करेंगे। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सूर्य देव यादव, धनी यादव, जितेंद्र यादव, अजय यादव, दिलखुश यादव, चंदन यादव, संजीव कुमार सुमन, तेजस्वी प्रवीण, मंटू यादव, शैलेंद्र कुमार, अजीत कुमार समेत सैकडों लोग शामिल रहे।



# बीसीसीआई का कैश और बैंक बैलेंस 20,686 करोड़ हुआ

**5 साल में 14,627 करोड़ कमाए; 2019 में बोर्ड का सामान्य फंड 3906 करोड़ था**



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का कुल बैंक बैलेंस ?20,686 करोड़ हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि पिछले 5 साल में बोर्ड ने 14,627 करोड़ कमाए। अकेले पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 4,193 करोड़ कमाए। यह जानकारी राज्य क्रिकेट संघों के साथ साझा की गई वित्तीय रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार-2019 में बीसीसीआई का सामान्य फंड 3,906 करोड़ था, जो 2024 में बढ़कर 7,988 करोड़ हो गया। यानी पांच साल में इसमें 4,082 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 28 सितंबर को होगी, जहां नई वित्तीय जानकारी साझा की जाएगी।

### बीसीसीआई की 2024 एजीएम में कैश-बैंक बैलेंस बढ़ने की जानकारी

बीसीसीआई की 2024 में हुई एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में बताया गया- 2019 से बोर्ड का कैश और बैंक बैलेंस 6,059 करोड़ रुपए से बढ़कर 20,686 करोड़ रुपए हो गया है।

### टैक्स के लिए अलग रखे 3,150 करोड़

बीसीसीआई ने टैक्स देनदारी को लेकर भी बड़े प्रावधान किए हैं। बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 3,150 करोड़ आयकर के लिए अलग रखे हैं। हालांकि यह मामला अदालतों और ट्रिब्यूनलों में विचाराधीन है, लेकिन किसी भी संभावित भुगतान को ध्यान में रखते हुए राशि सुरक्षित रखी गई है।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों और मीडिया अधिकारों से आय घटी

2023-24 में अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट्स से आय 361.22 करोड़ रही, जो पिछले साल के 642.78 करोड़ रुपए से कम है। इसके अलावा, मीडिया अधिकारों से आय भी 2,524.80 करोड़ से घटकर 813.14 करोड़ रही। यह कमी कम अंतरराष्ट्रीय मैचों और आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के आयोजन के कारण हुई।

2023 वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। कंगारू टीम ने टीम इंडिया को हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया था।

### आईपीएल और आईसीसी से बढ़ी आमदनी

आईपीएल से हुई कमाई और आईसीसी से मिले हिस्से की वजह से बीसीसीआई को 2023-24 में 1,623.08 करोड़ का सरप्लस (मुनाफा) हुआ। यह पिछले साल के 1,167.99 करोड़ से कहीं ज्यादा है।

### ऐसे आईपीएल से पैसा कमाता है बीसीसीआई

मीडिया राइट्स- मीडिया और ब्रॉडकास्टिंग राइट्स यानी आईपीएल के मैचों के टेलीकास्ट करने का अधिकार। मैच के लाइव टेलिकास्ट के अलावा हाइलाइट्स तक सिर्फ वही कंपनी दिखा सकती है, जिसके पास मीडिया राइट्स हों। इससे ही बीसीसीआई को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है।

### टाइटल स्पॉन्सरशिप

साल 2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए सालाना 50 करोड़ दिए गए थे। वहीं, 2023 में ये आंकड़ा सालाना 300 करोड़ से ज्यादा हो गया। टाटा और बीसीसीआई के बीच दो साल की डील हुई थी, इसके लिए कुल 600 करोड़ दिए गए। फ्रेंचाइजी फीस- कोई भी नई टीम जब आईपीएल का हिस्सा बनती है, इसके लिए फ्रेंचाइजी फीस देनी होती है। ये पूरा प्रोसेस बोली लगाकर होता है, जिसमें अलग-अलग कंपनियां या ग्रुप टीम खरीदने के लिए बिडिंग प्रोसेस का हिस्सा बनते हैं। साल 2022 में जब गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजायंट्स लीग का हिस्सा बनीं, तो बीसीसीआई के खाते में ?12500 करोड़ जुड़ गए।

### बैंक ब्याज से 986.45 करोड़ कमाए

बीसीसीआई ने बैंक जमा पर ब्याज से 986.45 करोड़ रुपये कमाए, जो पिछले साल के 533.05 करोड़ से काफी अधिक है।

### राज्य संघों और क्रिकेट विकास के लिए फंड

बीसीसीआई ने 2023-24 में राज्य क्रिकेट संघों के लिए ?1,990.18 करोड़ आवंटित किए और 2024-25 के लिए 2,013.97 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा बुनियादी ढांचे के लिए 1,200 करोड़ रुपये, प्लेटिनम जुबली बेनेवोलेंट फंड के लिए 350 करोड़ रुपये और क्रिकेट विकास के लिए 500 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

## एशिया कप 2025, नेट प्रैक्टिस में जितेश ने विकेटकीपिंग की

### सैमसन आइसबॉक्स पर बैठे रहे, बल्लेबाजों ने नेट्स में बहाया पसीना



**यूएई (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से यूएई में होने वाली है। उससे पहले भारतीय टीम ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच, विकेटकीपर-बल्लेबाज के रोल के लिए संजू सैमसन और जितेश शर्मा के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई के आईसीसी अकादमी में भारतीय टीम के दूसरे ट्रेनिंग सेशन में जितेश शर्मा को विकेटकीपिंग ड्रिल में ज्यादा समय बिताते देखा गया, जबकि संजू सैमसन ने कुछ समय थ्रो-डाउन प्रैक्टिस की और ज्यादातर समय आइसबॉक्स पर बैठे दिखे। ट्रेनिंग सेशन में जितेश को कोच गौतम गंभीर से ज्यादा बातचीत करते देखा गया। माना जा रहा है कि टीम मैनेजमेंट जितेश को पहले कुछ मैचों में विकेटकीपर के रूप में प्राथमिकता दे सकता है। वहीं, गिल, अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा और रिंकू सिंह ने काफी समय तक नेट में पसीना बहाया। संजू सैमसन ने हाल ही में केरल क्रिकेट लीग (केसीएल) में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने 42 गेंदों में शतक लगाया, और पूरे लीग में 368 रन बनाए। उनकी फॉर्म और टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी की स्ट्रेंथ उन्हें मजबूत दावेदार बनाती है। हालांकि, शुभमन गिल की वापसी और उप-कप्तानी ने सैमसन के ओपनिंग स्लॉट को खतरे में डाल दिया है।दूसरी ओर, जितेश शर्मा ने आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए शानदार फिनिशिंग स्किल दिखाई, जिसमें 176.35 के स्ट्राइक रेट से 261 रन शामिल हैं। उनकी मिडिल-ऑर्डर में की क्षमता उन्हें इस रेस में आगे रखती है।

# किसानों से आधार कार्ड लेकर ही करें खाद का वितरण : संदीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** किसानों को समय पर और सही दाम पर उर्वरक उपलब्ध कराएं। उर्वरक के वितरण में कोई गड़बड़ी की शिकायत आती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बात जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने उर्वरक विक्रेताओं के लिए आयोजित चैनल पार्टनर मिट कार्यक्रम में कहीं। यह कार्यक्रम शहर के धर्मशाला रोड स्थित एक निजी होटल में उर्वरक विक्रेताओं के लिए नवीनतम ऑफ़रिंग आवरण को लेकर था जिसका आयोजन मां पार्वती इंटरप्राइजेज एवं महावीर बजरंग एग्रो केमिकल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से किया गया। उर्वरक के क्षेत्र में महिलाओं को आत्म निर्भर और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए तीन खुदरा विक्रेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि सभी खुदरा विक्रेता अपना स्टॉक रजिस्टर, सेल रजिस्टर, मूल्य तालिका, उपलब्धता बोर्ड अपडेट रखेंगे। उत्पादों की टैगिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उर्वरक का वितरण करते समय किसान की आधारकार्ड लेकर ही उर्वरक वितरण करें। यूरिया की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता अनुसार खाद की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को स्पष्ट रूप से प्रोडक्ट के बारे में बताए। किसानों को समस्या का मौका न दे। यदि आपको भी समस्या है तो कार्यालय से संपर्क करें या मुझे बताएं। सहायक उद्यान पदाधिकारी श्रीकांत ने कहा कि केवल यूरिया नहीं बल्कि अन्य सभी उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। सहायक निदेशक पौधा संरक्षण रॉकी रावत ने पौधा संरक्षण से जुड़ी जरूरी जानकारी तथा रसायन प्रतिष्ठान के नए लाइसेंस लेने की प्रक्रिया से जुड़ी जरूरी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि दुकानदार अपने अपने दुकानों पर मेडिकल कीट जरूर रखे। रसायन सहायक निदेशक दीपक कुमार ने बताया ने बताया कि जो भी खुदरा विक्रेता है, वे विभाग के दिशा निर्देश का पालन करे। स्टॉक पंजी और सेल पंजी मेंटेन रखें। बिक्री और सेल पंजी को जरूर सत्यापित करवाएं। मां पार्वती इंटरप्राइजेज के प्रो. प्रशांत कुमार ने नवीनतम ऑफर के साथ-साथ उर्वरक, कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक के बारे में बताया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक अनूप कुमार चौबे, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राकेश रंजन, दाउदनगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी, इफको क्षेत्रीय पदाधिकारी नवनीत कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर डीएओ ने गीता उद्यमी केंद्र के प्रो. गीता कौशिक को पुरस्कृत किया।

# पतेया में शिवलिंग पर घंटों बैठा रहा सांप, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत पतेया गांव स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग पर एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पर एक सांप घंटों तक विराजमान रहा। इस दौरान भक्तों ने इसे भगवान शिव की लीला मानकर पूजा भी किया। इधर शिवलिंग पर सांप बैठने की सूचना जैसे ही क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों को मिली तो अद्भुत नजारा देखने को ले भीड़ उमड़ पड़ी। पहले तो शिवलिंग पर सांप बैठा देख कुछ लोग सहम गए लेकिन अधिकांश भक्तों ने इसे भोलेनाथ की दिव्य लीला मानते हुए पूजा की। शिवलिंग के ऊपर एक काला सांप बैठा था। सबसे आश्चर्य करने वाली बात यह है कि काफी भीड़ उमड़ने व शोरगुल के बावजूद भी सर्प न तो भागा और न ही शिवलिंग से उतरा। जबकि सांप मनुष्य के पैरों की आवाज सुनकर भाग जाते हैं फिर इतने शोरगुल और भीड़ के बावजूद भी सांप शिवलिंग पर बैठे रहना आश्चर्य नहीं है तो और क्या हो सकता है। ग्रामीण रिंटू सिंह, पप्पू सिंह, रविंद्र चंद्रवंशी, बैकुंठ चंद्रवंशी, सुदर्शन प्रसाद सहित ने शिवलिंग पर सांप बैठे होने की सूचना मिली तो सभी काम छोड़ मंदिर पहुंचे हैं। भगवान का यह अदभुत नजारा देखकर हम सभी धन्य हो गए। बताया कि धर्मग्रंथों में लिखा है कि भगवान भोलेनाथ गरुड़ से बासुकी की रक्षा के लिए अपने गले में धारण कर लिए तब से सभी सांप शंकर भगवान के भक्त बन गए, आज यह दृश्य भी देखने को भी मिल रहा है। श्रद्धालुओं ने इस अद्भुत दृश्य का वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घंटों तक सांप शिवलिंग पर बैठा रहा।

# ओबरा में इस बार 45 फीट ऊंचे रावण का होगा पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**ओबरा(औरंगाबाद)।** विजया दशमी के अवसर पर इस बार ओबरा में 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर हिंदू इको सिस्टम ओबरा इकाई की बैठक स्थानीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष चंद्र जयसवाल ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में और भव्य आयोजन किया जाएगा। जहां पहले 35 फीट ऊंचे रावण का पुतला दहन होता था, वहीं इस बार 45 फीट लंबे पुतले का निर्माण किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि बड़ा पुतला होने से लोगों को दहन स्थल से बेहतर दृश्य मिलेगा। रावण दहन कार्यक्रम उच्च विद्यालय ओबरा के खेल मैदान में होगा। इसके लिए शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। अध्यक्ष चंद्र जयसवाल और उपाध्यक्ष नंतु जायसवाल ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुतला दहन के समय बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है, ऐसे में प्रशासन और स्थानीय लोगों का सहयोग आवश्यक होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि हर साल की तरह इस बार भी कार्यक्रम सफल और शांतिपूर्ण रहेगा। बैठक में सचिव कृष्णा पंडित, अमित नाग, हेमराज कुमार, दीपक भगत समेत बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# अगस्त में 19 प्रतिशत से कम हुई बारिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में मानसून का मिजाज पिछले तीन वर्षों से लगातार बदल रहा है। कम बारिश होने से जिले में धान रोपनी शत प्रतिशत से अधिक हुई है। बता दें कि जिले में वर्ष 2020 में मात्र 800.3 मिलीमीटर बारिश हुई है जबकि सामान्य बारिश 1140.8 मिलीमीटर होनी चाहिए थी। इस वर्ष अबतक 30 प्रतिशत बारिश हुई है। बीते वर्ष 2023 में सामान्य 1176.1 मिलीमीटर के जगह सिर्फ 767.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी परंतु 2024 में स्थिति थोड़ी बेहतर रही और 1000.9 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। बारिश का ऊपर-नीचे होना महीनों के हिसाब से भी साफ झलक रहा है। जनवरी व फरवरी लगातार तीन वर्षो में सूखे की स्थिति रही है। वहीं वर्ष 2023 के अप्रैल और 2025 में सामान्य से अधिक बारिश हुई परंतु वर्ष 2024 में मात्र 1.2 मिलीमीटर बारिश ही हुई थी। उसी प्रकार मई 2025 में सामान्य से दोगुनी बारिश ने किसानों को राहत दी पर अगस्त में 19 प्रतिशत से कम बारिश ने सारी उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया। जून-जुलाई के आंकड़ों कं अनुसार इस वर्ष इन महीनों में बारिश औसतन बेहतर रही परंतु अगस्त माह में वर्षा की कमी ने धान की फसल को अब संकट में डाल दिया है। किसानों का कहना है कि जिले में वर्षा का असमान वितरण अब स्थायी समस्या बनता जा रहा है। कभी अचानक अतिवृष्टि से खेतों में खड़ी फसले नष्ट हो जाती हैं तो कभी लगातार सूखे की स्थिति किसानों को कर्ज और पलायन की ओर धकेल देती है। मौसम वैज्ञानिक डा. अनूप कुमार चौबे ने बताया कि रबी के सीजन के लिए भी यह चिंता का विषय है क्योंकि कम बारिश से भूमिगत जलस्तर गिरने औश्र तालाब नहरों में पानी की उपलब्धता घटने की आशंका है। खेती अब पूरी तरह से मानसून के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती है। इधर जिले में धान आच्छादन का लक्ष्य इस वर्ष शत प्रतिशत से अधिक है। वहीं धान रोपनी का लक्ष्य एक लाख 74 हजार 497 हेक्टेयर तय था जबकि किसानों ने कुल एक लाख 74 हजार 541 हेक्टेयर भूमि में धान का आच्छादन किया। यह लक्ष्य का 100.03 प्रतिशत है। बता दें कि जिले के सभी 11 प्रखंडों ने इस बार लक्ष्य की पूर्ति की है। जिसमें सदर प्रखंड ने 13 हजार 755 के जगह पर 13,800 हेक्टेयर में धान की रोपनी की। बारुण, ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा, गोह, रफीगंज, मदनपुर, कुटुंबा, नबीनगर व देव प्रखंडों ने भी लक्ष्य को पूरी तरह से हासिल कर लिया है। धान उत्पादन अब सितंबर और अक्टूबर की वर्षा पर ही निर्भर करेगा।

# 3.30 करोड़ की लागत से निर्मित रामाबांध बस स्टैंड की स्थिति बदहाल

**करीब चार वर्षों से बंद पड़ा है बस स्टैंड में बना शौचालय, यात्री शेड में जुआरियों का लगा रहता है जमाबड़ा**

**रंजन सिंह / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के रामाबांध बस स्टैंड की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। स्टैंड की स्थिति बदहाल रहने से यहां पहुंचने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि वर्ष 2020 में रामाबांध में नगर एवं आवास विभाग के बुडकों के द्वारा तीन करोड़ 30 लाख 12 हजार 900 रुपये की लागत से आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था। जब बस स्टैंड चालू हुआ था तो स्टैंड में यात्रियों के लिए कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। स्टैंड के चारों तरफ से चारदीवारी बनाई गई। प्रकाश की व्यवस्था के लिए एलईडी लाइट लगाया गया था। इसके साथ ही पुरुषों के अलावा महिलाओं के लिए अलग शौचालय एवं मूत्रालय बनाया गया है। यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सी एवं बिजली का पंखा की व्यवस्था की गई थी। पूरा परिसर में पीसीसी वर्क किया गया है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था लेकिन इन दिनों देखरेख के अभाव में यात्री शेड की कुर्सियां टूटकर बिखर गई है। नावाडीह के विवेक सिंह, दिनेश सिंह, बराटपुर के अंकित सिंह ने बताया कि यात्रियों शेड में हमेशा जुआरियों व नशेड़ियों का अड्डा बना रहता है। बस स्टैंड में लगी लाइट अब जलती तक नहीं है। बस स्टैंड परिसर में गंदगी लगा रहता है। यहां तक गंदगी से बदबू आती है। स्टैंड में मवेशी दिन रात भटकते रहते हैं। यहां तक की बस स्टैंड में प्रर्याप्त जगह नहीं होने से कुछ वाहनों को औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ पर खड़ी की जाती है। वाहनों के सड़क किनारे खड़ी रहने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। बता दें कि बस स्टैंड से बिहार एवं झारखंड के कई शहरों के अलावा दिल्ली, छतीसगढ़, मध्य प्रदेश, यूपी, गया, डिहरी, सासाराम के लिए बसें खुलती हैं। यह अंतरराज्यीय बस स्टैंड है। पहले यह स्टैंड की देखरेख जिला परिषद करता था परंतु अब इसे नगर परिषद को हैंडओवर कर दिया गया है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। बस स्टैंड परिसर में चार वषों से शौचालय बंद पड़ा है। शौचालय जब बना तो आज तक चालू नहीं हो सका। शौचालय बंद होने से यहां पहुंचने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मजबूरन 10 रुपये देकर शौचालय में शौच जाते हैं। अगर शौचालय चालू हो जाती है तो यात्रियों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### महिलाओं के विकास...

हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बन रही हैं। वर्ष 2013 में पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत तथा वर्ष 2016 में सभी सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। हमलोगों ने महिलाओं की मांग पर ही शराबबंदी लागू की। महिलाओं के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना जैसी अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अधिक से अधिक महिलाएं उच्च शिक्षा हासिल कर सकें, इसके लिए शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन हेतु विशेष प्रावधान किया गया है। शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाएं ही सशक्त समाज की पहचान है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा उपस्थित थी।


### बिहारी कहलाने में गौरव ...

कहा कि यह इतिहास लेबर से मालिक बनने तक की सफल यात्रा का है। गिरमिटिया फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती स्वाति बोले गिरमिटिया फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, भविष्य के योजनाओं की जानकारी दी। गुयाना उच्चायोग के प्रतिनिधि श्री केशव तिवारी,सूरीनाम से अरुण हरदीन, दक्षिण अफ्रीका से पधारे प्रदीप रामलाल और हिंदी अकादमी दिल्ली के पूर्व उपाध्यक्ष विमलेश कांति वर्मा की उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण रही। लोकगायिका कल्पना पटवारी, विजयलक्ष्मी उपाध्यक्ष, अंजली शिवाय की सांस्कृतिक प्रस्तुति, पर्यटन विभाग, भारत सरकार के पूर्व उप महानिदेशक संजय श्रीवत्स एवं दूरदर्शन पटना की पूर्व डायरेक्टर श्रीमती डॉ रत्ना पुरकायस्थ की उपस्थिति गरिमामयी रही। गिरमिटिया फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलीप गिरि ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बिहार में पूर्ण बहुमत से बनेगी एनडीए सरकार : विजय सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** डबल इंजन की सरकार में बिहार में तेज गति से चहुंमुखी विकास हो रहा है। हर जिले में इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक जैसे बड़े-बड़े शिक्षण संस्थान और हॉस्पिटल खुल रहे हैं। वहीं खेतों में पानी व मुफ्त बिजली पहुंच रही है। आज अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकासात्मक कार्यों का लाभ पहुंच रहा है। यह बात बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने रविवार को कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के हाई स्कूल चिल्हकी में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। उप मुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि एनडीए का यह कार्यकर्ता सम्मेलन मजबूत गठजोड़ को प्रदर्शित करता है। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार ने प्रदेश में विकसित बिहार की मजबूत नींव रखी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2005 से विकास की गति ने जो रफ्तार पकड़ी है वह लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की शानदार जीत होगी। विपक्ष के लोग लोकतंत्र और लोक मर्यादा की बात करते हैं लेकिन पूर्व की सरकार में जातीय उन्माद पैदा कर नरसंहार का खेल होता था। आज यह सब बंद है। प्रदेश की वर्तमान सरकार विकासशील सरकार है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुए हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सामाजिक सद्भाव कायम है। राजद व कांग्रेस वंशवादी और परिवारवादी पार्टी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि बिहार में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना है जिसमें सबका योगदान जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार की महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए दस हजार रुपए दे रही है। रोजगार शुरू करने के बाद उन्हें दो लाख रुपए दिए जाएंगे। सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में नया आयाम लिखेगा। अपने संबोधन में संतोष सुमन ने कहा कि कुटुंबा विधानसभा में आपको वैसे प्रतिनिधि का चुनाव करना है जो आपकी सेवा कर सके।



उन्होंने कहा कि मैंने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत कुटुंबा से की थी। मेरी ख्वाहिश है कि जिसे मैं यहां चुनाव में नहीं हरा पाया, उसे मेरा कार्यकर्ता चुनाव में हराए। बिहार में विकास की रफ्तार रुकनी नहीं चाहिए। आपको अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए एनडीए सरकार चाहिए। विरोधी आरोप लगाते हैं कि एनडीए गठबंधन के नेता तो मिल जाते हैं लेकिन धरातल पर कार्यकर्ता का मेल नहीं हो पाता है। एनडीए का साझा कार्यक्रम यह दिखाता है कि घटक दल के सभी पार्टी कार्यकर्ता एक हो गए हैं। आने वाले दिनों में बिहार औद्योगिक क्रांति की नींव रखने जा रहा है। कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र विकास का इंतजार कर रहा है, उसके इंतजार को खत्म कीजिए। आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 225 सीट जीतकर इतिहास लिखने जा रहा है। एनडीए का हर कार्यकर्ता पहरेदार के रूप में काम करेगा। पूर्व सांसद सुशील सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए पांच पांडव का गठबंधन है। जिन लोगों ने नरेंद्र मोदी की मां को गाली दी है इसका बदला हम लोग वोट रुपी हथियार से लेंगे। अब यह लड़ाई धर्म और अधर्म के बीच की है। उन्होंने कहा कि इस बार कुटुंबा विधानसभा में आपके बीच का उम्मीदवार होगा। आप लोग एकजुट होकर एनडीए घटक दल के उम्मीदवार को चुनाव जीताने का काम करें। सम्मेलन में जदयू जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक सिंह, हम सेक्युलर जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, भाजपा महामंत्री सतीश कुमार सिंह समेत एनडीए घटक दल के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे। इसके पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन, मंत्री जयंत राज, संजीव राम, संतोष कुमार निराला, पूर्व सांसद सुशील सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## एनडीए के शासनकाल में हर क्षेत्र में हुआ चहुंमुखी विकास

### नबीनगर विधानसभा में एनडीए विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** यहां के अनुग्रह नारायण स्टेडियम में रविवार को एनडीए नवीनगर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिवहर की सांसद लवली आनंद, वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार, औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह शामिल हुए। सम्मेलन में पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह ने नबीनगर की जनता को प्रणाम करते हुए कहा कि आपने ही मुझे



तीन-तीन बार विधायक बनाया, सांसद भी बनाया है। आपका बहुत कर्ज मेरे ऊपर है, ऐसे में एक बार फिर से मुझे मौका दीजिए ताकि मैं आपके सभी कर्जों को उतार सकूं। श्री सिंह ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में कई विकास के कार्य किए हैं जो आज क्षेत्र में दिखाई भी देता है। आने वाले समय में नीतीश सरकार एक बार फिर राज्य की सत्ता संभालेगी और हर क्षेत्र में विकास कार्य किए जाएंगे। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में मिथिला की धरती जो माता सीता के नाम से जानी जाती है, उस जगह पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली दिया गया। यह बिल्कुल गलत है और असहनीय है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता यह संकल्प लें कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की ही सरकार बनानी है और राहुल गांधी, तेजस्वी यादव के सपनों को पूरा नहीं होने देना है। मौके पर भाजपा जिला प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, लोजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह, हम जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## एनआईआरएफ 2025 में मुक्त विश्वविद्यालय श्रेणी में इग्नू प्रथम, औरंगाबाद के स्टडी सेंटर में खुशी का माहौल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त



विश्वविद्यालय (इग्नू) ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2025 में मुक्त विश्वविद्यालय श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद स्थित इग्नू स्टडी सेंटर 05200 में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सह इग्नू स्टडी सेंटर निदेशक डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि इग्नू भारत में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में संचालित इग्नू केंद्र का लाभ हजारों छात्र-छात्राओं ने उठाया है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि इग्नू का स्पष्ट मिशन है-सभी को, हर जगह, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना। उन्होंने बताया कि स्टडी सेंटर 05200 से स्नातकोत्तर समाजशास्त्र, हिन्दी, स्नातक इतिहास, उर्दू, अर्थशास्त्र, राजनीतिक शास्त्र, डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट और सर्टिफिकेट इन आईटी सहित कई पाठ्यक्रमों में नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। आने वाले समय में अन्य विषयों में भी दूरस्थ शिक्षा माध्यम से पठन-पाठन शुरू होगा। इस अवसर पर प्राचार्य ने इग्नू के निदेशक, उपनिदेशक और सभी कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में इग्नू के निरंतर प्रयासों और गुणवत्ता का परिणाम है।

## पूर्व सांसद सुशील सिंह ने किया आधुनिक लाइब्रेरी का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की जिला इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ औरंगाबाद के द्वारा प्रियव्रत पथ स्थित भगवती नारी जागरण केंद्र, मानमति मानस में निःशुल्क आधुनिक लाईब्रेरी का शुभारंभ रविवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने किया। इस लाईब्रेरी के प्रत्येक स्टडी टेबल पर माँ गायत्री की देवस्थापना एवं गायत्री मंत्र को रखा गया है ताकि जब कभी मन निराशा के आसपास भटके तो उनको उस समय आध्यात्मिक और दैवीय शक्ति मिले ताकि वो मानसिक रूप से स्वस्थ हो सके। इस लाईब्रेरी में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के 3200 साहित्यों एवं अन्य महापुरुषों की जीवनी साहित्य को छात्रों को निःशुल्क पढ़ने के लिए दिया गया है, जिससे हमारे समाज के



एक ऽ एक युवा भाई-बहन को व्यक्तिगत और सामाजिक विकास सुनिश्चित करना है। प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क पुस्तकें, न्यूजपेपर और मैगनीज यहां पढ़ने वाले छात्रों के लिए उपलब्ध रहेगा। यहां पढ़ने वाले छात्रों के चारित्रिक, नैतिक, मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए प्रत्येक रविवार को सुबह में निःशुल्क मोटीवेशनल सेमीनार का आयोजन किया जाता है। वहीं प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, औरंगाबाद के द्वितीय वर्षगांठ पर पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए और शहर के प्रदूषण कम करने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 1000 से अधिक लोगों ने फलदार पेड़-पौधा और फूल लगाया। पेड़-पौधे हमारे जीवन के अभिन्न अंग है जिनके वजह से इंसान जीवन शक्ति प्राप्त कर रहा है, इनकी देखभाल करना मनुष्य का कर्तव्य है।

## देसी कट्टा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारून पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने तीन देसी कट्टा व 15 जिंदा कारतूस के साथ दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों की पहचान थाना क्षेत्र के कोचाढ़ निवासी सूर्यदेव पासवान के पुत्र विकाश कुमार एवं दाउदनगर थाना क्षेत्र के गोला रोड निवासी शहलाल के पुत्र मो. तौकीर के रूप में की गई है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में रविवार को थाना क्षेत्र के सोननगर रेलवे कॉलोनी में छापेमारी की गई। फ्लैट की तलाशी में 3 देसी कट्टा, 15 जिंदा कारतूस और 2 मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। आशंका जतायी जा रही है कि ये अपराध की योजना बना रहे थे। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रो. विनोद कुमार सिंह

अनुग्रह स्मारक कॉलेज औरंगाबाद (बिहार)

## समाज के मार्गदर्शक भी हैं शिक्षक : निदेशक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विवेकानंद विज़न आइडियल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, उपाध्यक्ष मो. एहसान, निदेशक डॉ शंभूशरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स, रेडक्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, डॉ शोभा रानी, डॉ कुमारी शशि, राघव सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और डॉ राधा कृष्णन एवं विवेकानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया। छात्रों के कजरी, बारहमासा, बाल गीतों पर नृत्य को लोगों ने उन्मुक्त कंठों से सराहा। निदेशक डॉ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। जिस प्रकार एक घर को मजबूती और स्थिरता तभी



मिलती है जब उसकी नींव मजबूत हो। उसी प्रकार कोई छात्र अपने जीवन में सफल तभी होता है जब उसके पास उसके गुरु का आशीर्वाद और साथ हो। जीवन गुरु का साथ होना ही आपको अर्जुन की भांति लक्ष्यभेदी बना सकता है। उन्होंने ज्ञान के साथ-साथ विवेक के प्रयोग पर जोर देने की बात कही। छात्रों की प्रतिभा को उन्होंने उन्मुक्त कंठों से सराहा। चेयरमैन मनीष वत्स ने कहा कि शिक्षक का कार्य बड़ा चुनौतीपूर्ण है। उन्हें बदलते युग के अनुसार स्वयं को ढालना होता है। गुरु अपने शिष्यों को जीवन को आकार देते हैं। जिस प्रकार खाली कच्ची मिट्टी को कुम्भकार आकार देकर उससे सुंदर वस्तुएं बनाता है और उस मिट्टी की कीमत कई गुणा ज्यादा तक बढ़ जाती है, उसी प्रकार गुरु अपने शिष्य के जीवन को आकार देकर उसकी कीमत को बढ़ाता है। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्रों की प्रतिभा की उन्मुक्त कंठों से सराहा कहा कि हम सभी जब मिलकर कार्य करेंगे तभी एक समृद्ध और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते है। सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा। छात्रों ने मनमोहक नवदुर्गा नृत्य नाटिका, राधा गोरी-गोरी, जंगल के रखवाले आदिवासी सहित कई हास्य, पारंपरिक और आंचलिक संस्कृति को दर्शाता, शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया। छात्रों ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, चालकों को उपहार दे सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनिता सिंह, देव थानाध्यक्ष कुमार सौरभ, राहुल कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहें।

## संपत्ति विवाद को लेकर मारपीट, तीन जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अंबा थाना क्षेत्र के संडा गांव में संपत्ति विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में पति मंटू साव, पत्नी मुनिता देवी और बेटी गोल्डी कुमारी शामिल है। मंटू साव ने बताया कि हमलोग फिलहाल अपने नाना के घर संडा में रहते हैं। नाना भूरा साव ने ही मेरा लालन-पालन किया है। मौत से पहले नाना ने संपत्ति का बंटवारा कर दिया था। मेरे भाई पिंटू को भी हिस्सा दिया था। इसी संपति को लेकर भाई से अक्सर विवाद होता था। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मारपीट की जानकारी मिली है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आवेदन या फर्द बयान मिलने के बाद मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आर्म्स एक्ट सहित अन्य अपराधों में 45 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 45 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आर्म्स एक्ट में 2, हत्या के प्रयास में 1, अवैध खनन में 1, शराब के शीर्ष कांडों में 1 एवं अन्य शीर्ष कंाड में 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 678 वाहनों की जांच की गई जिसमें 11000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। वारंट निष्पादन की संख्या 8, कुर्की निष्पादन की संख्या 1 है। 132 लीटर देसी शराब , 3 देसी कट्टा, 15 जिंदा कारतूस, 2 मोबाइल एवं 1 ट्रैक्टर बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। एसपी कि माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके, उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR



राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस
(08 सितम्बर, 2025)

संदेश

शिक्षा के महत्व को जन–जन तक पहुँचाने तथा निरक्षरों को साक्षर करने के प्रति सभी को अपनी जिम्मेदारियों से परिचित कराते हुए उनके निर्वहन हेतु जागरुक करने के लिए प्रतिवर्ष 08 सितम्बर को ''अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस'' मनाया जाता है।

बिहार में विगत कई वर्षों से महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक, अतिपछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष अभियान **'अक्षर आँचल योजना'** चलायी जा रही है और इसके माध्यम से विशेष रुप से अभिवंचित समुदाय की महिलाओं को साक्षर एवं जागरुक बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से विद्यालयों में लक्षित वर्गों के बच्चों का छीजन कम हुआ है। साथ ही, राज्य में महिला साक्षरता दर में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। किन्तु, अभी भी इस दिशा में और अधिक प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के इस अवसर पर हम सभी मिलकर निरक्षरता उन्मूलन का संकल्प लें एवं बिहार को संपूर्ण साक्षर बनाने में अपना रचनात्मक सहयोग प्रदान कर इसे सफल बनायें।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-013505 (Educationi) D. 2025-26

बिहार सरकार

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस
(08 सितम्बर, 2025)

अपील

असाक्षरों को साक्षर करने के प्रति सभी को अपने जिम्मेदारियों को समझने एवं उनके निर्वहन हेतु जागरुक करने के लिए प्रतिवर्ष 08 सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम सब 59 वाँ अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मना रहे हैं।

बिहार में सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उन्नयन के लिए पूर्ण साक्षरता अतिआवश्यक है। राज्य में साक्षरता एवं शिक्षा के दृष्टिकोण से विशेष रुप से वंचित समुदायों की महिलाओं को साक्षर करने के लिए महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आँचल योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना से महिला साक्षरता दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023–24 में **9,69,861 निरक्षर** महिलाओं को साक्षर किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राज्य की जनता एवं सभी वर्गों, यथा–लेखकों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं एवं पढ़े–लिखे लोगों से मेरी अपील है कि बिहार को सम्पूर्ण साक्षर बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

(सुनील कुमार)
मंत्री, शिक्षा विभाग

PR. No. 013506 (Education)D. 2025-26